ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 11°C

मेरठ, शुक्रवार 27 फरवरी 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 268 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 9 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## नौवां रोज़ा

### ज़कात का ज़ेवर है नौवां रोज़ा

इस्लाम मजहब में ज़कात की बड़ी अहमियत है। कुरआने-पाक के पहले पारे में अल्लाह का इरशाद है, और नमाज कायम रखो और ज़कात दो और रुकूअ करने वालों के साथ रुकूअ करो। ज़कात, दोस्ती का दस्तावेज तो है ही, रोज़े का ज़ेवर भी है। ज़कात का ज़ेवर रोज़े की ज़ैब-ओ-ज़ीनत बढ़ाता है। ज़कात में दिखावा नहीं होना चाहिए। ज़कात का दिखावा, 'दिखावे' की ज़कात बन जाएगा। दिखावा शैतानियत का निशान है, इंसानियत की पहचान नहीं। रोज़ा पाकीज़गी का परचम और इंसानियत का हमदम है। इसलिए इंसानियत भी। रूहानियत की ताकत है रोज़ा, रोज़े की ताकत है ज़कात। हजरत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फर्माया, रोज़ा रखते हुए शख्स को बुरी बात कहने से बचना चाहिए, यह भी ज़कात है।

# एनसीईआरटी की पुस्तक के पुनर्मुद्रण व डिजिटल प्रसार पर पूर्ण रोक

## सुप्रीम कोर्ट ने प्रचलन में मौजूद सामाजिक विज्ञान की किताबों की प्रतियों को तुरंत जब्त करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की उस पाठ्यपुस्तक के पुनर्मुद्रण और डिजिटल प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है, जिसमें न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का संदर्भ दिया गया था।

न्यायालय ने प्रचलन में मौजूद किताबों की प्रतियों को तुरंत जब्त करने का निर्देश दिया और इस संबंध में दो सप्ताह के भीतर अनुपालन रिपोर्ट मांगी। न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि यह एनसीईआरटी के निदेशक और उन सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी, जहां यह किताब पहुंची है। उन्हें अपने परिसर में मौजूद किताब की सभी प्रतियों को तुरंत जब्त कर सील करना होगा। शीर्ष अदालत ने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि संबंधित पुस्तक के आधार पर छात्रों को कोई निर्देश या शिक्षा न दी जाए। सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को इस आदेश का पालन करने और दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट भेजने को कहा गया है। शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी कि इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों या बदले हुए शीर्षकों के जिरए इस आदेश का उल्लंघन करने की किसी भी कोशिश को अदालत की अवमानना और निर्देशों की सीधी अवहेलना माना जाएगा। इससे पहले बुधवार को मुख्य न्यायाधीश ने पुस्तक की सामग्री पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था कि वह किसी को भी संस्था को बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के नेतृत्व वाली पीठ ने इसे न्यायपालिका के खिलाफ एक गहरी साजिश करार दिया।



### एनसीईआरटी मामले में न्यायपालिका के आदेश का पालन किया जाएगा : धर्मेन्द्र प्रधान

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक विवाद पर कहा कि सरकार न्यायपालिका का पूरा सम्मान करती है और उच्चतम न्यायालय के सभी निर्देशों का पालन किया जाएगा। श्री प्रधान ने उच्चतम न्यायालय के एनसीईआरटी की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक के पुनर्मुद्रण और डिजिटल प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश पर गुरूवार को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम न्यायपालिका का पूरा सम्मान करते हैं। न्यायपालिका ने जो भी कहा है, हम उसका पूरा पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि जो भी हुआ है, उससे मैं दुखी हूं, और मैं इस पर अफसोस जताता हूं।

### युवा कांग्रेस ने संगठन के नेताओं की रिहाई के लिए किया सत्याग्रह

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब तथा संगठन के अन्य कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में युवा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को यहां शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया। युवा कांग्रेस के प्रवक्ता वरुण पांडे ने गुरुवार को बताया कि सत्याग्रह में देश भर से आए युवा कांग्रेस कार्यकर्ता और राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य तथा युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शामिल हुए। श्री पांडे ने बताया कि सत्याग्रह में कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव आदि शामिल हुए।




# इजरायल में भारतीय UPI चलेगा

## मोदी-नेतन्याहू की बैठक में समझौता, पीएम मोदी बोलेः जल्द फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करेंगे

**तेल अवीव।** प्रधानमंत्री मोदी इजरायल दौरे के दूसरे दिन सबसे पहले यरूशलम के होलोकास्ट मेमोरियल 'याद वाशेम' पहुंचे। यहां उन्होंने हिटलर के नाजी शासन में मारे गए 60 लाख यहूदियों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद इजरायली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मुलाकात की। इस दौरान इसाक ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी है, जो पूरी दुनिया का ध्यान खींच रही है।

वहीं, पीएम मोदी ने इजरायली राष्ट्रपति को भारत आने का न्योता दिया। फिर पीएम मोदी और इजरायली पीएम नेतन्याहू ने द्विपक्षीय मीटिंग के बाद जाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान बताया गया है कि इजरायल में भी अब भारत का यूपीआई पेमेंट सिस्टम चलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत जल्द इजरायल के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) करेगा। मोदी बुधवार को इजरायल पहुंचे थे। नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया था। इसके बाद पीएम मोदी ने इजरायली संसद नेसेट को भी संबोधित किया। उन्हें संसद का सर्वोच्च सम्मान 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' दिया गया। मोदी नेसेट को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। मोदी ने इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू और वहां की जनता का गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए धन्यवाद दिया। नेसेट (इजरायली संसद) से मिले सम्मान को उन्होंने 140 करोड़ भारतीयों और भारत-इजरायल दोस्ती को समर्पित किया। कहा कि दोनों देशों के रिश्ते भरोसे, लोकतंत्र और इंसानी मूल्यों पर बने हैं। अब इस रिश्ते को स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप का दर्जा देने का फैसला हुआ है। यह दोनों देशों के लोगों की उम्मीदों को दर्शाता है। दोनों देश व्यापार और निवेश बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। जल्द ही फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पूरा करने की कोशिश होगी। एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी और जरूरी खनिज जैसे क्षेत्रों में साथ काम होगा। इजरायल में यूपीआई इस्तेमाल के लिए समझौता हुआ है। रक्षा, अंतरिक्ष और ऊर्जा सहयोग- रक्षा क्षेत्र में दोनों दोशों का भरोसेमंद सहयोग है, जिसे और बढ़ाया जाएगा। जाइंट डेवलपमेंट, प्रोडक्शन और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर काम होगा। सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और स्पेस सेक्टर में भी साझेदारी बढ़ेगी। किसानों और गांवों के लिए नई पहल- कृषि क्षेत्र में दोनों देशों का सहयोग पहले से सफल रहा है। भारत में इजरायल की मदद से बने सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस की संख्या 100 तक बढ़ाई जाएगी। गांव-गांव तक नई खेती तकनीक पहुंचाने के लिए 'विलेज ऑफ एक्सीलेंस' बनाए जाएंगे। इससे किसानों की आय और उत्पादन बढ़ेगा। भारतीय कामगारों ने इजरायल में मेहनत से भरोसा जीता है। अब सहयोग को कामर्स और सर्विस सेक्टर तक बढ़ाया जाएगा। युवाओं और रिसर्चर्स को जोड़ने के लिए इंडिया-इजरायल अकादमिक फोरम बनेगा। वैश्विक मुद्दों पर साझेदारी- दोनों देशों ने आईएमईसी कॉरिडोर और आई2यू2 ग्रुप जैसे प्रोजेक्ट आगे बढ़ाने पर चर्चा की।



- इजरायल आना मेरे लिए गर्व की बात: मोदी
- भारत और इजरायल के बीच 16 एमओयू हुए साइन
- फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर बातचीत का पहला दौर पूरा

### पीएम मोदी इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फालोअर्स वाले पहले नेता

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन, यानी 10 करोड़ फालोअर्स हो गए हैं। इस प्लेटफॉर्म पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे दुनिया के पहले लीडर और पालिटिशियन बन गए हैं। पीएम मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे। यहां उनके अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प से दोगुने से भी ज्यादा फालोअर्स हैं। ट्रम्प 43.2 मिलियन फालोअर्स के साथ दूसरे नंबर पर हैं। दुनिया के 5 बड़े लीडर्स के कुल फालोअर्स की संख्या मोदी के अकेले फालोअर्स की संख्या से कम है। ट्रम्प के बाद इंडोनेशिया के प्रेसिडेंट प्रबोवो सुबियांटो 15 मिलियन फालोअर्स का नंबर आता है। ब्राजील के प्रेसिडेंट लूला 14.4 मिलियन फालोअर्स के साथ चौथे नंबर पर हैं। तुर्की के प्रेसिडेंट एर्दोगन के 11.6 मिलियन फालोअर्स हैं। पीएम मोदी ने बुधवार देर रात इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन फालोअर्स का आंकड़ा छुआ। 2025 में पीएम मोदी के फालोअर्स 95 मिलियन हुए। इसकी के साथ उनका अकाउंट ग्लोबल इन्फ्लुएंसर्स अकाउंट्स की लिस्ट में जोड़ा गया। उनकी पोस्ट को लाखों-करोड़ों लाइक्स मिलना आम बात हुई।

# मियां मुसलमान विवाद पर असम सीएम को हाईकोर्ट का नोटिस

गुवाहाटी, वार्ता

**असम के मुख्यमंत्री** हिमंता बिस्वा सरमा के मियां मुसलमान वाले बयान पर गुवाहाटी हाइकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। ये नोटिस राज्य में माइनॉरिटी कम्युनिटी के खिलाफ हेट स्पीच देने से रोकने के लिए निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के बाद जारी किया गया।

याचिका में कहा गया था कि सीएम सरमा के हेट स्पीच के वीडियो वायरल होने के बावजूद, असम पुलिस ने खुद से एफआईआर दर्ज नहीं की है। इसमें दावा किया गया है कि सीएम के खिलाफ कार्रवाई न करने से सजा से बचने का माहौल और डरावना असर होता है। असमिया स्कॉलर डा. हिरेन गोहेन और दो अन्य लोगों ने इसे दायर किया था। इस महीने की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट ने पिटीशनर्स से कहा था कि वे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएं। मामले की सुनवाई के बाद, चीफ जस्टिस आशुतोष कुमार और जस्टिस अरुण देव चौधरी की डिवीजन बेंच ने केंद्र सरकार, असम सरकार, डीजीपी और मुख्यमंत्री को नोटिस जाकी किया। कोर्ट ने अंतरिम राहत की अर्जी पर भी नोटिस जारी किया। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस स्टेज पर भाजपा को नोटिस जारी करना जरूरी नहीं है। एक पिटीशनर की ओर से पेश हुए सीनियर वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि इस व्यक्ति के काम की एक जैसी, लगातार और आदतन प्रकृति को देखिए। वह अपने पद की शपथ और आर्टिकल 14, 15 के हर जाने-माने नियम, प्रस्तावना के शब्दों, सेक्युलरिज्म और भाईचारे और बीएनएस के नियमों का उल्लंघन कर रहा है। सिंघवी ने कहा कि जब कोई पब्लिक ऑफिस की शपथ लेता है, खासकर राज्य का सीएम, तो ऐसे मामले मंजूर नहीं हैं। सिंघवी ने 2023 में छत्तीसगढ़ में सरमा की एक कथित टिप्पणी का जिक्र किया।

**याचिका में हिमंता को हेट स्पीच देने से रोकने की मांग की गई थी, कोर्ट ने केंद्र और असम डीजीपी को भी नोटिस भेजा**



# दिल्ली हाईकोर्ट का सैनिकों के हक में फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि सशस्त्र बलों के कर्मियों की दिव्यांगता पेंशन को सिर्फ यह कहकर नहीं रोका जा सकता कि बीमारी 'लाइफस्टाइल डिसऑर्डर' है या वह पीस एरिया में तैनाती के दौरान हुई।

हाईकोर्ट ने कहा कि गैर-ऑपरेशनल क्षेत्रों में भी सैन्य सेवा तनावपूर्ण होती है और इससे गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। बता दें कि सेना में 'पीस पोस्टिंग' का मतलब है कि सैनिक या अधिकारी की पोस्टिंग बॉर्डर पर नहीं बल्कि शांत और सुरक्षित शहरों या छावनियों में होती है। जस्टिस वी. कामेश्वर राव और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की डिवीजन बेंच ने आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल (एएफटी) के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें भारतीय वायुसेना के रिटायर्ड अधिकारी की दिव्यांग पेंशन याचिका खारिज कर दी गई थी। वे हाई ब्लड प्रेशर (हाइपरटेंशन) और कोरोनरी आर्टरी डिजीज से पीड़ित हैं। कोर्ट ने साफ कहा कि यह मायने नहीं रखता कि बीमारी फील्ड एरिया में हुई या पीस पोस्टिंग में।

- कहा: लाइफस्टाइल डिसऑर्डर बताकर दिव्यांगता पेंशन नहीं रोक सकते, सैन्य सेवा हर परिस्थिति में तनावपूर्ण

### अजित पवार प्लेन क्रैश: भतीजे रोहित व योगेंद्र बारामती पहुंचे

**बारामती।** महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार के प्लेन क्रैश मामले में अजित के दोनों भतीजे रोहित और योगेंद्र पवार गुरुवार सुबह बारामती पहुंचे। यहां दोनों ने बारामती ग्रामीण पुलिस थाने पहुंचकर क्रैश मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और एयरक्राफ्ट कंपनी वीएसआर के खिलाफ एफआईआर की मांगी की। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-एससीपी) के विधायक रोहित पवार ने थाने से बाहर आकर कहा कि हमारी पुलिस के साथ 2 घंटे बातचीत हुई, पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है।

# ईडी ने तीन करोड़ से अधिक की अचल संपत्ति की कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक मामले में 3.35 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है। ईडी के नागपुर उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सचिन शत्रुघ्न पांडे और उनके परिवार के सदस्यों की कुर्क की गई संपत्तियों में तीन व्यावसायिक दुकानें और दो भूखंड शामिल हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 10.37 एकड़ है। पीएमएलए जांच नागपुर के धंतोली और सीताबल्डी पुलिस स्टेशनों में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत सचिन शत्रुघ्न पांडे और उनके सहयोगियों के खिलाफ उनकी कथित आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के लिए दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू की गई थी। जांच में यह खुलासा हुआ कि सचिन शत्रुघ्न पांडे और उनकी पत्नी श्रीमती खुशी सचिन पांडे ने नागपुर में दो संपत्तियों में कोई हिस्सेदारी न होने के बावजूद, उन संपत्तियों को 2.5 करोड़ रुपये में बेचने के लिए शिकायतकर्ता अमित कोठारी के साथ जानबूझकर समझौता किया और 2-2 करोड़ रुपये नकद प्राप्त किए। बाद में जब शिकायतकर्ता के पक्ष में संपत्तियों को स्थानांतरित करने वाला बिक्री विलेख (डीड) निष्पादित नहीं किया गया, तो आरोपियों ने समझौता किया।

- जब्त संपत्ति में तीन व्यावसायिक दुकानें और दो भूखंड शामिल

**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177



## संक्षिप्त समाचार

### मानव सम्पदा पोर्टल पर संपत्ति का विवरण न देने वाले कर्मचारियों को 10 तक मौका

**लखनऊ।** मानव सम्पदा पोर्टल पर सम्पत्ति का विवरण न देने वाले 47 हजार 816 कर्मचारियों को राहत देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने अंतिम मौका दिया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल की तरफ से गुरुवार को सभी एसीएस और प्रमुख सचिवों सहित विभागा ध्यक्षों और मण्डलायुक्तों को आदेश जारी कर 10 मार्च तक अपलोड कराने के निर्देश दिया हैं। कर्मचारियों को 31 जनवरी तक सम्पत्ति का विवरण देना था। गोयल द्वारा जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित अवधि तक संपत्ति का विवरण दर्ज न करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। ऐसे कर्मचारियों की पदोन्नति पर विचार नहीं किया जाएगा, उन्हें एसीपी का लाभ नहीं मिलेगा तथा विदेश यात्रा और प्रतिनियुक्ति के लिए विजिलेंस क्लियरेंस भी नहीं दी जाएगी।

### उप्र के हर जिले में विकसित होंगे मॉडल तालाब

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने तालाबों के पर्यावरणीय और सामाजिक महत्व को पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से प्रदेश के प्रत्येक जिले में 100-100 तालाबों को 'मॉडल तालाब' के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण समुदाय के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इन मॉडल तालाबों को ग्रे वाटर और प्लास्टिक अपशिष्ट से मुक्त बनाया जाएगा। इससे जल की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा मच्छरजनित रोगों में कमी आने की उम्मीद है। ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब जल संचयन, भूजल रिचार्ज, सिंचाई, जैव विविधता संरक्षण और सामाजिक गति. विधियों के केंद्र रहे हैं।

# मोदी ने किया इजरायल का खुला बचाव: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेल अबीव में इजराइल की संसद में बुधवार को दिए अपने भाषण पूरी तरह से इजरायल का बचाव किया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां एक बयान में कहा कि इजरायल की संसद कनेसेट में मोदी में जो भी बात कही उसमें इजरायल का बचाव था।

कांग्रेस मांग करती रही है कि इजरायली संसद में मोदी गाजा में हुए नरसंहार का मुद्दा भी उठाएं। रमेश ने कहा ष्कल कनेसेट में दिए गए अपने संबोधन में-जो उनके मेजबान का खुला बचाव था। मोदी ने इस तथ्य पर ध्यान दिलाया कि जिस दिन उनका जन्म हुआ था, उसी दिन भारत ने इजरायल



को एक नए राष्ट्र के रूप में मान्यता दी थी। कांग्रेस नेता ने इजरायल की स्थापना को लेकर विस्तृत विवरण देते हुए बताया कि 13 जून 1947 को अल्बर्ट आइंस्टीन ने इजरायल की स्थापना के विषय पर जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखा था। एक महीने बाद नेहरू ने आइंस्टीन को उसका उत्तर दिया। 5 नवम्बर 1949 को दोनों की मुलाकात प्रिसटन स्थित आइंस्टीन के घर पर हुई थी। नवम्बर 1952 में आइंस्टीन को इजरायल के राष्ट्रपति पद का प्रस्ताव दिया गया था, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया।

### नेहरू ने देश के हितों के साथ कई बार किया था समझौता: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू पर देश के हितों के साथ कई बार समझौता करने का आरोप लगाया और कांग्रेस और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा। पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राहुल गांधी पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि श्री गांधी द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा कंप्रोमाइज्ड (समझौता) शब्द गलत है। असल में देश को कमजोर करने वाले फैसले नेहरू के शासन काल में लिए गए थे।

# कांशीराम के नाम पर राजनीति कर रही है सपा: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी द्वारा बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती को 'पीडीए दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा पर बहुजन समाज पार्टी ॿबसपाॾ की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने तंज कसते हुए कहा कि सपा का चाल, चरित्र और चेहरा हमेशा से ही दलितों, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और बहुजन समाज विरोधी रहा है। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- कांशीराम की जयंती पर 'पीडीए दिवस' मनाने की घोषणा सपा की शुद्ध राजनी. तिक नाटकबाजी है और यह बहुजन समाज के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास मात्र है। सपा का इतिहास दलितों और कमजोर वर्गों के साथ अन्याय-अत्याचार से भरा रहा है। उन्होंने 1993 के सपा-बसपा गठबंधन और 2 जून 1995 के लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड का उल्लेख करते हुए कहा कि वह घटना बहुजन समाज के सम्मान पर सीधा हमला थी, जो इतिहास में दर्ज है और जिसे भुलाया नहीं जा सकता। बसपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि सपा सरकारों ने



कांशीराम की जयंती को 'पीडीए दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा पर दी तीखी प्रतिक्रिया

कांशीराम और बहुजन महापुरुषों के सम्मान में किए गए कई कार्यों को बदलने या समाप्त करने का काम किया। उन्होंने कहा कि बसपा सरकार द्वारा कांशीराम नगर, संत रविदास नगर और कांशीराम के नाम पर स्थापित संस्थानों के नाम सपा सरकार ने बदल दिए, जो बहुजन समाज के साथ विश्वासघात है। मायावती ने यह भी आरोप लगाया कि सपा ने मुस्लिम समाज के साथ भी वादाखिलाफी की और अपने शासनकाल में साम्प्रदायिक दंगों को रोकने में असफल रही। उन्होंने कहा कि सपा और भाजपा एक-दूसरे की राजनीति को मजबूत करने का काम करती रही हैं, जिससे प्रदेश की जनता को नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि सपा को यह जवाब देना चाहिए कि कांशीराम के निधन के बाद उन्हें उचित राजकीय सम्मान क्यों नहीं दिया गया।

### बसपा विधायक की कंपनी पर आयकर की छापामार कार्रवाई

**कौशांबी।** बहुजन समाज पार्टी विधायक उमाशंकर सिंह की कंपनी छात्रशक्ति इंफ्रा लिमिटेड के कार्यालय पर बुधवार को आयकर विभाग के अधिकारियों ने छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई कई घंटे तक चलती रही। सूत्रों के अनुसार सराय अकिल थाना क्षेत्र के जयंतीपुर गांव में उमाशंकर सिंह का गिट्टी और बालू मिक्सिग प्लांट संचालित है, जिसकी देखरेख प्रोजेक्ट मैनेजर वरुण सिंह करते हैं। बताया गया है कि कौशांबी बौद्ध स्थल तक 42 किलोमीटर सड़क निर्माण का टेंडर उनकी कंपनी को मिला हुआ है। बुधवार को आधा दर्जन वाहनों से पहुंचे आयकर विभाग के अधिकारियों ने जयंतीपुर स्थित प्लांट और संबंधित कार्यालय में गहन छानबीन की।

## जीवन बचाने के लिए सरकार सुरक्षा कारणों की गहनता से पड़ताल कर रही

# शराब पीकर गाड़ी चलाने पर ड्राइविंग लाइसेंस होगा रद्द

**नई दिल्ली, वार्ता**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में हर साल लाखों लोगों का जीवन बचाने के लिए सरकार सुरक्षा कारणों की गहनता से पड़ताल कर रही है और इसमें रोड इंजीनियरिंग, आटोमोबाइल इंजीनियरिंग, सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करते हुए शिक्षा तथा जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

गडकरी ने गुरुवार को यहां हैबिटेट सेंटर में सीआईआई के तत्वावधान में आयोजित 'नेशनल कन्क्लेव ऑफ रोड सेफ्टी' विषय पर अपने विचार पेश करते हुए गुरुवार को कहा कि देश में हर साल लाखों लोगों की जान सड़क दुर्घटनाओं में जाती है और उसे बचाना आवश्यक है इसलिए सड़क इंजीनियरिंग के साथ ही ड्राइविग लाइसेंस को लेकर सख्त



सड़क इंजीनियरिंग के साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस को लेकर सख्त रुख नियम बनाए जा रहे: नितिन गडकरी

रुख नियम बनाए जा रहे हैं। उनका कहना था कि शराब पीकर गाड़ी चलाने की घटनाएं ज्यादा होती हैं इसलिए इस नियम को ज्यादा सख्त किया जा रहा है और बार बार शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए पकड़े जाने पर लाइसेंस स्थाई रूप से रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ड्राइविग लाइसेंस को ग्रेड सिस्टम में बदला जा रहा है और बार बार गलती होने पर जैसे ही 12 ग्रेड पर पहुंचेगा लाइसेंस को निलंबित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि करीब पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं हर साल होती हैं, जिनमें 1 लाख 80 हजार लोगों की मृत्यु होती है। इनमें 72 प्रतिशत युवा होते हैं जिनकी उम्र 18 से 45 साल के बीच होती है जबकि 18 वर्ष से कम आयु के 10,119 बच्चों की मौत होती है। हेलमेट न पहनने के कारण 54,122 और सीट बेल्ट का उपयोग न करने से 14,466 लोगों की मृत्यु का आंकड़ा है। इसके अलावा तेज गति भी सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है और इससे 1.2 लाख लोगों की मौत होती हैं। गलत दिशा में गाड़ी चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, वाहन चलाते समय मोबा. इल फोन का उपयोग करना जैसे कई कारण सड़क दुर्घटनाओं के हैं। सड़क दुर्घटनाओं के चार प्रमुख कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें रोड इंजीनियरिंग में डीपीआर की गुणवत्ता में कमी भी एक कारण है इसलिए इसमें बदलाव लाया गया है और ठेकेदारों और डीपीआर कंपनियों की रेटिग तय कर दी गई है। इसी तरह ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में भारत एनसीएपी स्टार रेटिग लागू की गई है और किफायती मॉडलों में भी छह एयरबैग अनिवार्य किए गए हैं। उनका कहना था कि भारत में ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के मानक अब वैश्विक मानकों के बराबर हैं। इसके साथ ही बस बॉडी कोड को गत सितम्बर से लागू किया गया है और इसके तहत अब टाटा, अशोक लीलैंड और वोल्वो जैसी कंपनियां मानक के अनुसार बस बॉडी बनाएंगी।

### सड़क सुरक्षा कानून के पालन को सख्त करना जरूरी

गडकरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा कानून के पालन को सख्त करना जरूरी है। उनका कहना था कि कानून का डर रहेगा तो सड़क सुरक्षा बढ़ेगी। इसके तहत जुर्माना भी बढ़ाया गया है, लेकिन असली समस्या कानून का सम्मान और इसके प्रति डर की है। इसके लिए जन-जागरूकता आवश्यक है। साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस के लिए ग्रेडेड पॉइंट सिस्टम लाया जा रहा है, जिसमें 12 पॉइंट खत्म होने पर लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा। बार-बार शराब पीकर ड्राइविग करने पर लाइसेंस स्थाई रूप से रद्द होगा। उन्होंने सड़क सुरक्षा के लिए शिक्षा और जागरूकता को आवश्यक बताया और कहा कि दुर्घटनाएं कम करने के लिए बच्चों और युवाओं पर विशेष ध्यान देना होगा।

# एपस्टीन फाइल्स से ध्यान भटकाने की साजिश

**वाराणसी, वार्ता**

ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने आरोप लगाया है कि उनके खिलाफ झूठा मामला उछालकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित 'एपस्टीन फाइल्स' से ध्यान भटकाने की साजिश की जा रही है।

गुरुवार को मीडिया से बात. चीत में उन्होंने कहा कि शंक. राचार्य को बदनाम करने का कोई अवसर नहीं छोड़ा जा रहा है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि आखिर यह सब क्यों किया जा रहा है और स्वयं ही उत्तर देते हुए कहा कि देश की जनता को 'शंकराचार्य विवाद' में उलझाकर दुनिया भर में चर्चा में रही 'एपस्टीन फाइल्स' से ध्यान हटाने का प्रयास किया जा रहा है। आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जांच रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने पर उन्होंने आपत्ति जताते हुए कहा कि किसी कथित हिस्ट्रीशीटर द्वारा पुलिस जांच



रिपोर्ट साझा किया जाना गंभीर विषय है। उन्होंने सवाल किया कि क्या उत्तर प्रदेश पुलिस ने उन्हें अपना प्रवक्ता बना दिया है। मठ परिसर में 'शीशमहल' होने के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए शंकराचार्य ने कहा कि यदि परिसर में शीशे लगे हैं तो इससे पारदर्शिता ही बढ़ती है और कोई भी अंदर की स्थिति देख सकता है। उन्होंने कहा कि मठ में कुछ भी छिपा नहीं है और यदि सरकार के अधिकारी देखना चाहें तो कभी भी आ सकते हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 82225.92
**निफ्टी** 25424.65



**सोना** 160394
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 263917
प्रति किलो




# शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव, ऑटो और फार्मा सेक्टरों में लिवाली

**मुंबई, वार्ता**

ऑटो और फार्मा सेक्टरों में लिवाली के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को प्रमुख सूचकांकों में उतार.चढ़ाव देखा गया। बीएसई का सेंसेक्स सुबह के कारोबार में एक समय 303 अंक की बढ़त में था, लेकिन दोपहर बाद 305 अंक से ज्यादा उतर गया। अंत में यह 27. 46 अंक (0.03 प्रतिशत) टूटकर 82,248.61 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक उतार.चढ़ाव से होता हुआ अंत में 14. 05 अंक यानी 0.06 प्रतिशत ऊपर 25,496.55 अंक पर बंद होने में कामयाब रहा। मझौली कंपनियों में लिवाली का जोर रहा जबकि छोटी कंपनियों में बिकवाली अधिक देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.69 प्रतिशत चढ़ गया। निफ्टी स्मॉलकैप-50 सूचकांक में 0.01 प्रतिशत की गिरावट रही। ऑटो, सार्वजिनक बैंक, फार्मा, स्वास्थ्य और रसायन समूहों में ज्यादा तेजी रही। एफएमसीजी, मीडिया और



वित्तीय कंपनियों के सूचकांक लाल निशान में रहे। सेंसेक्स में बीईएल का शेयर करीब सवा दो प्रतिशत चढ़ गया। अडानी पोर्ट्स, सनफार्मा और मारुति सुजुकी के शेयर एक से दो प्रतिशत मजबूत हुए। भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, टाटा स्टील औरर आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी ऊपर रहे। ट्रेंट का डेढ़ प्रतिशत से अधिक टूट गया। इटरनल और पावरग्रिड के शेयर भी एक प्रतिशत से ज्यादा गिरे। एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस और आईटीसी और बजाज फिनसर्व के शेयर भी नीचे बंद हुए।

### दूरसंचार कंपनियों का तीसरी तिमाही का राजस्व 34 अरब डॉलर के पार: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में घरेलू दूरसंचार कंपनियों का राजस्व साल-दर-साल आठ प्रतिशत बढ़कर 34 अरब डॉलर (लगभग तीन लाख करोड़ रुपये) के पार पहुंच गया। पूंजी बाजार एवं निवेश समूह सीएलएसए की एक रिपोर्ट में भारतीय दूरसंचार प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के हवाले से कहा गया है कि तिमाही के दौरान भारती एयरटेल का राजस्व सालाना आधार पर नौ प्रतिशत और वोडाफोन आइडिया का दो प्रतिशत बढ़ा।

रिलायंस जियो के राजस्व में 11 प्रतिशत की सबसे मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। देश के दूरसंचार क्षेत्र के कुल राजस्व में इन तीनों कंपनियों की संयुक्त हिस्सेदारी 95 प्रतिशत रही। एक साल पहले के मुकाबले रिलायंस जियो की राजस्व हिस्सेदारी सबसे अधिक 123 आधार अंक (1. 23 प्रतिशत) बढ़कर 42.5 प्रतिशत हो गई। एयरटेल की राजस्व हिस्सेदारी (39 आधार अंक) बढ़कर 39-5 प्रतिशत पर पहुंच गई जबकि वोडाफोन आइडिया की हिस्सेदारी 83 आधार अंक घटकर 13-फीसदी रह गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि दूरसंचार क्षेत्र में रिलायंस जियो और एयरटेल का वर्चस्व आने वाले समय में और बढ़ेगा। क्षेत्र का राजस्व साल 2028 तक 3-7 लाख करोड़ रुपये (42 अरब डॉलर) पर पहुंचने की संभावना है।

# चावल, चीनी मजबूत, गेहूं के भाव टूटे, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी भी मजबूत हुई। गेहूं की कीमतों में गिरावट रही। दालों और खाद्य तेलों में उतार. चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये बढ़कर 3,852 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं का भाव छह रुपये घटकर 2,838 रुपये प्रति क्विंटल रहा। आटा भी सात रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मिश्रित रुख देखा गया। तुअर दाल की औसत कीमत 28 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 17 रुपये और मूंग दाल 12 रुपये मजबूत हुई। मसूर दाल की कीमत 15 रुपये और उड़द दाल की नौ रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 48 रिंगिट टूटकर 4,005 रिंगिट प्रति टन पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.84 प्रतिशत की गिरावट में 60.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में



मूंगफली तेल की औसत कीमत 70 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल भी 14 रुपये महंगा हुआ। सरसों तेल 42 रुपये और वनस्पति 16 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल आठ रुपये और सोया तेल चार रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव लगभग स्थिर रहे। चीनी चार रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7773.94 रुपये, मसूर काली 8071.73 रुपये, मूंग दाल 10131.52 रुपये, उड़द दाल 10700.33 रुपये, तुअर दाल 11173.76 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : गेहूं दड़ा 2838.24 रुपये और चावल 3852.21 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3299.89 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
– HEALTH WITH CARE –
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना लोकतंत्र का मूल आधार: राधाकृष्णन

**नई दिल्ली, वार्ता**

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि लोकतंत्र में दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना अपनी भावनाओं का सम्मान करना और इस तरह के आदान-प्रदान से राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है।

राधाकृष्णन ने गुरूवार को श्रीनगर में कश्मीर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालयों को भले ही बुनियादी ढांचे और अकादमिक उत्कृष्टता के लिए जाना जाता हो, लेकिन उनकी सच्ची विरासत उनके स्नातकों के चरित्र और योगदान में झलकती है। उन्होंने 1948 में स्थापित कश्मीर विश्व. विद्यालय की गौरवशाली विरासत और बढ़ते अकादमिक प्रभाव की



सराहना की। उन्होंने छात्रों से निरंतर अनुकूलन करने, नए कौशल हासिल करने और नवाचार को अपनाने का आग्रह किया। भारत के प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवप्रवर्तक के रूप में उभरने पर जोर देते हुए उन्होंने युवाओं को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप स्वदेशी नवाचारों को आगे बढ़ाने और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों जिनमें श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का विस्तार और चेनाब रेल पुल जैसी महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाएं शामिल हैं, उन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल नए अवसर पैदा करती हैं और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में श्रीनगर स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत देश का सबसे स्वच्छ शहर बनकर उभरेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र में दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना अपनी भावनाओं का सम्मान करना, और इस तरह के आदान-प्रदान से राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है। उपराष्ट्रपति ने युवाओं से नशे से दूर रहने और सोशल मीडिया का जिम्मेदारी पूर्वक उपयोग करने का आग्रह किया।

# रेल यात्रियों को विवादों में दावा करने की होगी ऑनलाइन सुविधा: वैष्णव

**नई दिल्ली, वार्ता**

रेल यात्रियों को यात्रा के दौरान हादसे, अनहोनी घटनाओं अथवा सामान के नुकसान या चोरी आदि के मामलों में क्षतिपूर्ति के दावों के लिए इलेक्ट्रानिक सुविधा मिलेगी जिससे कोई यात्री ऐसे किसी भी मामले में रेलवे दावा न्यायाधिकरण (आसीटी) के समक्ष कहीं से भी दावा कर सकेगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को 52 सप्ताह में 52 सुधार के संकल्प की दिशा में दो नए सुधारों की घोषणा की जिसमें रेल यात्रियों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और सूचना प्रौद्योगिकी आधारित दावे और निपटान की इलेक्ट्रानिक रेलवे दावा न्यायाधिकरण (ई-आरसीटी) की सुविधा शामिल है। रेलमंत्री ने आज घोषित दूसरे सुधार के अंतर्गत स्टार्टअप और नवप्रवर्तों को रेलवे के समक्ष यात्री सुरक्षा, संरक्षा, रेल-ट्रैक निगरानी आदि किसी भी महत्वपूर्ण विषय पर प्राद्योगिकी समाधान या विचार प्रस्तुत करने के लिए एक डिजिटल प्लेटफार्म- 'रेलटेक डिजिटल' का अनावरण किया।



रेल यात्रियों को यात्रा के दौरान घटना-दुर्घटना या रेलवे के साथ किराए अथवा अन्य विवाद के संबंध में कहीं से दावा करने की ई-आरसीटी सुविधा के बारे में श्री वैष्णव ने कहा कि आनलाइन दावे की सुविधा चरणबद्ध तरीके से 12 महीने में आरसीटी की सभी शाखाओं में लागू कर कर दिया जाएगा। इस प्रौद्योगिकी आधारित सुधार से आसीटी के देश भर में सभी 23 शाखाओं को दावों की प्रक्रिया और निस्तारण की डिजटलीकृत सुविधाएं कर दी जाएगी। इस अवसर पर आरसीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति कंवलजीत सिंह अहलुवालिया भी उपस्थित थे। उन्होंने इस पहल के लिए रेल मंत्री श्री वैष्णव को बधाई दी और कहा कि उनके पास सूचना प्रौद्योगिकी विभाग भी है जिसके चलते यह सुधार तेजी से होने जा रहा है । उनके नेतृत्व की प्रसंसा करते हुए श्री अहलुवालिया ने कहा कि एआई आधारित ईआरसीटी प्रणाली से रेलवे में लंबित दवों का तेजी से सामाधान करने में बड़ी मदद मिलेगी। रेलवे का कहना है कि ई-आरसीटी चौबीसों घंटे ई-फाइलिग और स्वचालित चेतावी के साथ दावों में तेजी, पारदर्शिता और नागरिक-केंद्रित डिजिटल प्रक्रिया सुनिश्चित करेगी। वैष्ण्व ने 'रेलटेक' डिटिटल प्लेटफार्म को को 'स्टार्ट द्वारा, स्टार्टअप के लिए खुला मंच बताते हुए कहा कि रेलटेक नीति का मसौदा स्टर्टअप इकाइयों ने ही बना कर दिया था। उन्होंने रेलटेक डिजिटल मंच को बटन दबा कर प्रारंभ करते हुए कहा कि यह सतत खुला रहेगा। इस वेबसाइट पर आप अपने विचार, प्रौद्योगिकी समाधार कभी भी प्रस्तुत कर सकते हैं। इससे पहले श्री वैष्णव ने 14 परवरी को देश के विभिन्न हिस्सों में 500 कार्गो टर्मिनल बनाने तथा बिना आरक्षण वाले डिब्बों में आरक्षित डिब्बों की तरह सफाई की व्यवस्था करने की घोषणा की थी। श्री वैष्णव ने संवाददाताओं से बात. चीत में कहा कि रेल टेक नीति के तहत एक रेल टेक वेबसाइट बनाई जाएगी, जहां कोई भी नवप्रवर्तक अपना आइडिया सीधे रेल मंत्रालय और सरकार के दो सकेगा। उन्होंने बताया कि यह नीति रक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी और बायोटेक क्षेत्र की सफल नीतियों से सीख लेकर तैयार की गई है। पूरी प्रक्रिया डिजिटल और उपभोक्ताओं के अनुकूल होगी। अच्छे सुझावाओं पर रेलवे आगे के काम के लिए 50 प्रतिशत तक वित्तीय सहायता देगा। वाणिज्य उपयोग के लिए रेलवे द्वारा चयनित तकनीकी समाधानों के लिए रेलवे बड़े आर्डर प्रस्तुत कर सकती है। इसके अलवा प्रौद्योगिकी विकासकरने वाली इकाइयां प्रौद्योगिकी-उत्पाद का निर्यात भी कर सकेंगी। रेल मंत्री ने कहा, ष्उदाहरण के लिए कोई इकाई हाथियों के ट्रैक पर आने के जोखिम की पूर्व सूचना देने वाला एआई आधारित तकनीकी उपाय प्रस्तुत कर सकती है तो कोई ट्रेन के डिब्बों में बिजली की तार गरम होने से आग के खतरे का एआई आधार अलर्ट विकसित कर सकती है। कोई हमें ड्रोन रेल लाइन में फैक्चर की निगरानी करने वाला समाधान दे सकता है। कुछ स्टार्टअप ऐसे समाधानों पर काम कर रहे हैं।

# स्कूल बस में छात्र की पिटाई का वीडियो वायरल, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लोहिया नगर क्षेत्र में स्कूल बस के अंदर एक छात्र की बेरहमी से पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। घटना के बाद पुलिस ने तीन नामजद आरो. पियों पर मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। बताया गया कि हापुड़ निवासी पीड़ित छात्र 25 फरवरी को शास्त्री नगर स्थित DAV स्कूल से सीबीएसई की 10वीं परीक्षा देकर बस से लौट रहा था। आरोप है कि गांव कली के पास तीन बाइक सवार युवकों ने बस रुकवाकर अंदर घुसकर छात्र को पीट दिया। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने छात्र की कनपटी पर तमंचा सटाकर गोली भी चलाई और फरार हो गए। घायल छात्र का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो को जांच में शामिल कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द उन्हे पकड़कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# जानी क्षेत्र में आए दिन ट्यूबवेलों में हो रही चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र लगातार पुलिसिया सिस्टम को सुधारने में लगे हैं लेकिन कहीं ना कहीं उनके ही सिपे सालार पुलिस का मनोबल गिराने में लगे हैं थाना प्रभारी ने सभी चौकी इंचार्ज को निर्देश दे रखे हैं कि अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि पेट्रोलिंग पर ध्यान दें लेकिन थाना प्रभारी के आदेशों को हवा हवाई कर रहे हैं। पिछले दिनों भोला झाल आदि गांव से ट्यूबवेल से चोरी हो रही हैं। क्षेत्र के गांव टिकरी किसान संदीप सुधीर राजपाल अजय अन्य किसानों के ट्यूबवेल पर से मोटर केबल स्टार्टर चोरी हो गई दिन निकलते ही जब किसान अपने खेत पर पहुंचे तो देखकर दंग रह गए। वहीं पुलिस ने जल्द खुलासा करने की बात कही है। किसानों का कहना है की आए दिन चोरी से किसान कमजोर हो रहा है बड़ी मेहनत से खेत में बुवाई करते हैं जिससे हमारे देश का हर व्यक्ति का अनाज से पेट पलता अगर ऐसा ही उनका नुकसान होता रहा तो वह कैसे सह पाएंगे।

# कलेक्शन एजेंट से लूट करने वाले परतापुर पुलिस ने दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** परतापुर थाना पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए कलेक्शन व्यापारी से हुई लूट का खुलासा किया है।

23 फरवरी को मुजक्कीपुर चौराहे से गांव की तरफ जाने वाली रास्ते से आरोपी यश आशीष ने कपिल और अभिनव के साथ मिलकर लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान एसपी सिटी ने बताया कि 25 फरवरी को इंस्टीट्यूट फॉर इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी कॉलेज के बगल वाले रास्ते से दोनों आरोपी यश और आशीष पुलिस को आते दिखाई दिए पुलिस ने उनको रो. कने का इशारा किया तो उन्होंने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उन्हे दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने लूट की घटना को कबूल किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटे हुए रूपये बरामद किये हैं जिसके बाद उन्हे जेल भेज दिया।

# अज्ञात महिला के बरामद शव का मवाना पुलिस ने किया खुलासा

## दुष्कर्म के मुकदमें में फंसाने की दे रही थी धमकी, चार गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को मवाना चौकी पर पुलिस को एक सूचना प्राप्त हुई थी की भगवती फार्म हाउस के पास स्थित सरसों व गेहूं के खेत की बाउंड्रीज के किनारे झाड़ी में एक अज्ञात महिला का शव पड़ा है सूचना के बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन आसपास के क्षेत्र के लोगों ने महिला को पहचानने से इंकार कर दिया। पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता के दौरान एसपी देहात ने बताया कि पुलिस के लिए यह चुनौती थी क्योंकि महिला के मुंह पर भी ज्वलनशील पदार्थ डालकर खराब किया गया था।

पुलिस इस घटना के खुलासे में जुट गई और उनको पता चला कि यह मामला होटल के पैसों के लेनदेन को लेकर है जिस महिला का शव मिला है उसका नाम अर्चिता अरोड़ा है और उसकी चंचल कुमार ने अपने साथी गुरमुख संदीप और विवेक के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि अर्चिता अरोड़ा के द्वारा उनका बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसा देने की धमकी दी गई थी जिससे डरकर उन्होंने यह कदम उठाया है उन्होंने एक षड़यंत्र रचते हुए अर्चिता अरोड़ा को कंबल से उसका मुंह दबाते हुए उसकी हत्या कर दी और हत्या के बाद शव की पहचान छुपाने के इरादे से मुंह पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से मेरठ बिजनौर हाईवे पर फेंक दिया था। पुलिस ने सभी आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया।

# इंस्टाग्राम और यूट्यूब अकाउंट को बेचने का झांसा देकर ठगी करने वाला दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना भावनपुर पुलिस ने साइबर सेल के साथ मिलकर अपनी संयुक्त कार्रवाई में इंस्टाग्राम यूट्यूब अकाउंट को बेचने का झांसा देकर ठगी करने वाला रिषभ खारी को गिरफ्तार किया है पुलिस लाइन में पत्रकारों से रूबरू कराते हुए भावनपुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि करीब 2 वर्ष पूर्व रिषभ खारी को यह आइडिया आया था कि वह इंस्टाग्राम आईडी यूट्यूब चैनल बेचने का स्टेटस लगाने लगा जब लोग उससे संपर्क करते थे तो वह उन्हें अलग-अलग रेट बताता था और उनसे अपने बार कोड पर पेमेंट कर लेता था पेमेंट रिसीव हो जाने के बाद उसके फोन नंबर को ब्लॉक कर देता था वह लोगों को अलग-अलग अपने नाम बताता था पिछले एक वर्ष से वही यह कार्य कर रहा है और लगभग 25 से 30 व्यक्तियों के साथ उसने ठगी कर तीन से चार लाख रुपए कमाए हैं। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पत्रकारों से समक्ष पेश किया।

# बेगमपुल मेट्रो स्टेशन की पार्किंग व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे विधायक अमित अग्रवाल

## एनसीआरटीसी व नगर आयुक्त के साथ सीओ ट्रैफिक भी रहे मौजूद





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम NCRTC के अधिकारियों, नगर आयुक्त एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों तथा सीओ ट्रैफिक के साथ नमो भारत बेगमपुल स्टेशन पर पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं सुदृढ़ बनाने के संबंध में निरीक्षण कर विस्तृत चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान बेगमपुल क्षेत्र में बढ़ते यातायात दबाव एवं आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सुनियोजित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। विधायक ने कहा कि नमो भारत स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके अतिरिक्त सड़क किनारे खड़े ठेले एवं रेहड़ी संचालकों के लिए एक व्यवस्थित वेंडिंग जोन विकसित करने का प्रस्ताव भी रखा गया, ताकि वे निर्धारित स्थान पर अपना व्यवसाय कर सकें और मुख्य सड़क पर यातायात निर्बाध रूप से संचालित हो सके। इससे ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ होने के साथ-साथ छोटे व्यापारियों को भी लाभ मिलेगा। इस दौरान भाजपा के कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों को जनहित में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि यातायात सुगमता और व्यवस्था बनाना सबसे बड़ा लक्ष्य रहेगा और यह जिम्मेदारी हमारी है ।

# किसानों के हितों के साथ विश्वासघात कर रही है भाजपाः अंकुश चौधरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिमखाना मैदान के सामने अपार चैंबर में आम आदमी पार्टी मेरठ किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष फुरकान त्यागी द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कमांडो ने कहा कि भाजपा का अमे. रिका के साथ की गई व्यापारिक डील भारतीय किसानों पर सीधा हमला है। यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बेरा. ेजगारी चरम पर है और भर्ती परीक्षाओं में लगातार पेपर लीक होना सरकार की नाकामी का प्रमाण है। जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार की ऊर्जा नीति भी देशा. हत के विरुद्ध है। भाजपा किसानों के हितों के साथ विश्वासघात कर रही है। पिछले लगभग 40 महीनों में रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदने के कारण भारत को लगभग 1 लाख 53 हजार करोड़ रुपये का लाभ हुआ। लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में आकर रूस से तेल न खरीदकर अमेरिका और वेनेजुएला जैसे देशों से महंगा तेल खरीदने की दिशा में बढ़ रहे हैं। अमे. रिका और वेनेजुएला से तेल मंगाने पर रिफाइनिंग और ट्रांसपोर्टेशन की लागत अधिक है, जिसका सीधा असर पेट्रोल-डीजल की कीमतों और महंगाई पर पड़ेगा। युथ विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन कपिल शर्मा भी रहे।

# चंडीगढ़ से सस्ती अंग्रेजी शराब लाकर यूपी की महंगी बोतलों में भरकर बेचने वाले पांच धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना टीपी नगर पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है पुलिस ने एक गैंग को गिरफ्तार किया है जिसके लीडर प्रदीप शर्मा ने बताया कि वह चंडीगढ़ से सस्ती अंग्रेजी शराब जो केवल यूटी चंडीगढ़ में बिक्री के लिए होती है से बड़े बेगों में भरकर चंडीगढ़ से मेरठ लाते हैं।

यहां पर मोबिन व कुछ अन्य लोगों के माध्यम से शराब की सप्लाई यूपी में बिकने वाली महंगी शराब की बोतलों में भरकर उन्हें महंगे दामों पर बेच दिया जाता हैं बोतल और ढक्कन की आपूर्ति दिलावर आदि करते हैं उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में एक शराब की दुकान पर काम करने वाला रविंद्र भी उनके गैंग का सदस्य है जो शराब को गाजियाबाद में फुटकर रैटों पर सप्लाई करता है। होली के अवसर पर इन लोगों के द्वारा भारी मात्रा में शराब की बिक्री की करने की योजना थी लेकिन समय रहते पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया पकड़े गए आरो. पियों में प्रदीप शर्मा, मोनू, रविंद्र, मो. बिन, दिलावर आदि रहे।

# शोभित का सांस्कृतिक महापर्व 'संगीतम 2026' आज से, मेरठ बनेगा उत्सवधर्मी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विवि द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव संगीतम 2026 ऊर्जा का उत्सव इस वर्ष अपनी 37 वर्षों की शैक्षणिक उत्कृष्टता के गौरव के साथ आज से 1 मार्च 2026 तक तीन दिवसीय भव्य आयोजन के रूप में संपन्न होगा।

मंच से मोहब्बत विषय पर आधारित यह महोत्सव रचनात्मकता, प्रतिस्पर्धा और सहयोग की अद्भुत अनुभूति के साथ परिसर जीवन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। अब तक 7000 से अधिक पंजीकरण प्राप्त हो चुके हैं, जिससे यह आयोजन ऐतिहा. सिक स्वरूप ले चुका है। शोभित विवि सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्र इस मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और 72 घंटों तक निरंतर उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक चेतना का वातावरण बना रहेगा। इस महोत्सव में बैंड प्रतियोगिता, समूह नृत्य संग्राम, एकल एवं युगल गायन, डिजिटल कला एवं अभिकल्प प्रदर्शनी, ई-खेल प्रतियोगिता, विधि आधारित खेल, मनोविज्ञान संबंधी प्रतियोगिताएं, खजाना खोज, मुखाकृति चित्रंकन तथा भव्य समापन उत्सव सहित अनेक आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विशेष आकर्षण के रूप में कवि सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें मशहूर शायर अजहर इकबाल, रविंदर कुमार सुकून, हिमांशी बबरा, बाल मोहन पांडेय, एल्मा हाशमी तथा यासिर इनाम जैसे प्रतिष्ठित कवि अपनी सशक्त रचनाओं से श्रोताओं को भाव-विभोर करेंगे। महोत्सव का भव्य समापन भारतीय संगीत जगत के सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक निखिल डिसूजा की सजीव प्रस्तुति से होगा, जिसकी प्रतीक्षा पूरे उत्सव के दौरान विशेष उत्साह के साथ की जा रही है। उनके मधुर स्वरों और लोकप्रिय गीतों की गूंज इस आयोजन को अविस्मरणीय बना देगी तथा युवा ऊर्जा को एक नई ऊंचाई प्रदान करेगी।' संगीतम 2026 केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रतिभा, और सामूहिक उत्सवधर्मिता का जीवंत प्रतीक है, जो शिक्षा के साथ सांस्कृतिक समृद्धि के प्रति विवि की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से अभिव्यक्त करता है।

# राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कादरपुर में राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. शोभा गुप्ता एवं आमोद गुप्ता ने भाग लिया। विद्यालय के प्रिंसिपल विकास तथा शिक्षकों ने दोनों अतिथियों का फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया। कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सहभागिता रही।

अपने संबोधन में डॉ. शोभा गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान का शुभारंभ गुरुग्राम में 8 दिसंबर 2025 को डॉ. अतुल कृष्ण, संस्थापक सुभारती समूह की अध्यक्षता में गवर्नमेंट सेकेंडरी स्कूल बहरामपुर में हुआ था। इसके पश्चात 17 दिसंबर 2025 को गवर्नमेंट हाई स्कूल उल्लाहवास में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि उन्मुक्त भारत के अंतर्गत चल रही राष्ट्रीय चरित्र निर्माण योजना रचना की तीसरी इकाई गुरुग्राम में प्रारंभ की गई है, जबकि दो इकाइयां मेरठ और देहरादून में सफलतापूर्वक संचालित हो रही हैं। डॉ. शोभा गुप्ता ने कार्यक्रम की शुरुआत जय हिंद के नारे के साथ की, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को जय हिंद, वंदे मातरम तथा देश प्रथम, सदैव प्रथम जैसे मूल्यों की जानकारी दी तथा भारत के क्रांतिकारियों, विशेष रूप से सुभाष चंद्र बोस के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को देशहित में अनुशासित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर बल देते हुए विद्यार्थियों को अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने तथा सही तरीके से हाथ धोने की पूरी प्रक्रिया समझाई। आमोद गुप्ता ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के विषय में विस्तार से जानकारी दी और प्रत्येक छात्र को अपने जन्मदिवस पर एक पौधा लगाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और तन्मयता से भाग लिया तथा प्रश्नोत्तर सत्र में अच्छा प्रतिसाद दिया। शिक्षकगण भी निरंतर विद्यार्थियों को प्रेरित करते रहे। अंत में आमोद गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों को जलपान वितरित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने देशभक्ति, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं एक अन्य कार्यक्रम में विधि शिक्षा एवं न्याय प्रणाली में भारतीय भाषाओं की भूमिका पर सुभारती विश्वविद्यालय में जागरूकता वार्ता आयोजित की गई। सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि, मेरठ द्वारा मां मातृभूमि एवं मातृ भाषा का कोई विकल्प नहीं भारतीय भाषा अभियान के अंतर्गत विधि शिक्षा एवं न्याय प्रणाली में भारतीय भाषाओं की भूमिका विषय पर जागरूकता वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सरदार पटेल सुभारती लॉ कॉलेज के निदेशक राजेश चन्द्रा पूर्व न्यायमूर्ति, उच्च न्यायालय, प्रयागराज, के दिशा निर्देशन में तथा प्रो. डॉ. रीना बिश्नोई, संकायाध्यक्ष, सुभारती लॉ कॉलेज के संरक्षण में सम्पन्न हुआ। सत्र की मुख्य वक्ता दिल्ली विवि के विधि संकाय की प्रोफेसर आलोक शर्मा ने ज्ञानवर्धक व्याख्यान देते हुए न्याय को जनभाषा में सुलभ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# ऑलवेज बाई अदिति की दो दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** साकेत स्थित 158 में Olvez by Aditi द्वारा आयोजित दो दिवसीय भव्य वस्त्र प्रदर्शनी का शुभारंभ डॉ. हिमानी अग्रवाल सदस्य, राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर डॉ. हिमानी अग्रवाल ने भारतीय परंपरा और आधुनिकता के सुंदर समन्वय की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नारी सशक्तिकरण और स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

प्रदर्शनी की जानकारी देते हुए ब्रांड की डायरेक्टर अदिति कुमार ने बताया कि यह विशेष कलेक्शन भारतीय परिधानों की समृद्ध विरासत को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। प्रत्येक डिजाइन में पारंपरिक सौंदर्य, आधुनिक तकनीक और बारीक कढ़ाई का विशेष समावेश किया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों से वह भारतीय संस्कृति और शिल्प को आधुनिक फैशन के साथ जोड़कर विशिष्ट परिधान तैयार कर रही हैं। प्रदर्शनी में प्रस्तुत नवीनतम कलेक्शन को दर्शकों और फैशन प्रेमियों द्वारा विशेष सराहना मिल रही है। कार्यक्रम के मार्केटिंग एवं पीआर की जिम्मेदारी पारिधि गुप्ता द्वारा संचा. लित Social Capitalist ने संभाली।

# शहीद के परिवार को मिले आर्थिक सहायता

## परिजनों ने सरकार से लगाई गुहार, ग्राम बना में शहीद स्मृति द्वार बनाने की भी रखी मांग



डीएम कार्यालय पर आर्थिक सहायता की मांग करते परिजन।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शहीद पवन कुमार के परिवार को विशेष आर्थिक सहायता एवं ग्राम बना में शहीद स्मृति द्वार के निर्माण करवाने की मांग को लेकर गुरुवार को शहीद के परिजन क्षेत्रवासियों के साथ डीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बताया कि, मेरठ जनपद के ग्राम बना के रहने वाले स्वर्गीय पवन कुमार पुत्र सुरेंद्र सिंह, जो भारतीय सेना की 21 असम राइफल्स रेजिमेंट में राष्ट्र की सेवा में तैनात थे। जो इस 5 फरवरी को कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हो गये। उन्होंने बताया कि, पवन कुमार ने अल्पायु में ही देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनकी इस शहादत से न केवल ग्राम बना, अपितु संपूर्ण मेरठ जनपद गौरवान्वित है। देश की रक्षा करना हर सैनिक का परम कर्तव्य होता है। लेकिन, शहीद पवन के परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय है। क्योंकि, शहीद पवन कुमार अपने परिवार के एकमात्र स्तंभ थे। का जबकि, उनके जाने के पश्चात परिवार के सामने भरण पोषण गहरा संकट उत्पन्न हो गया है। परिवार की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

इसलिए ग्रामवासियों की यह इच्छा है कि, शहीद की स्मृति को चिरस्थायी बनाया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके साहस और राष्ट्रप्रेम से प्रेरणा ले सकें। शासन के नियमानुसार शहीद के परिवार को दी जाने वाली अनुग्रह सहायता राशि एवं अन्य राजकीय लाभ अविलंब प्रदान करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया जाए। शहीद के सम्मान में ग्राम बना की मुख्य सड़क पर एक भव्य स्मृति द्वार शहीद द्वार का निर्माण कराने की स्वीकृति प्रदान करें, जिससे उनकी वीरता की गाथा सदैव जीवंत रहे। राष्ट्र के प्रति उनके इस अप्रतिम त्याग को देखते हुए सभी आशा करते है कि, प्रशासन इस प्रकरण को प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान में लेगा और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करेगा।

# किठौर रेस्टोरेंट कांडः क्या सिर्फ आरोपी ही जिम्मेदार या जवाबदेही और भी कहीं?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** मेन बाजार फव्वारा चौक किठौर स्थित किट्टू रेस्टोरेंट - मेन बाजार फव्वारा चौक में युवती से दुष्कर्म और वीडियो वायरल होने की घटना ने पूरे कस्बे को झकझोर दिया है। पुलिस आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की बात कर रही है, लेकिन बड़ा प्रश्न यह है कि जिस स्थान पर यह गंभीर अपराध हुआ, उस प्रतिष्ठान की जिम्मेदारी क्या बनती है। यदि किसी रेस्टोरेंट या व्यावसायिक प्रतिष्ठान में इस प्रकार की घटना घटित होती है, तो यह केवल एक व्यक्ति का अपराध भर नहीं रह जाता, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी प्रणाली और प्रबंधन की सतर्कता पर भी सवाल खड़े करता है। क्या वहां सीसीटीवी कैमरे सक्रिय थे? क्या आने-जाने वालों का रिकॉर्ड रखा जाता है? क्या प्रबंधन को गतिविधियों की जानकारी थी? इन सभी बिंदुओं की जांच आवश्यक है। स्थानीय लोगों के बीच

## पहले से विवादों में रहा है क्षेत्रीय रेस्टोरेंट

यह चर्चा भी है कि संबंधित रेस्टोरेंट पूर्व में भी विवादों में रहा है। हालांकि इन चर्चाओं की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन बार-बार उठते सवाल प्रशासन के लिए चेतावनी जरूर हैं। यदि किसी प्रतिष्ठान की आड़ में अवैध या अनैतिक गति. विधियों की आशंका है, तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। यह मामला केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और प्रशासनिक जवाबदेही की भी परीक्षा है। यदि कानून व्यवस्था को लेकर लोगों का विश्वास बनाए रखना है, तो जांच का दायरा केवल आरोपी तक सीमित न रहकर पूरे घटनाक्रम और उससे जुड़े सभी पहलुओं तक जाना चाहिए। अब देखना यह है कि प्रशासन इस प्रकरण में कितनी पारदर्शिता और दृढ़ता दिखाता है।

# किसान जागृति यात्रा का भव्य स्वागत समारोह हुआ संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन किसान क्रांति की मेरठ कार्यकारिणी द्वारा किसान हितों को समर्पित किसान जागृति यात्रा के अंतर्गत एक भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी विपिन मलिक की अध्यक्षता में तथा जिला अध्यक्ष चौधरी निखिल राव के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

यात्रा के दौरान NH-58 पर योगीपुरम पुलिस चौकी, शोभापुर के समीप संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगजीत सिंह डालेवाल का फूल-मालाओं एवं नारों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान, युवा कार्यकर्ता एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेताओं ने किसानों की एकजुटता, अधिकारों की रक्षा एवं कृषि से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर संघर्ष को और तेज करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसान जागृति यात्रा का उद्देश्य गांव-गांव जाकर किसानों को उनके अधिकारों, समस्याओं और समाधान के प्रति जागरूक करना है, ताकि संगठित शक्ति के माध्यम से उनकी आवाज शासन-प्रशासन तक प्रभावी रूप से पहुंचाई जा सके। जिला अध्यक्ष चौधरी निखिल राव ने कहा कि मेरठ जनपद का किसान सदैव संघर्षशील रहा है और किसान हितों के लिए हर आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाता आया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं किसानों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की एकता को और मजबूत करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ, जिसने क्षेत्र में किसान एकता और संगठन की मजबूती का सशक्त संदेश दिया।

# ऐलानिया कत्ल करने वाले आरोपी ने हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद किया सरेंडर

## पत्नी के प्रेमी की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर की थी हत्या, पुलिस पर भी ताना तमंचा

- मृतक सुनील का संगीनों के साये में किया गया अंतिम संस्कार
- परिजनों ने आरोपित की गिरफ्तारी के लिए रामराज चौकी पर लगाया गया घंटों जाम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** गुरुवार के दोपहर करीब 1:35 बजे बहसूमा थाना क्षेत्र के गांव सैफपुर-फिरोजपुर रामराज के सनातन धर्म मंदिर के सामने दिनदहाड़े पत्नी के प्रेमी सुनील उर्फ गाबा को पुरानी रंजिश के चलते ताबड़तोड़ चार गोली बरसा कर हत्या करने के आरोपित प्रदीप धीमान को पुलिस ने हाई ड्रामा करने के बाद गिरफ्तार कर लिया है। गन्ने के खेत से गिरफ्तार करने के समय प्रदीप धीमान दो तमंचे अपने हाथों में लिए हुआ है और क्षेत्राधिकारी को कह रहा है कि तुम मेरा एनकाउंटर कर दोगे। डेढ़ साल से पुलिस ने मेरी एक न सुनी। आरोपित प्रदीप धीमान ने कहा कि पहले एसपी देहात को मौके पर बुलाओ तब जाकर मैं सरेंडर करूंगा। उसने पुलिस से पहले पानी मांगा फिर उसके बाद में अपनी जैब से बीड़ी निकालकर पी। देर रात्रि सुनील उर्फ बाबा का शव रामराज पहुंचा लेकिन गुरुवार की सुबह करीब 9 बजे परिजन एवं ग्रामीण आरोपित की गिरफ्तारी के लिए चौकी पर शव रखकर रोड जाम किया। रोड जाम की सूचना जब उच्चाधिकारियों को पता लगी तो मौके पर क्षेत्राधिकारी मवाना पंकज लवानिया के थानों की पुलिस फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे और आरोपित की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। घंटे बाद परिजन साथ हुए और रोड जाम को खोला गया। गुरुवार के दोपहर परिजनों ने सुनील उर्फ गाबा का अंतिम संस्कार पास की शमशान घाट में संगीनो के साये में किया।

बताते चले कि बीते बुधवार की दोपहर करीब 1:35 बजे पर सैफपुर फिरोजपुर रामराज के मोहल्ला जगजीवन पुरी निवासी सुनील उर्फ गांबा पुत्र स्वर्गीय कश्मीर सिंह उम्र 28 वर्ष को थाना फलावदा क्षेत्र के गांव सनोता निवासी प्रदीप धीमान पुत्र रमेश चंद ने डेढ़ वर्ष पहले पत्नी को प्रेम प्रसंग के चलते भगा ले जाने की हुई रंजिश के चलते रामराज के सनातन धर्म मंदिर के सामने भरे बाजार में दिनदहाड़े ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर सुनील उर्फ गांबा की हत्या कर दी थी। आरोपित गोली मारते समय कह रहा था कि है कोई माई का लाल तू इसे बचा सकता है, दम हैं तो आओ मेरे पास उसको भी गोली मार दूंगा। गोली मारकर तमंचे को हवा में लहराते हुए फरार हो गया था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेरठ भिजवा दिया था। पोस्टमार्टम होने के बाद बुधवार एवं गुरुवार की मध्य रात्रि सुनील का शव गांव में पहुंचा। लेकिन गुरुवार की सुबह करीब 9 बजे परिजन एवं ग्रामीण शव को लेकर चौकी पर पहुंचे और गिरफ्तारी आरोपित की गिरफ्तारी करने के लिए रोड जाम किया। रोड जाम की सूचना जब उच्चाधिकारियों को लगी तो तभी क्षेत्राधिकारी मवाना पंकज लवानिया थाना हस्तिनापुर थाना फलावदा थाना मवाना की पुलिस फोर्स को साथ लेकर मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटे चले रोड के बाद पुलिस प्रशासन ने आरोपित की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। उसके बाद परिजन शांत हुए और शव को लेकर अपने घर आवास पहुंचे। संगीनों के साए में सुनील और बाबा का अंतिम संस्कार कर दिया।

### डेढ़ साल से रख रखी थी सुनील उर्फ गाबा ने आरोपित प्रदीप धीमान पत्नी

रामराज पुलिस चौकी के पास बुधवार दिनदहाड़े 1.35 बजे सनातन धर्म मंदिर के सामने दिनदहाड़े मुख्य बाजार में बाईक पर सवार होकर आया प्रदीप धीमान ने सरदार सुनील उर्फ गाबा 28 वर्ष की गोली मारकर हत्या कर दी। बेखौफ हत्यारा प्रदीप धीमान अपने साथ लाया तीन तमंचों से एक के बाद एक चार गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था। हत्यारे ने इस दौरान हवा में तमंचा लहराते हुए पूरे बाजार को चौलेंज दिया था कि है कोई माइका लाल इसे बचा ले, है दम है तो निकालो बाहर निकलो। सरे बाजार में हुई हत्या से व्यापारी घटना से भयभीत हैं।



### ड्रामे के बाद किया सरेंडर

पुलिस को सोचना मिली कि आरोपित प्रदीप धीमान थाना फलावदा क्षेत्र के एक गन्ने के खेत में बैठा हुआ है। तभी क्षेत्राधिकारी पंकज लवानिया पुलिसफोर्स को साथ लेकर मौके पर पहुंचे और उसे चारों ओर से घेर लिया। आरोपित अपने को पुलिस की गिरफ्त में घिरा देख अपनी अंटी से दो तमंचे निकल लिए और कहने लगा कि यदि तुम मेरा हाफ एनकाउंटर करोगे तो मैं खुद को गोली मार लूंगा। क्षेत्राधिकारी ने आरोपित को आश्वासन देते हुए कहा कि तेरा कोई गोली नहीं मारेगा तो पुलिस को सरेंडर कर दे। आरोपित प्रदीप धीमान ने पहले कप्तान को बुलाओ उसके बाद में सरेन्डर करूंगा। उसने पहले पानी पिया फिर उसके बाद अपनी जेब से बीड़ी का बंडल निकालकर बीड़ी पी। उसके बाद अपने हथियार नीचे रखते हुए सरेंडर कर दिया।

### आरोपित ने कहा डेढ़ साल से मेरी पुलिस ने एक न सुनी

गिरफ्तारी के समय आरोपित क्षेत्राधिकारी पंकज लवानिया से कह रहा है कि डेढ़ साल से 2025 से किसी भी पुलिस वाले ने मेरी एक न सुनी। पत्नी के प्रेमी को गोली मारकर दोनों हाथों में तमंचा लहराता हुआ फिल्मी अंदाज में गिरफ्तार किया। पहले पानी पिया फिर उसके बाद में अपनी जेब से बीडी का बंडल निकालकर बीडी पी।

जब आरोपित प्रदीप धीमान की गिरफ्तारी के लिए चारों ओर से घेरकर पकड़ना चाहा तो पुलिस ने कहा कि तेरे से हमारी क्या दुश्मनी है जो तू ऐसा व्यवहार कर रहा है तो उसने कहा कि मेरी एक-एक हड्डी पुलिस वालों ने तोड़ रखी है। यदि तुम जबरदस्ती करोगे तो मैं अपने आप को गोली मार दूंगा।

# फाल्गुन महोत्सव: छोटा खाटू धाम मंदिर में आयोजित निशान यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सदर बाजार स्थित छोटा खाटू धाम मंदिर में फाल्गुन महोत्सव के अवसर पर चार दिवसीय के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम दिवस हवन सुंदरकांड से आयोजन की शुरुआत हुई। द्वितीय दिवस निशान यात्रा का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि संजय जैन, भाजपा नेता वरुण अग्रवाल, उद्घाटन कर्ता नीरज मित्तल संयुक्त व्यापार संघ के उपाध्यक्ष द्वारा किया गया। निशान यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु गणों ने भाग लिया। बाबा श्याम के भजनों पर निशान लेकर बाबा को नगर भ्रमण कराया गया। पूजन पंडित कुबेर शास्त्री, गौरव शास्त्री, उमेश शर्मा द्वारा किया गया।



कार्यक्रम का आयोजन मंदिर कार्य समिति द्वारा किया गया जिसमें श्याम बाबा का मुख्य डोला आकर्षण का केंद्र रहा। मेरठ सहित विभिन्न शहरों की झांकियां ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गौरव गोयल, राजकुमार गुप्ता, संजय गोयल, अतुल गुप्ता, नूपुर गोयल, राहुल सिंघल, मनीष गोयल, अंकित अग्रवाल, शोभित गोयल, अनुज सिंघल, विराट, विजय वर्मा, अविनाश गोयल, अनिल गर्ग, राक. ेश गर्ग, संजय तायल, सौरभ गोयल आदि का विशेष योगदान रहा। यात्रा सदर बाजार के विभिन्न मार्गो से होती हुई मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई जगह-जगह यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। 27 फरवरी (आज) मनोकामना अर्जी लगाई जाएगी एवं शाम भजन संध्या का आयोजन मंदिर प्रांगण में होगा एवं 28 फरवरी द्वादशी पर विशाल भंडारे के साथ फाल्गुन महोत्सव का आयोजन पूर्ण किया जायेगा। इस दौरान श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्याम बाबा के दर्शन कर धर्म लाभ उठाने की अपील भी की गई।

# मेरठ साउथ स्टेशन के पास फैक्ट्री का ताला तोड़ सवा तीन लाख की चोरी

## सीसीटीवी में कैद हुए बेखौफ नकाबपोश, दिल्ली नंबर की कार से फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ साउथ रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक फैक्ट्री को चोरों ने तड़के निशाना बनाते हुए सनसनीखेज वारदात को अंजाम दे दिया। बदमाश मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे और सवा तीन लाख रुपये से अधिक का कीमती सामान समेटकर फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिससे पुलिस को अहम सुराग मिले हैं।

जानकारी के अनुसार रिठानी निवासी फैक्ट्री संचालक राजकिरण की दिल्ली रोड स्थित मूर्ति फ्लोरिंग इंजीनियरिंग नाम से फ्लोर मिल मशीनों के पार्ट्स बनाने की फैक्ट्री है। 24 फरवरी की देर रात एक कार में सवार चार से पांच बदमाश फैक्ट्री के मुख्य गेट पर पहुंचे। आरोपियों ने पाइप रिंच से गेट का ताला तोड़ा और बेखौफ होकर फैक्ट्री के अंदर दाखिल हो गए। फैक्ट्री में घुसते ही बदमाशों ने पीतल व एल्यूमिनियम के कीमती पार्ट्स, मशीनों में उपयोग होने वाला सामान और कार्यालय की तिजोरी में रखी 25 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। इसके अलावा एल्यूमिनियम टैग, पीतल व एल्यूमिनियम की चाबियां तथा मंदिर में रखा चांदी का सिक्का भी उठा ले गए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी दिल्ली रोड पर खड़ी कार में सवार होकर दिल्ली की ओर फरार हो गए। सुबह जब फैक्ट्री मालिक राजकिरण कर्मचारियों के साथ पहुंचे तो मुख्य गेट का टूटा ताला देखकर उनके होश उड़ गए। अंदर जांच करने पर करीब सवा तीन लाख रुपये का माल गायब मिला। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। सीसीटीवी फुटेज में चार से पांच युवक चोरी करते नजर आ रहे हैं। अंधेरा होने के बावजूद दिल्ली रोड पर खड़ी आरोपियों की कार का नंबर कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस के अनुसार वाहन दिल्ली निवासी एक महिला के नाम पंजीकृत है और उससे संपर्क किया जा रहा है। परतापुर थाना प्रभारी अजय शुक्ला ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। संभावित ठिकानों पर टीमों को लगाया गया है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। वारदात के बाद औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उद्यमियों में चिंता बढ़ गई है।

### स्वास्थ्य व योग शिविर आयोजित

**परीक्षितगढ़।** नगर के गांधी स्मारक देव नागरी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई बालिका वर्ग शिविर के छठे दिन का विषय स्वास्थ्य व योग रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेंद्र त्यागी व नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राकेश शर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर किया।

# सीएम योगी के दरबार में पहुंचा सरधना का दूषित पानी प्रकरण

## शाह टाइम्स की मुहिम का असर, शासन स्तर पर उठी कार्रवाई की मांग


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर में दूषित पानी की समस्या अब स्थानीय दायरे से निकलकर प्रदेश स्तर तक पहुंच गई है। 'शाह टाइम्स' द्वारा लगातार प्रकाशित खबरों के बाद यह गंभीर मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दरबार तक जा पहुंचा है।

भाजपा के जिला संयोजक कमरपाल फौजी ने इस पूरे प्रकरण की जानकारी भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संयोजक एवं विकास संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम सिंह राणा को दी। इसके बाद ओम सिंह राणा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से लखनऊ शासन स्तर तक इस मुद्दे को उठाया और संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर मामले की गंभीरता से अवगत कराया।

### शासन स्तर पर मांगी कड़ी कार्रवाई

'शाह टाइम्स' से बातचीत करते हुए ओम सिंह राणा ने बताया कि सरधना में दूषित पानी की सप्लाई से जनस्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने प्रशासन व शासन स्तर के अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराते हुए लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि समय रहते जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो यह समस्या बड़े स्वास्थ्य संकट में बदल सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि इस पूरे मुद्दे पर वे स्वयं नजर बनाए हुए हैं और आवश्यक होने पर उच्च स्तर पर फिर से हस्तक्षेप करेंगे।





ठा. ओम सिंह राणा व कमरपाल सिंह फौजी।

### शाह टाइम्स की मुहिम को मिला समर्थन

ओम सिंह राणा ने कहा कि शाह टाइम्स द्वारा जनहित में उठाई गई इस मुहिम के साथ वह 24 घंटे खड़े हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया द्वारा उजागर की गई समस्याएं शासन तक पहुंचती हैं और समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। नगरवासियों को अब उम्मीद है कि मामला सीधे मुख्यमंत्री स्तर तक पहुंचने के बाद जल्द ही ठोस और प्रभावी कार्रवाई देखने को मिलेगी। फिलहाल प्रशासनिक हलचल तेज है और जिम्मेदार विभागों से रिपोर्ट तलब किए जाने की चर्चा है।

# मेरठ रेंज में कानून-व्यवस्था पर मंथन, होली-ईद से पहले सख्ती के निर्देश

## पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी तेज करने, नई परंपरा न डालने और साइबर अपराध पर साप्ताहिक समीक्षा के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आगामी त्योहारों और चुनावों को देखते हुए कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए बुधवार को मेरठ परिक्षेत्र कार्यालय में अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलानिधि नैथानी, पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ रेंज की अध्यक्षता में हुई इस गोष्ठी में रेंज के सभी जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे, जबकि अपर पुलिस अधीक्षक वीसी के माध्यम से शामिल हुए।बैठक में होली, ईद-उल-फितर, नवरात्र, रामनवमी, महावीर जयंती और रमजान माह के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। डीआई ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी क्षेत्र में नई परंपरा न डालने दी जाए तथा पूर्व में विवादित रहे स्थानों को चिन्हित कर असामाजिक तत्वों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



### अपराधियों पर कसेगा शिकंजा

बैठक में पुरस्कार घोषित और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित करने के निर्देश दिए गए। हत्या, लूट, डकैती, स्नैचिंग और पॉक्सो जैसे गंभीर मामलों में लंबित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी और विवेचनाओं का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया। गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई बढ़ाने, धारा 14(1) के अंतर्गत संपत्ति जब्ती की प्रक्रिया तेज करने तथा गौवध अधिनियम और धर्म परिवर्तन से जुड़े मामलों का साक्ष्यों के आधार पर प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश भी दिए गए।

### चुनाव से पहले संवेदनशील तत्वों की पहचान

डीआईजी ने निर्देशित किया कि ऐसे अपरा. धियों को चिन्हित किया जाए जो आगामी चुनाव में कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकते हैं। पेशेवर अपराधियों, पशु तस्करों, अवैध शराब और खनन माफिया पर विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाए। ट्रांसफार्मर और पशु चोरी में लिप्त अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने के भी आदेश दिए गए।

### साइबर अपराध-एनबीडब्ल्यू पर फोकस

साइबर अपराध की रोकथाम के लिए एसपी अपराध एवं क्षेत्राधिकारी को साप्ताहिक समीक्षा के निर्देश दिए गए। फर्जी कॉल और साइबर फ्रॉड में प्रयुक्त मोबाइल नंबरों व ऐप्स को साइबर पोर्टल के माध्यम से अधिकाधिक ब्लॉक कराने तथा सीईआईआर पोर्टल पर 100 प्रतिशत मोबाइल गुमशुदगी दर्ज कराने पर जोर दिया गया। साथ ही, सभी जिलों में लंबित गैर-जमानती वारंट की तामील बढ़ाने और अधिकतम गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### जनसुनवाई-मिशन शक्ति पर जोर

सभी क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने कार्यालय में नियमित जनसुनवाई करने के निर्देश दिए गए। मिशन शक्ति अभियान को गंभीरता से लेते हुए एंटी रोमियो स्क्वॉड को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने को कहा गया। महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध गुंडा, गैंगस्टर और हिस्ट्रीशीट जैसी प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

### सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के निर्देश

बैठक में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सतत निगरानी रखने और किसी भी प्रकार की भ्रामक या आपत्तिजनक सूचना का तत्काल खंडन करने के निर्देश भी दिए गए।

डीआईजी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कानून-व्यवस्था को मजबूत रखा जाए और त्योहारों के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण सुनिश्चित किया जाए।

# टारगेट सेट कर एमडीए ने अवैध कॉलोनी में की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

- अन्य कॉलोनाइजनरों को प्राधिकरण अफसरों का इशारा
- कार्रवाई होते ही कई कॉलोनाइजर नजराना लेकर पहुंचे प्राधिकरण के दफ्तर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** मेरठ विकास प्राधिकरण के अफसर अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई तो करते हैं, लेकिन टारगेट सेट करके। इसका प्रमाण गुरूवार को मवाना में देखने को मिला। जोनल अधिकारी के नेतृत्व में प्राधिकरण का भारी भरकम अमला मवाना पहुंचा और मेरठ रोड पर एक कॉलोनी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई देखकर अंदाजा लगाना तनिक भी मुश्किल नहीं था कि यह सभी कॉलोनाइजरों को अफसरों का इशारा था। क्योंकि होली आने वाली है और आखिरकार सरकारी तनख्वाह से क्या ही भला होने वाला है। जोनल अधिकारी से जब मीडियाकर्मियों ने बात करनी चाही तो उन्होंने स्पष्ट मना करते हुए कहा कि प्राधिकरण सचिव से बात करें, वह मीडिया में बयान देने के लिए अधिकृत नहीं हैं।



### कुछ महीने पहले भी इसी कॉलोनी पर चली थी जेसीबी

मेरठ रोड पर गोल्डन एवेन्यू कॉलोनी के पास एमडीए से बिना नक्शा स्वीकृत कराए एक कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा था। करीब छह महीने पहले प्राधिकरण की टीम ने इसी कॉलोनी के बाहर बनी दुकानों को जबरदस्त तरीके से ध्वस्त किया था। उसके बाद न जाने क्या सेटिंग का खेल हुआ कि दुकानों का फिर से निर्माण हो गया। निर्माण के दौरान प्राधिकरण ने कोई रुकावट पैदा नहीं की। गुरूवार को एमडीए जोन-डी की जोनल अधिकारी निकिता सिंह के नेतृत्व में प्राधिकरण अफसर पूरे दल-बल के साथ पहुंचे और इसी कॉलोनी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। जोनल अधिकारी ने मीडियाकर्मियों से भी सीधे मुंह बात नहीं की और कहा कि आगे भी कार्रवाई होगी। पहले सभी जेसीबी को मवाना नगर की ओर जाने को कहा गया, जबकि जोनल अधिकारी अपनी गाड़ी में वहीं बैठी रहीं। करीब दस मिनट बाद सभी जेसीबी को वापस बुला लिया और पूरा अमला मेरठ के लिए रवाना हो गया। बाद में जानकारी मिली कि मवाना खुर्द के आसपास किसी निर्माणाधीन कॉलोनी में औपचारिक कार्रवाई की गई, जिससे एक ही कॉलोनी पर टारगेट करने की बात को नकारा जा सके।

### 200 रुपया प्रति गज के हिसाब से होती रही है वसूली

चर्चा रही कि क्षेत्र में बिना नक्शा स्वीकृत किए निर्माणाधीन कॉलोनी के कॉलोनाइजरों से 200 रुपया प्रतिगज के हिसाब से प्राधिकरण अफसर अवैध वसूली करते रहे हैं। एक कॉलोनाइजर ने दबी जुबान से कहा कि बढ़ती महंगाई और होली के मद्देनजर इस शुल्क को बढ़ाकर अब 300 रुपया प्रतिगज कर दिया गया है। गुरूवार को मवाना में एक कॉलोनी पर टारगेट कार्रवाई कर अफसरों ने अन्य कॉलोनाइजरों को इशारा भी कर दिया है।

### कार्रवाई का असर

इस कार्रवाई का असर तत्काल देखने को भी मिला। कई कॉलोनाइजरों ने टीम के लौटते ही प्राधिकरण कार्यालय मेरठ की ओर दौड़ लगा दी और अफसरों के लिए नजराना भी लेकर पहुंच गए। जिससे उनकी अवैध कॉलोनी कार्रवाई की जद में न आए।

# दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष के कारावास व 10 हजार रुपये के जुर्माने से किया दण्डित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** कहते हैं कि ऊपर वाले के यहां देर है अंधेर नहीं है। सन् 2018 में थाना क्षेत्र के सिसोला कला में पीड़ित पिता ने जानी थाने में तहरीर देते हुए एक व्यक्ति पर अपनी बेटी को पहले फैसला कर ले जाने का और बलात्कार करने का मुकदमा पंजीकृत कराया था जिसकी विवेचना लगातार पिछले 8 वर्षों से की जा रही थी। वहीं आज न्यायालय द्वारा फैसला सुनाया गया जहां आरोपी अहमद अल्वी उर्फ अयान पुत्र शहिद निवासी घसौली थाना कंकरखेड़ा पर 10 हजार रुपये जुर्माना और 10 वर्ष का कठोर कारावास और हर्जा जमा न करने पर तीन माह के लिए अतिरिक्त कारावास की सजा से दंडित किया गया है वहीं पुलिस ने ऑपरेशन कनविक्शन के तहत कार्रवाई की गई और आरोपी को न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया जिसमें पुलिस को सही तरीके से विवेचना को पूर्ण करने की सरहाना की।

# मिंत्रा अपने 19वें जन्मदिन के अवसर पर लेकर आया मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता मेरठ।** फैशन, ब्यूटी और लाईफस्टाईल डेस्टिनेशंस में से एक मिंत्रा अपने 19वें जन्मदिन के अवसर पर मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट (एमबीबी) लेकर आया है। यह ईवेंट 28 फरवरी से शुरू होगी। मिंत्रा इनसाईडर कस्टमर्स को 24 घंटे पहले यानी 27 फरवरी से इसकी अरली एक्सेस मिल जाएगी। इस एडिशन में फैशन, ब्यूटी और लाईफस्टाईल श्रेणियों में 20,000 से अधिक इंटरनेशनल और मेड-इन-इंडिया ब्रांड्स के 6 मिलियन से अधिक स्टाईल उपलब्ध होंगे। मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट के तीसरे एडिशन के बारे में बात करते हुए, मिंत्रा के कैटेगरी और रेवेन्यू हेड, रितेश मिश्रा ने कहा, 'मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट देश में लाखों लोगों के साथ अपने सफर को खुशनुमा बनाने के लिए हमारी एक खास ईवेंट है। मिंत्रा के 19 वर्ष पूरे होने पर, हम अपने ग्राहकों के प्यार और हजारों ब्रांड पार्टनर्स के विश्वास के लिए आभारी हैं, जिन्होंने देश में फैशन के परिदृश्य में परिवर्तन लाने में मुख्य भूमिका निभाई है। जहाँ हम ई-कॉमर्स के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करते जा रहे हैं, वहीं हमारा ध्यान एक्सिलेंस बढ़ाते रहने और फैशन, ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल शॉपिंग में आधुनिक ग्राहकों के अनुभव को लगातार बेहतर बनाने पर केंद्रित रहता है।

### हार्पिक ने नया हार्पिक बाथरूम अल्ट्रा क्लीनर किया लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता मेरठ।** हार्पिक ने अपने अब तक के सबसे उन्नत बाथरूम क्लीनिंग इनोवेशन न्यू हार्पिक बाथरूम अल्ट्रा क्लीनर के लॉन्च की घोषणा की। यह बाथरूम क्लीनिंग श्रेणी में एक दशक से अधिक समय में हार्पिक का सबसे बड़ा नवाचार है। अनुपमा रामास्वामी, एमडी और चीफ क्रिएटिव ऑफिसर, हवास क्रिएटिव इंडिया ने कहा, हार्पिक के संसार में अब एक नया हीरो है। हार्पिक बाथरूम अल्ट्रा क्लीनर। यह मजबूत और प्रभावी है। और यही कारण है कि इसे एक ऐसा लॉन्च चाहिए था जो बिल्कुल अलग और भव्य हो।

**कार्यालय क्षेत्रीय प्रबंधक,**
**उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, मेरठ।**

पत्रांक: 672/मेरठ/क्षे.प्र./जी-सो.गेट-पार्किंग/विज्ञप्ति/26/दिनांक: 26.02.2026

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरठ क्षेत्र के लिए कुल 62 डेस्कटॉप कम्प्यूटर, यूपीएस एवं प्रिंटर की आपूर्ति हेतु **ई-मार्केटप्लेस जेम (Gem Portal)** पोर्टल के माध्यम से दिनांक 10.03.2026 तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 10.03.2026 के बाद समिति द्वारा निविदा की तकनीकी बिड डाउनलोड की जायेगी। निविदा की पूर्ण शर्तें निविदा के साथ संलग्न है। उ.प्र. राज्य की वेबसाईट etender.up.nic.in एवं परिवहन निगम की वेबसाईट www.upsrtc.com पर भी देख सकते हैं।

**-क्षेत्रीय प्रबन्धक, मेरठ।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत दुल्हैड़ा चौहान विकास खण्ड दौराला, मेरठ।**

पत्रांक: 06/ग्रा.पं./पं.उ.भ.नि./2025-26 दिनांक: 26.02.2026

ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत उत्सव भवन निर्माण कार्य हेतु दिनांक 21.02.2026 को हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण, शाह टाईम्स एवं दिव्य विश्वास अखबारों के मेरठ संस्करण में निविदा प्रकाशित की गयी थी, जिनकी निविदा दिनांक 06.03.2026 को खोली जानी निर्धारित की गई थी। अपरिहार्य कारणों से इस निविदा को निरस्त किया जाता है।

**-ग्राम सचिव, दुल्हैड़ा चौहान, दौराला।**

# बैंक अपनी कार्य शैली में सुधार लाए:जिलाधिकारी

## डीएम ने की पीएम सूर्य घर योजना व मुख्यमंत्री युवा उधमी योजना के सफल क्रियान्वयन के संबंध में बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिला. धिकारी अस्मिता लाल ने पीएम सूर्य घर योजना एवं मुख्यमंत्री युवा उधमी योजना के सफल क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि दोनों योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। बैंक अपनी कार्य शैली में सुधार लाएं। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं एवं आमजन को योजनाओं की जानक. ारी देकर उन्हें लाभान्वित किया जाए, जिससे स्वरोजगार को बढ़ावा मिले और सौर ऊर्जा को प्रोत्साहन मिल सके। सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। पीएम सूर्य घर योजना के सफल क्रियान्वयन के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठेक की। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य देश के प्रत्येक घर को रोशन करने के साथ-साथ लोगों के कंधों से आर्थिक बोझ कम करना भी है। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 फरवरी, 2024 को की थी। इस योजना के तहत घरों को अपनी छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी दी जाएगी।

इस योजना का कोई भी घरेलू विद्युत उपभोक्ता लाभ प्राप्त कर सकते हैं जिनका इस योजना पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने के लिये PMSURY GHAR.GOV.IN पर आवेदन कर सकते है जिस पर बिजली का बिल व आधार कार्ड सबमिट करना होगा जितने किलोवाट का कनेक्शन ले रखा है पूर्व में उतने ही किलोवाट के लिए सोलर के लिए आवेदन कर सकता है। 2 किलोवाट सोलर पैनल कनेक्शन लेने के लिए 130000 रुपए का खर्चा है जिसमें सरकार द्वारा 90000 की सब्सिडी दी जाएगी मात्र 40000 में व्यक्ति अपने घर में सोलर पैनल लगवा सकता है, सरकार द्वारा 3 किलोवाट से ऊपर के कनेक्शन पर 108000 की सब्सिडी दी जाएगी। इस योजना के अंतर्गत 200000 का बैंक द्वारा लोन दिया जाएगा। 7 प्रतिशत कोई भी उपभोक्ता बैंक की सहायता से सिस्टम कॉस्ट का 10प्रतिशत धनरा. शि जमा करके सोलर पावर प्लांट का लाभ अपने घर में ले सकता है। इस योजना के अंतर्गत बैंक, नेडा व विद्युत विभाग के अधिकारियों की मुख्य भूमिका है।

परियोजनाओं हेतु 4 वर्षों तक 100 प्रतिशत ब्याज मुक्त कर्ज़ोलेटरल गारंटी मुक्त ऋण दिया जाएगा। इस लोन को समय से देने पर उन्हें आगे भी 10 लाख रुपए तक का लोन दिया जा सकता है। 7. 50लाख रुपए के ऋण पर 50प्रतिशत ब्याज अनुदान 3 वर्षो तक दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राहुल वर्मा, यूपी नेडा प्रभारी/अधीक्षण अभियंता विद्युत, लीड जगदीश चंद्र यादव जीएमडीआईसी अर्चना तिवारी, बैंक अधिकारी आदि उपस्थित रहे ।

# कार्य में कोई भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए:जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जनपद में 31मार्च 2026का लक्ष्य 1881 निर्धारित किया गया है जिसमें 1700 लोगों ने आवेदन किया 718 के लोन सैंनशन हुए 813 के रिजेक्ट हुए ,165 पेंडिंग है ,जनपद में वर्तमान में1033 सोलर स्थापित हो चुके है। सोलर रूफटॉप लगवायें आकर्षक अनुदान एवं बिजली बिल में राहत पाएं।

जिलाधिकारी ने कहा परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में जितने भी वेंडर्स कार्य कर रहे है उन्हें कार्य क्षेत्र आवंटन किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए जो वेंडर्स अच्छा कार्य नहीं कर रहे हैं उन्हें ब्लैकलिस्टेड किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में बिजली विभाग बैंक और यूपी नेडा विभाग आपस में टीम के रूप में कार्य करें। कार्य में कोई भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। प्रत्येक परिवार को डोर टू डोर जाकर सोलर पैनल के संबंध में जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा ग्राम विकास के साथ-साथ इसमें नगर पंचायत नगर पालिकाओं को भी जोड़ा जाए। सभी ग्राम प्रधानों के यहां भी सोलर पैनल अवश्य लगाया जाए। जिससे क्यों गांव के रूप में मॉडल के रूप में साबित हो और व लोग भी इस योजना का लाभ उठा सके। इस लक्ष्य के सापेक्ष सोलर पैनल जनपद में स्थापित कराए जाएं जिससे कि आम जनमानस को इनका अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके नेट मीटरिंग की व्यवस्था भी सोलर पैनल में दी जा रही है जिसमें हाइब्रिड की सुविधा मिलती है जिसमें उपभोक्ता बिजली विभाग को अपनी बिजली भी विक्रय कर सकता है। इस योजना में बैंक द्वारा भी लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार इस योजना को अधिक से अधिक लोगों को पहुंचाने के लिए हर तरीके की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिसके लिए नेडा विभाग द्वारा बेंडर्स चिन्हित कर दिए गए हैं।

# पुलिस ने किया इनामी बदमाश को गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिंघावली अहीर थाना पुलिस ने एक 50 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी एक चेकिंग अभियान के दौरान हुई। आरोपी आठ महीने पहले हुई एक दूध व्यापारी की हत्या में शामिल था।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान डोला निवासी भरत पुत्र राकेश के रूप में हुई है। उस पर दूध व्यापारी की हत्या के मामले में 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। यह मामला सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र का है। डोला गांव में आठ महीने पहले दूध व्यापारी राहुल गोयल की हत्या कर दी गई थी। हत्या का कारण राहुल द्वारा तांत्रिक इंद्रपाल को 40 लाख रुपए का उधार न लौटाना बताया गया था। राहुल की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। इस मामले में तांत्रिक इंद्रपाल और अन्य को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। भरत भी इस हत्या में शामिल था और फरार चल रहा था। डीआईजी द्वारा इनाम की घोषणा के बाद पुलिस उसकी तलाश कर रही



थी और चेकिंग अभियान के दौरान इसे गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गहन छानबीन में जुटी हुई है।

# पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर की जांच शुरु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के सांकरोद गांव में चंचल नामक महिला की हत्या का मामला सामने आया है।

मृतका के पिता रवि प्रकाश ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न और हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस ने पिता की तहरीर पर पति नवीन सहित सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रवि प्रकाश के अनुसार, उनकी बेटी चंचल की शादी नवीन से डेढ़ वर्ष पहले हुई थी।

शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल वाले उस पर दहेज लाने का दबाव बना रहे थे। आरोप है कि कई बार चंचल के साथ मारपीट भी की गई।

पिता ने अपनी शिकायत में बताया है कि पति नवीन, देवर साहिल, दूसरे देवर देशराज, फूफा, बुआ और एक अज्ञात व्यक्ति ने मिलकर उनकी बेटी की पीट-पीटकर हत्या कर दी।

सूचना मिलने पर जब वे चंचल के ससुराल पहुंचे, तो उनकी बेटी लहूलुहान हालत में बिस्तर पर पड़ी थी।

घटना के बाद मृतका के देवर साहिल ने कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास किया था, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।सीओ रोहन चौरसिया ने बताया कि मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

# चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता एक्सट्रावगेंजा का किया गया शुभारम्भ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड स्थित भगवती कॉलेज आफ फार्मेसी बड़ौत मे को भगवती कॉलेज आफ फार्मेसी के प्रांगण में चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता एक्सट्रावगेंजा का शुभारम्भ किया गया। इस खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा.मनीष तोमर, डा.आर एस वर्मा, डा.शशया तोमर एवं कॉलेज की निदेशक डा.अनु द्वारा देवी सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पांजलि अर्पित करके किया। मुख्य अतिथि डा.मनीष तोमर, डा.आर एस वर्मा, डा.शशया तोमर ने छात्र-छात्राओं को खेल भावना से प्रेरित होकर प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रेरित किया, साथ ही यह सन्देश भी दिया कि छात्र छात्राओं को हार अथवा जीत से ऊपर उठकर प्रयास करने एवं प्रतिभाग करने हेतु सदैव प्रत्नशील रहना चाहिए। कॉलेज की निदेशक डा.अनु ने इस अवसर पर बताया कि प्रतिदिन खेल कूद से भी अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है एवं आज के आधुनिक युग में खेल कूद में भी अपने भविष्य को बहुत ही अच्छी दिशा दी जा सकती है। प्रतियोगिता का प्रारम्भ टग आफ़ वॉर द्वारा किया गया। संस्थान में संचालित बी फार्म एवं डी फार्म कोर्स के सभी छात्र-छात्राओं ने अत्यधिक उत्साह के साथ खेल प्रतियोगिताओ जैसे बॉलीबॉल, टग आफ़ वॉर, फुटबॉल, बैडमिंटन , चौस, क्रिकेट, कबेड्डी आदि में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन रिया एवं अंशिका द्वारा किया गया एवं शिक्षकगणों में पंकज ब्रह्मिया, अक्षित कुमार, रजत सिंह, शुभम शर्मा, शिवम्, शिवानी चौहान, डा.अवध बिहारी, सुधांशु कुमार, अर्पिता यादव, सुधा, मनोज कुमार, नितिन कुमार, आमिर जहाँ, गोविन्द, अमित राणा एवं छात्र एवं छात्राए उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया सभी सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** डीएम अस्मिता लाल ने ऐतिहासिक परशुरामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सफाई करने वाले सैकड़ों कर्मचारियों को सम्मानित किया है। यह सम्मान फाल्गुन मेले को (जीरो वेस्ट महोत्सव) के रूप में आयोजित करने में उनके योगदान के लिए दिया गया।

डीएम ने सभी सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सफाई कर्मचारियों ने डीएम अस्मिता लाल की इस पहल की सराहना करते हुए उनका धन्यवाद किया। डीएम अस्मिता लाल ने बताया कि पुरा महादेव मंदिर पर फाल्गुन और श्रावण मास में लगने वाले मेले को ऐतिहासिक तरीके से (जीरो वेस्ट महोत्सव) के रूप में संपन्न कराया गया है। इसमें नगर पालिका के 100 से अधिक कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सभी नगर पालिकाओं में भी (जीरो वेस्ट) अभियान के तहत काम होगा, जिसमें कचरे से उपयोगी वस्तुएं तैयार की जाएंगी। नगर पालिका कर्मचारी शिव ने बताया कि उन्होंने पुरा महादेव मंदिर पर अपनी डयूटी अच्छे से निभाई। उन्होंने बागपत कलेक्ट्रेट में आयोजित सम्मान समारोह में हिस्सा लिया, जहाँ डीएम अस्मिता लाल ने उन्हें स्वयं सम्मानित किया। शिव ने कहा कि यह पहली बार है जब उन्हें इस तरह सम्मानित किया गया है।

# विद्यालय परिसर में बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया होली मिलन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड स्थित पंचमुखी शिव मंदिर के संस्कृत विद्यालय परिसर में बृहस्पतिवार को होली मिलन समारोह बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित ने अपनी भूमिका निभाते हुए संस्कृत विद्यालय के छात्राओं को रंग-बिरंगे तिलक लगाकर उनका स्वागत करते हुए सम्मान किया।

मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति एवं राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के तत्वाधान में यह होली मिलन समारोह संपन्न हुआ जिसमें मुख्य भूमिका के रूप में मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति जागरूक ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरडी शर्मा ने अतिथियों का सम्मान करते हुए सभी का माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए किया गया। इस मौके पर संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थियों को रंग बिरंगी पिचकारी देकर गुलाल के साथ उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राधेश्याम शर्मा एडवोकेट, अमित भारद्वाज, लोकेश वत्स, अशोक शर्मा, आरती शर्मा, रेणु शर्मा, रवि कश्यप, दिनेश शर्मा, महेंद्र दत्त शर्मा, कृष्ण शर्मा, श्रद्धानंद शर्मा विजयपाल शर्मा, दीपक शर्मा, रमेश शर्मा, अमित राणा, प्रमोद शर्मा, कृष्णपाल शर्मा, चांदनी जैन, कुसुम चौहान, उमेश कौशिक, राधेश्याम शर्मा, आरडी शर्मा, पवन शर्मा, विजेंद्र शर्मा आदि विद्यार्थी मौजूद रहे।

# स्वयंसेवकों ने जागरूकता के लिए आकर्षक बैनर व पोस्टर किए तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के जनता वैदिक कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस की प्रथम एवं तृतीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शि. विर के छठे दिवस का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डा.अमृत कुमार गुप्ता एवं अमित नागर के निर्देशन में पवित्र गायत्री मंत्र के उच्चारण एवं योगाभ्यास के साथ हुआ।

आज की प्रमुख थीम सामुदायिक विकास एवं समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं अपशिष्ट प्रबंधन, खेलकूद तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास रही। स्वयंसेवकों ने इन विषयों से संबंधित जागरूकता हेतु आकर्षक बैनर एवं पोस्टर तैयार किए। तत्पश्चात डूडा कॉलोनी एवं पटेल नगर कॉलोनी में जनसंपर्क कर उक्त विषयों पर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया। बौद्धिक एवं प्रायोगिक सत्र में डा.सुधीर कुमार सिंह, डा.रवि शंकर एवं डा.सचिन सिंह के मार्गदर्शन में



कॉलोनी क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न कराया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास का संदेश प्रसारित हुआ। इसके उपरांत वक्ताओं ने सामुदायिक विकास, स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को समाज सेवा के प्रति सक्रिय एवं संवेदनशील बनने हेतु प्रेरित किया। सायंकालीन सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा खेलकूद गति. विधियों का आयोजन किया गया, जिसमें कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न हुई। विभिन्न टीमों का गठन कर उत्साहपूर्वक खेल का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सचिन, हर्षित आदि स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया।

# मार्ग का विधायक योगेश धामा नें किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** धोली प्याऊ से चमरावल, पावर हाऊस तक 23 करोड़ की लागत से बनने वाले मार्ग का विधायक योगेश धामा नें उद्घाटन किया। इस मौकें पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार विकास कार्य किये गये है आज बागपत भी अपनी अलग पहचान बनाये हुए है।



धोली प्याऊ से चमरावल होते हुए पावर हाऊस तक मेरठ मार्ग को जोड़ने वाले मार्ग को लेकर पिछले 20 वर्षो से ग्रामीण मार्ग बनवानें की मांग करते आ रहे थे, मार्ग में जगह जगह गढ्ढे होने के कारण आय दिन हादसे होते रहते है जिससे गम्भीरता से देखते हुए बागपत विधायक नें धोली प्याऊ से चमरावल, पावर हाऊस तक मार्ग के चौड़ीकरण के साथ मार्ग बनवाने को लखनऊ से प्रस्ताव पास करवा क्षेत्र के लोगो को मार्ग निर्माण की सौगात दी गुरुवार को धोली प्याऊ पर मार्ग निर्माण शुरू करने से पहले एक उदधाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बोलते हुए विधायक योगेश धामा नें कहा कि आज उत्तर प्रदेश में विकास की लहर है। बागपत में भी लगातार विकास कार्य कराते जा रहे है, आज क्राइम बिल्कुल खत्म कर दिया गया है, व्यापारी व्यापार के लिए उत्तर प्रदेश आ रहे है। महिलाओं को सुरक्षा की गारंटी दी गयी है, उन्होंने कहा कि मार्ग बनने से लाखों लोगो को फायदा होगा। इस मौकें परअध्यक्षता बाबूराम त्यागी संच. ालन मनोज गुर्जर परमेन्द्र धामा, मनुपाल, प्रवीण प्रधान, संजय प्रधान, हाजी मुन्तजिर, हसमत चौधरी, देवेंद्र त्यागी, नरेश प्रधान, मंजीत सिंह और नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# अभियुक्त की निशानदेही पर पिस्टल, मैगजीन

**खेकड़ा।** थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी की निशानदेही पर अवैध पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। यह बरामदगी पुलिस अभिरक्षा रिमांड के दौरान की गई। यह मामला 21 अक्टूबर 2025 का है, जब ग्राम घिटौरा निवासी प्रवीण उर्फ कालू पुत्र करतार ने थाने में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया था कि कुछ लोगों ने उनके घर में घुसकर हमला किया। वादी के अनुसार, हमलावरों ने गाली-गलौच करते हुए उनके भतीजे दक्ष पुत्र हरेन्द्र के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान प्रवीण पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई, जिससे उनके बाएं पैर में गोली लग गई थी। प्रवीण की तहरीर पर भीम पुत्र अजब सिंह, रोहित पुत्र विक्रम, रितिक पुत्र राधे, प्रवेश उर्फ कालू पुत्र जगतू, प्रदीप, मोहित पुत्र बलीचंद, धर्मेन्द्र उर्फ धर्मी पुत्र विक्रम तथा पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने बीएनएस धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस ने विवेचना और साक्ष्यों के आधार पर मामले में आर्म्स एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई थी।

**बेदखली सूचना**

मेरे पुत्र सोनू कुमार तथा उसकी पत्नी कविता सैनी का आचरण ठीक नहीं है। गलत आचरण के चलते मैं अपने पुत्र तथा पुत्र वधू को अपनी चल अचल संपति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करता हूं भविष्य में वे अपने किसी भी कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**संतोष पत्नी स्व ओमपाल**
निवासी: ग्राम हिसावदा थाना सिंघावली अहीर जनपद बागपत।

**समन वास्ते करार वाद उमर तनकीह तलब**
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**विज्ञापन द्वारा न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश / कुटुम्ब न्यायालय मु0नगर।**

वाद सं0-643 सन 2025

अंकित आयु लगभग 30 वर्ष पुत्र श्री प्रदीप कुमार निवासी ग्राम जसोई तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर। आधार सं0-8714 2746 2000, मो. नं.-7310809572 .....**प्रार्थी/वादी**

**बनाम**

श्रीमती अंजू पुत्री श्री अमरपाल पत्नि अंकित आयु लगभग 37 वर्ष निवासी ग्राम मवी कलां जिला बागपत हाल निवासी ग्राम जसोई परगना, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। आधार सं0-325734607211 मो.नं.-9634147351 ...**विपक्षी/ प्रतिवादनी**

**वाद अन्तर्गत धारा 13 (तेरह) ए हिन्दू विवाह अधिनियम**

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी ने आपके विरूद्ध एक वाद धारा-13-ए हिन्दू विवाह अधिनियम का योजित किया है। आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का प्रतिवाद पत्र/जवाब आदि प्रस्तुत करने के लिए उपस्थित होने के लिए दिनांक 27.03.2026 को दिन में 10 बजे उपस्थित होने हेतु यह तिथि नियत करके यह समन सूचना प्रेषित किया जाता है। आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वयं या अपने अधीकृत पैरोकार अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आपकी उपसंजाति (उपस्थिति) के लिए तिथि नियत की गयी है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निरतारण के समय उपसंजात, उपस्थित नहीं होंगे तो उक्त दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में गुणदोष पर कर दिया जायेगा। आज दिनांक 24-02-2026 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

आज्ञा से
मुसरिम/राइडर
प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, मुजफ्फरनगर।

# तीन अज्ञात युवकों ने किया युवक का रास्ता रोक तमंचा दिखाकर बाइक लूटने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** थाना क्षेत्र में लूट के प्रयास का एक मामला सामने आया है। डूंडाहेड़ा गांव निवासी रजत पुत्र सुरेश ने खेकड़ा थाने पहुंचकर लिखित तहरीर देकर आरोप लगाते हुए बताया कि वह आज सुबह करीब 11 बजे अपनी स्प्लेंडर बाइक से खेकड़ा बाजार की ओर जा रहा था। जब वह रास्ते में फायर स्टेशन के पास पहुंचा, तभी तीन अज्ञात युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया।

पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने उस पर तमंचा तान दिया और बाइक छीनने का प्रयास किया। अचानक हुए इस घटनाक्रम से घबराए रजत ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आसपास काम कर रहे लोग मौके की ओर दौड़े। भीड़ को अपनी ओर आता देख तीनों आरोपी घबरा गए और भागने लगे। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि उसके दो साथी फरार होने में सफल रहे। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही डूंडाहेड़ा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गए आरोपी को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया। पुलिस ने पीड़ित से घटना की पूरी जानकारी ली और तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो आरो. पियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक नारेबाजी करते हुए निकाला जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले टीईटी के विरोध में उत्तर प्रदेश प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के निर्देशन में शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर धरना दिया। उन्होंने बीएसए कार्यालय से कलक्ट्रेट तक नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला और वहां पहुंचकर डीएम को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने समस्या का समाधान न होने पर दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

प्राथमिक व उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के निर्देशन में विद्यालयों के शिक्षक बीएसए कार्यालय एकत्रित हुए वहां धरना-प्रदर्शन किया। इसके उपरांत शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। उनका कहना था



कि सरकार ने आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी परीक्षा पास करने की अनिवार्यता का आदेश जारी किया है, जो गलत है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से राहत प्रदान नही करेगी तो इसके विरोध में दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने डीएम को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देकर मांग को जल्द पूरा करने की मांग की। इस मौके पर उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विकास मलिक, योगेंद्र यादव, मनोज, योगेश, अमित, अमित, हरविंद्र सिंह, दीपक पूनिया, संजीव कौशिक, दिलशाद, नरेंद्र, लोकेश शर्मा, हरेंद्र तोमर, विवेक, ममता, मंजू रावत, मनोज यादव, जितेंद्र, कर्मवीर, रूपेश, संजीत मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने किया लूट का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा क्षेत्र में व्यापारी से हुई 64 लाख रुपये की लूट का खुलासा होने के बाद पुलिस और व्यापारियों के बीच भरोसे की मजबूत तस्वीर सामने आई। वारदात का सफल पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम को व्यापारियों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर सहित पूरी टीम मौजूद रही। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 44 लाख रुपये नकद बरामद किए थे। सम्मान समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने व्यापारियों के साथ बैठक भी की और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि जनपद की पुलिस व्यापारियों की सुरक्षा के लिए हर समय प्रतिबद्ध है और बड़ी रकम के लेन-देन के दौरान एहतियात बरतना बेहद जरूरी है।



पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा, हापुड़ पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए 24 घंटे तत्पर है। यदि आप बैंक से या किसी अन्य स्थान से बड़ी धनराशि लेकर कहीं जाते हैं तो पूर्व में पुलिस को सूचना अवश्य दें, ताकि आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराई जा सके। जरूरत पड़ने पर बैंक अधिक. ारियों से भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए समन्वय करें। हमारा उद्देश्य है कि जनपद में व्यापार सुरक्षित वातावरण में संचालित हो और किसी भी अपराधी को अवसर न मिले। पुलिस और व्यापारी समाज के बीच समन्वय जितना मजबूत होगा, अपराध पर उतना ही प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। आप सभी सतर्क रहें, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, हापुड़ पुलिस हर परिस्थिति में आपके साथ खड़ी है। व्यापारियों ने पुलिस की तत्परता और पेशेवर कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि समयबद्ध खुलासे से सुरक्षा का भरोसा और मजबूत हुआ है। अधिकारियों ने भी आश्वस्त किया कि जिले में अपराध नियंत्रण के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

# प्रभात वाणी होली से पहले मिलावट पर सर्जिकल स्ट्राइक, 8 कुंतल संदिग्ध पनीर जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** होली के त्यौहार से पहले मिलावटखोरों के खिलाफ खाद्य विभाग ने सख्त अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। विभागीय टीम ने हाईवे पर चेकिंग के दौरान एक वाहन को रोककर तलाशी ली, जिसमें भारी मात्रा में घटिया गुणवत्ता का पनीर भरा मिला। टीम ने करीब आठ कुंतल पनीर से भरी गाड़ी को जब्त कर लिया और नमूने जांच के लिए भेज दिए हैं।

अधिकारियों के अनुसार त्योहारों के मद्देनज़र खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका को देखते हुए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र स्थित हाईवे पर निगरानी के दौरान संदिग्ध वाहन पकड़ा गया। प्राथमिक जांच में पनीर की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई।



खाद्य विभाग की टीम ने मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करते हुए वाहन को कब्जे में लिया और संबंधित लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद मिलावट से जुड़े लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। त्योहार से पहले हुई इस कार्रवाई के बाद खाद्य विभाग ने साफ संकेत दिए हैं कि मिलावटखोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिलेभर में अभियान लगातार जारी रहेगा।

# खेत में मिला ग्रामीण का शव, जहर खाने की आशंका से सनसनी

**हापुड़।** हाफिजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सादिकपुर में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब खेतों में एक व्यक्ति का शव संदिग्ध हालात में पड़ा मिला। खेत में शव दिखने पर ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया।

मृतक की पहचान गांव निवासी ज्ञान सिंह गौतम (45) के रूप में हुई। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस को शव के पास से चूहे मारने की दवा का रैपर और एक खाली गिलास मिला है। शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। प्रारंभिक जांच में जहरीला पदार्थ सेवन की आशंका जताई जा रही है, हालांकि मृत्यु के वास्तविक कारण का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। परिजनों के अनुसार ज्ञान सिंह को शराब पीने की लत थी। बुधवार शाम शराब को लेकर घर में विवाद हुआ था, जिसके बाद वह गुस्से में थैला और चादर लेकर घर से निकल गया। देर रात तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश भी की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। थाना प्रभारी प्रवीन कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।




# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक सड़कों पर, सरकार से अध्यादेश की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी अनिवार्यता से छूट देने की मांग को लेकर जनपद के शिक्षकों ने बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया और केंद्र सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रेषित ज्ञापन में अध्यादेश लाकर पूर्व में नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट प्रदान करने की मांग उठाई।

ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधि. नियम वर्ष 2011 से प्रभावी हुआ, जिसके बाद नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया था, जबकि उससे पूर्व नियुक्त शिक्षकों को इस बाध्यता से मुक्त रखा गया था। शिक्षकों का कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय के बाद अब पूर्व में नियुक्त शिक्षकों के लिए भी सेवा में बने रहने और पदोन्नति के लिए टीईटी अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों के सामने असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों ने कहा कि वे टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले देशभर में अपनी मांग उठा रहे हैं। उनका कहना है कि पूर्व नियुक्त शिक्षकों को नई शर्तों के दायरे में लाना न्यायसंगत नहीं है और सरकार को इस विषय में विधायी समाधान लाना चाहिए।



शिक्षकों ने सरकार से आग्रह किया कि आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के हितों की रक्षा करते हुए उन्हें टीईटी की अनिवार्यता से छूट देने के लिए अध्यादेश लाया जाए और संसद के माध्यम से कानून बनाकर स्थिति स्पष्ट की जाए। धरने के बाद शिक्षकों ने अपना ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपते हुए जल्द सकारात्मक निर्णय की उम्मीद जताई।

# नैदानिक अनुसंधान पर मंथन, जीएस विश्वविद्यालय में जीसीपी कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** पबला रोड स्थित जीएस विश्वविद्यालय में 25 फरवरी को गुड क्लीनिकल प्रैक्टिस (जीसीपी) विषय पर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शोधकर्ताओं और चिकित्सकों को नैदानिक अनुसंधान के नैतिक और वैज्ञानिक मानकों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. मोनिका शर्मा, डा. सुरभि गुप्ता, डा. कुलदीप गोगिया, संकायाध्यक्ष डा. प्रदीप गर्ग, डा. ज्योत्सना शर्मा, डा. शिप्रा कौशिक और डा. रजनी रॉय ने दीप प्रज्वलित कर किया।



कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डा. ज्योत्सना शर्मा ने पीजी छात्रों और उपस्थित प्रतिभागियों को जीसीपी के महत्व और उसके व्यावहारिक पक्षों से अवगत कराया। हड्डी रोग विभाग के प्रमुख डा. कुलदीप गोगिया ने नैदानिक अनुसंधान में चिकित्सकों की भूमिका और जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। औषध विज्ञान विभाग की प्राध्यापक डा. शिप्रा कौशिक ने राष्ट्रीय एथिकल गाइडलाइंस की प्रमुख बातों को समझाया। सुभारती मेडिकल कॉलेज की औषध विभागाध्यक्ष डा. सुरभि गुप्ता ने एनडीसीटी नियम 2019 की प्रमुख विशेषताओं पर चर्चा की, जबकि सहायक प्राध्यापक डा. रजनी कुमारी रॉय ने सूचित सहमति और गोपनीयता के महत्व पर जानकारी दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डा. अपूर्वा गुप्ता, डा. श्रेष्ठा और मुस्कान वैद्य का विशेष योगदान रहा। समापन अवसर पर संकायाध्यक्ष डा. प्रदीप कुमार गर्ग ने वक्ताओं और आयोजन समिति को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अंत में औषध विभागाध्यक्ष डा. ज्योत्सना शर्मा ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# हंगामे की भेंट चढ़ी पालिका बोर्ड बैठक, एक भी प्रस्ताव पास नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक गुरुवार को भारी विरोध और हंगामे के बीच बिना किसी निर्णय के समाप्त हो गई। विकास कार्यों में सुस्ती और बुनियादी सुविधाओं की बदहाली को लेकर सभासदों व स्थानीय नागरिकों ने कड़ा आक्रोश जताया। हालात बिगड़ते देख सुरक्षा के लिए पुलिस बल बुलाना पड़ा। बैठक शुरू होते ही नगर की समस्याओं को लेकर तीखी बहस छिड़ गई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से पेयजल टंकी से दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है, जिसमें कीड़े मिलने की शिकायतें सामने आई हैं। इसके साथ ही सड़कों की जर्जर स्थिति और अधूरे विकास कार्यों पर भी पालिका प्रशासन से जवाब मांगा गया। विरोध बढ़ने पर सदन में शोर-शराबा और नारेबाजी शुरू हो गई। माहौल तनावपूर्ण होता देख अधिशासी अधिकारी पवित्रा त्रिपाठी और नगर पालिका अध्यक्ष राकेश बजरंगी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की मौजूदगी में स्थिति को नियंत्रित किया गया, लेकिन हंगामे के कारण कोई भी प्रस्ताव पारित नहीं हो सका और अधिका. रियों को बैठक समाप्त करनी पड़ी। सभासदों ने कहा कि नगर की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेयजल आपूर्ति की स्थिति गंभीर है और जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि जनहित के मुद्दों का समाधान होने तक विरोध जारी रहेगा।



## एक नजर

# रमजान में सोशल मीडिया से हो रही रोजदारों की मददगार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** मुकद्दस रमजान माह में हर कोई अपनी क्षमता और ज्ञान के मुताबिक अल्लाह की हम्दो सना कर रहा है। इस बदलते दौर में युवा वर्ग सोशल मीडिया का सहारा लेकर भी इबादत कर रहा है, क्योंकि एप पर इबादत करने की सटीक और नई नई जानकारी उपलब्ध हैं।

समाज की मुख्य धारा में स्मार्ट फोन से आ रहे बदलाव की बयार से मुस्लिम वर्ग भी अछूता नहीं रह पाया है। मुकद्दस रमजान माह में बालिग मर्द औरतों से लेकर बच्चे भी रोजा रखकर अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। जिनमें ऐसे युवा वर्ग की तादाद काफी अच्छी खासी है, जो गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से एप्लीकेशन डाउनलोड कर इफ्तार और सेहरी के समय के साथ ही इस दौरान होने वाली दुआ की जानकारी हासिल कर रहे हैं। अरबी और उर्दू के भाषाई ज्ञान से महरूम युवा रोजेदार मक्का मदीना से भी ऐप के माध्यम से लाइव तरावीह सुन रहे हैं। मुनकाद हयात, यूनुस,सबाहत अली, फैजान चौधरी, उस्मान अली ने बताया कि मुकद्दस रमजान माह के संबंध में गूगल प्ले स्टोर एप्लीकेशन के माध्यम से इफ्तार और सेहरी की दुआ के साथ ही इनके पूरी तरह सटीक समय की जानक. ारी भी मिल रही है। जिसका विशेष तौर पर ऐसे युवा रोजदार भरपूर लाभ उठा रहे हैं, जो किसी कारणवश अरबी और उर्दू की पढ़ाई करने से वंचित रह गए थे। मुफ्ती अनस और मौलाना अलाउद्दीन कहते हैं कि इंटरनेट पर रमजान के इफ्तार और सेहरी से लेकर इबादत करने के अन्य तरीकों की जानकारी तो उपलब्ध है, परंतु उन पर अमल करने से पहले इस संबंध में मजहबी उलेमाओं से सत्यापन करा लेना मुनासिब रहता है। क्योंकि मुकद्दस रमजान माह में इबादत करने पर एक नेकी का बदला बढकर सत्तर गुना हो जाता है, परंतु जान बूझकर कोई चूक होने पर इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है।

**सोशल मीडिया पर कौन सी हैं खास एप्लीकेशन**

रमजान कैलेंडर, इफ्तार सहरी की दुआ और टाइम, मुस्लिम प्रो रमजान 2017 समेत कई एप्लीकेशंस सोशल मीडिया पर मौजूद हैं। जिनमें अजान और नमाज का समय, गरीब मजलूमों को खैरात, जकात और सदका अदा करने के तरीके भी शामिल हैं। इसके अलावा कुरआन शरीफ की आयत भी इस्लामिक कैलेंडर, हिजरी डेट, अजान अलार्म, सूरे यासीन, आयतल कुर्सी के साथ ही रमजान की फजीलत पर उलेमा के बयान की एप्लीकेशन भी मौजूद हैं। रमजान लाइव वॉल पेपर और रमजान रिंगटोन भी एप्लीकेशन पर दी गई है ।

**स्वादिष्ट पकवान बनाने की विधि भी है उपलब्ध**

रोजा रखकर करीब 13 घंटों तक भूखा प्यासा रहने वालों को स्वदाष्टि व्यंजन और पकवान मुहैया कराने के मकसद से गूगल प्ले स्टोर पर कई ऐप उपलब्ध हैं। जिनमें सहरी और इफ्तार रेसिपीज, रेसिपीज फॉर रमजान इन अरेबिक, स्पेशल रमजान डिश और इफ्तारी मेकर आदि शामिल हैं। जिन्हें प्ले स्टोर से बड़ी आसानी से डाउनलोड किया जाना संभव है।

# न्यायालय के आदेश पर तीन माह बाद हुआ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव ढोलपुर में तीन माह पूर्व हुई मारपीट की घटना में पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। उसके बाद ने अब न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी अमरीश ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि वह दिनांक एक नंवबर 2025 को समय करीब 11:30 बजे रात्रि को अपने परिवार सहित अपने घर के अंदर बैठा हुआ था। उनके घर का का मुख्य दरवाजा बंद नहीं किया गया था। पीड़ित ने बताया कि उनके परिवार से विपिन, देवेंद्र, अंजु, कोमल, यईशू काफी समय से रंजिश मानते हैं। हर समय आरोपी जान माल का नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते रहते हैं। इसी उद्देश्य से सभी व्यक्ति अपने हाथों में लाठी-डन्डे लिये हुए उसके घर के अंदर घुस आये और आते ही गन्दी गन्दी गालियां देते हुए जान से मारने की नीयत से उस पर और उसके परिवार बालो पर हमला कर दिया। शोर सुनकर अन्य पड़ोसी को आता देखकर आरोपी भविष्य में भुगतने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इसको लेकर थाने समेत पुलिस के आला अधिकारियों को शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं पुलिस ने अब न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# क्रिकेट से जूडो तक दमदार प्रदर्शन, हापुड़ ने जीता मेजबानी का दिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत आयोजित मंडल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के मैदान पर हुआ। कार्यक्रम में जिला. धिकारी हापुड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि सहायक निदेशक बेसिक शिक्षा, जिला विद्यालय निरीक्षक हापुड़, मंडल के विभिन्न जिलों के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारीगण भी मौजूद रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रितु तोमर ने अतिथियों का स्वागत पौधा और बुके भेंट कर किया।

प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन क्रिकेट, फुटबॉल, हैंडबॉल, जूडो, शतरंज, स्विमिंग और बैडमिंटन सहित विभिन्न खेलों में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंडल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी अब प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। अलग-अलग जिलों से आए जिला और ब्लॉक व्यायाम शिक्षकों ने मैदान पर रहकर प्रतियोगिताओं का संचालन कराया, जबकि ब्लॉक पीटीआई ने रेफरी की भूमिका निभाते हुए निर्णय घोषित किए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भी समां बांधा। जिलाधिकारी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए। जिला बेसिक शिक्षा अधिक. ारी रितु तोमर ने बताया कि इस बार मंडल स्तरीय खेलों की मेजबानी हापुड़ को मिली थी, जिसे सुनियोजित रणनीति के साथ सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के सुचारु संचालन के लिए शिक्षकों ने विभिन्न समितियों के माध्यम से दायित्व निभाए। मंच और व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी खंड शिक्षा अधिकारियों तथा जिला व्यायाम शिक्षकों ने संभाली। समापन अवसर पर सहायक निद. ेशक बेसिक शिक्षा ने खेलों की औपचारिक समाप्ति की घोषणा की और प्रतियोगिता का प्रतीक ध्वज अगले वर्ष की मेजबानी करने वाले जनपद गाजियाबाद को सौंपा गया। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक व प्रतिभागी उपस्थित रहे।



# होली को लेकर शांति समिति की बैठक हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** थाने कोतवाली में होली और आगमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में होली समेत अन्य पर्व पर हुडंदग करने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

कोतवाली में आयोजित शांति समिति की बैठक में सीओ स्तुति सिंह ने कहा कि होली के पर्व पर हुड़दंग मचाने वाले लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने कहा कि होली का पर्व भाईचारे के साथ मनाएं। कोई भी अप्रिय घटना हो तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। अफवाहों पर ध्यान न दें। एसडीएम श्रीराम सिंह ने होली के दिन शराब न पीने की अपील की। वहीं थाना सिंभावली में भी सीओ की अध्यक्षता में होली के पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें ग्राम सुरक्षा समिति के पदाधिकारियों से सहयोग की अपील की गई। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट, राशिद अली, अंबार अली, दिनेश कुमार प्रधान, नवरत्न प्रधान, बब्लू प्रधान समेत अन्य मौजूद रहें।



# अवैध रूप से रह रही बांग्लादेशी महिला पर हुई कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराने के लिए फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेने वाली महिला के बांग्लादेशी होने की पुष्टि के बाद महिला और उसके पति के विरुद्ध धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज होने से हडकंप मचा।

गढ़ क्षेत्र के निकटवर्ती गांव दौताई में फर्जी दस्तावेजों के सहारे वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराने का सनसनीखेज मामला सामने आने से पुलिस और प्रशासन के साथ ही खुफिया विभाग में हडकंप मच गया है। ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत पर जांच करने के लिए पुलिस और खुफिया विभाग की टीम गांव में पहुंची थी। जहां जांच पड़ताल के दौरान घर से एक बैग मिला था, जिसमें रखे दस्तावेजों से महिला के बांग्लादेशी होने की पुष्टि हो गई। आगे की जांच पड़ताल में खुलासा हुआ कि दौताई के मसरूफ ने 11 फरवरी 2021 को दिल्ली के एक धार्मिक स्थल में बांग्लादेश मूल की महमूदा से निकाह किया था। जिसके बाद महिला अपने पति के साथ गांव में आकर रहने लगी, जिसने पति से मिलीभगत करते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर रानी नाम से वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज करा लिया था।

किसी ग्रामीण ने रानी के बांग्लादेशी होने को लेकर संबंधित बीएलओ से शिकायत कर दी। जिसको लेकर की गई जांच पड़ताल की भनक लगते ही पहले खुफिया विभाग और फिर उसकी सूचना के आधार पर पुलिस हरकत में आ गई। दौताई हल्के में तैनात दरोगा शिवांग शेखर द्वारा दी गई तहरीर पर मसरूफ और उसकी पत्नी महमूदा उर्फ रानी के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी जैसी संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

दौताई निवासी मसरूफ से निकाह के बाद महमूदा से रानी बनकर फर्जी दस्तावेजों के सहारे वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराने का भंडाफोड़ होने के बाद पुलिस, प्रशासन और खुफिया महकमा पूरी तरह हरकत में आ गए हैं। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि फर्जी दस्तावेज तैयार कराने से लेकर वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराने में सहयोग करने वालों की कुंडली भी खंगाली जा रही है। जांच के दौरान जिनके नाम प्रकाश में आएंगे, उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जीवाड़े का नेटवर्क बेनकाब, तीन आरोपी हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में फर्जी और कूटरचित दस्तावेजों के जरिए संपत्ति का बैनामा करने के मामले में कपूरपुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को ग्राम सपनावत क्षेत्र से दबोचकर उनके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी के अनुसार मामला बीएनएस की धाराओं में दर्ज था, जिसमें आरोप है कि आरोपियों ने जाली दस्तावेज तैयार कर संपत्ति के बैनामे में धोखाधड़ी की। मामले की जांच के दौरान साक्ष्यों के आधार पर आरो. पियों की पहचान की गई और घेराबंदी कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सोनू पुत्र श्योराज निवासी ग्राम करीमपुर भाईपुर थाना धौलाना जनपद हापुड़, राजकुमार पुत्र मुकेश सिंह निवासी ग्राम सपनावत थाना कपूरपुर जनपद हापुड़ तथा सोनी पत्नी करमवीर निवासी ग्राम धनौरा थाना ककोड़ जनपद बुलन्दशहर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि फर्जी दस्तावेजों के नेटवर्क से जुड़े अन्य संभावित पहलुओं की भी जांच की जा रही है। जनपद में भूमि संबंधी धोखाधड़ी के मामलों पर सख्ती बरतते हुए ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# वैल्डिंग दुकान पर हमला, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नौगावां फाटक स्थित वेल्डिंग की दुकान पर लाठी-डंडों और बेल्ट से लैस युवकों द्वारा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर चार नामजद आरोपियों सहित 4-5 अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित राजीव कुमार निवासी ग्राम दौलतपुर, थाना नौगावां सादात का आरोप है की बीते मंगलवार को वह अपनी दुकान पर मौजूद था। उसी समय गजरौला निवासी दीपक, आकाश पुत्र बोबी निवासी शेरपुर, मंदीप निवासी बछरायूं और आजाद निवासी गजरौला अपने 4-5 अज्ञात साथियों के साथ दुकान पर पहुंचे। सभी लोग लाठी-डंडों और बेल्ट से लैस थे। आरोप है कि गाली-गलौज करते हुए आरोपियों ने एकराय होकर राजीव पर हमला कर दिया। जान से मारने की नीयत से की गई मारपीट में उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान हो गया। शोर मचाने पर आसपास के दुकानदार और राहगीर जुट गए, जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मोटरसाइकिलों पर सवार होकर फरार हो गए। घायल राजीव का सीएचसी धनौरा में चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

# होली को लेकर सजीं पिचकारी व रंग-गुलाल की दुकानें

## बच्चों को लुभा रहीं धनुष, त्रिशूल व एरोप्लेन के लुक वाली पिचकारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** होली के त्यौहार को लेकर बाजार में रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं। धनुष, त्रिशूल, एरोप्लेन, और तलवार के साथ-साथ अन्य डिजाइन की पिचकारियां बच्चों को खूब भा रही हैं।



इस बार बाजार में पारंपरिक पिचकारियों के साथ नए डिजाइन बच्चों को खासा लुभा रहे हैं। धनुष, त्रिशूल और तलवार पिचकारी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इनकी बनावट और आकार अलग होने के कारण बच्चे ही नहीं, युवा वर्ग भी इन्हें पसंद कर रहा है। दुकानदारों के अनुसार इनकी मांग अन्य पिचकारियों की तुलना में अधिक देखी जा रही है। होली को देखते हुए बाजार में इस बार मैजिक गन, सायरन पिचकारी, मैजिक तलवार, शिवाजी का बिगुल, शिवजी का त्रिशूल, परशुराम का फरसा, विग, भूतों की माला और मैजिक ग्लास जैसी पिचकारियां भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा होली खेलने के लिए विशेष डिजाइन की टी-शर्ट भी दुकानों पर आई हैं। दस रूपये से लेकर पांच सौ रुपए तक पिचकारियों की रेंज दुकानों पर मौजूद है। बस्ती रोड पर पिचकारी की दुकान लगाने वाले दुकानदार मुनीश गर्ग ने बताया कि धनुष, त्रिशूल, एरोप्लेन आदि के डिजाइन वाली पिचकारियों की खूब बिक्री हो रही है। खुश्बू वाले गुलाल के साथ साथ पक्का रंग के काफी डिमांड है।

# पड़ौसियों पर लगाया मारपीट का आरोप

## महिला समेत तीन घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम देवीपुरा उर्फ मोहसमपुर में पड़ोसियों द्वारा गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर चार नामजद आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव देवीपुरा उर्फ मौहसमपुर निवासी पीड़िता गुड्डी का आरोप है कि बुधवार को उसके पड़ोस में रहने वाले तनवीर, सोविन्द्र, ओमवेश और नरेश ने उसे गंदी-गंदी गालियां देनी शुरू कर दीं। जब उसने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट कर दी। शोर सुनकर उसे बचाने उसके ससुर सुमेर सिंह और जेठ के बेटे मोहित मौके पर पहुंचे, तो आरोपियों ने उनके साथ भी गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। इस हमले में गुड्डी, सुमेर सिंह और मोहि. हत को चोटें आईं। साथ ही आरो. पियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# दौड़ में शिवम व सलोनी ने सबको पछाड़ा

## जेएस कालेज में खेल प्रतियोगिता सम्पन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जे.एस हिंदू पीजी कॉलेज के कैलसा रोड स्थित परिसर में बुधवार को महाविद्यालय स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

समापन समारोह में खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र व पुरस्कार प्रदान करते हुए प्राचार्य प्रो. वीर वीरेंद्र सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। वार्षिक खेल प्रतियोगिताएं होनहार खिलाड़ियों के चयन का महत्वपूर्ण माध्यम हैं, जिससे खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। आज सम्पन्न हुई प्रतियोगिताओं में पुरुष वर्ग की 10 किलोमीटर दौड़ में सत्यम कुमार प्रथम, हिमांशु कुमार द्वितीय तथा चमन तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में दीपांशु प्रथम, धर्मपाल द्वितीय और आदित्य मौर्य तृतीय रहे। 800 मीटर दौड़ में शिवम कुमार ने प्रथम, वासु सागर ने द्वितीय और अक्षय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में भी छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। 800 मीटर दौड़ में सलोनी प्रथम, हंसिका द्वितीय तथा दिव्यांशी तृतीय रहीं। 400 मीटर दौड़ में सलोनी ने प्रथम, नेहा रानी ने द्वितीय और पायल प्रजापति ने तृतीय स्थान हासिल किया। समापन समारोह में सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, प्रशिक्षक संदीप चौधरी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# युवक के सिर में सरिया मारकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** साले व सलहज ने युवक के सिर पर सरिया मारकर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरो. पितों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार नगर के मुहल्ला फाजलपुर निवासी कृष्ण कुमार अपने घर पर था। आरोप है कि हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव माछरा निवासी उसका साला हेम सिंह व उसकी पत्नी धनवती यहां पर आए और कृष्ण कुमार के साथ मारपीट की। उसके सिर में भी सरिया मारकर घायल कर दिया। कृष्ण कुमार के भाई दीपक कुमार की तहरीर पर पुलिस हेम सिंह व उसकी पत्नी धनवती के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## सलेमपुर गौसाई में शादी समारोह में हुआ झगड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गौसाई में एक वैवाहिक समारोह के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच मारपीट भी हुई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच में समझौता हो गया।बताते हैं कि बीती रात सलेमपुर गौसाई में एक युवती की बारात आई थी। आरोप है कि शादी समारोह के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर दोनों पक्षों के कुछ लोगों के बीच विवाद हो गया। गाली गलौच के बाद मारपीट भी हुई। इससे कुछ देर तक वैवाहिक समारोह में शोर शराबे की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच में समझौता हो गया।

# आदर्श स्कूलों में शिक्षक व प्रधानों का अहम योगदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के तहत आने वाले परिषदीय विद्यालयों की दशा सुधारने और शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गुरुवार को हाकमपुर स्थित अवध फार्म हाउस में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का मुख्य एजेंडा ग्राम पंचायतों और विद्यालयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। इस दौरान विधायक पुत्र एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेन्द्र सिंह खड़गवंशी ने दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि एक आदर्श विद्यालय के निर्माण में ग्राम प्रधान और शिक्षकों का आपसी तालमेल रीढ़ की हड्डी के समान है। इस अवसर पर उन ग्राम प्रधानों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। जिन्होंने अपने ग्राम सभा के विद्यालयों की सूरत बदलने में अनुकरणीय योगदान दिया है। प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, जिला मंत्री जगवीर सिंह, और प्रधान संघ अध्यक्ष यशपाल सिंह ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में भाजपा नेत्री सरोज गूर्जर, महेश ठाकुर, एआरपी संजीव मौर्य, मौहम्मद असलम, कमल दीपेन्द्र, महीपाल सिंह, जयवीर सिंह, हरिओम सिंह, प्रमोद कुमार, बिजेंद्र सिंह, गौतम सिंह, संजय सिंह, महताबउद्दीन, राघवेन्द्र सिंह, करणवीर सिंह मौजूद रहे।

# अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश

## डीआईजी मुनिराज ने जनसुवाई कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिये निर्देश, देहात थाने का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** डीआईजी मुनिराज जी गुरुवार को अमरोहा पहुंचे। पुलिस कार्यालय में गार्द की सलामी लेने के बाद विभिन्न शाखाओं का वार्षिक निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीआईजी ने वाचक कार्यालय, आंकिक शाखा, प्रधान लिपिक शाखा, डीसीआरबी, शिकायत प्रकोष्ठ, सोशल मीडिया सेल एवं विशेष जांच प्रकोष्ठ आदि शाखाओं का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न रजिस्टरों व अभिलेखों का सूक्ष्म अवलोकन कर उनके सुव्यवस्थित रख-रखाव, समयबद्ध निस्तारण एवं अभिलेखों को अद्यावधिक रखने को लेकर निर्देश दिए। पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई भी की। फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही सुनिश्चित करने पर बल दिया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान किया जाए। समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों से निष्ठा, मेहनत, लगन एवं समर्पण की भावना से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने, कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने तथा शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करने की बात कही। इस दौरान एसपी अमित कुमार आनंद, एएसपी अखिलेश भदौरिया समेत अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** डीआईजी मुनिराज जी ने एसपी अमित कुमार आनंद के साथ थाना अमरोहा देहात का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय/परिसर, हवालात, भोजनालय, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, थाने की राजकीय संपत्ति व अभिलेख चेक किए। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत स्थापित सीसीटीवी कंट्रोल रुम का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मिशन शक्ति केंद्र में नियुक्त पुलिसकर्मियों को महिला संबंधी शिकायतों एवं अपराधों पर प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष, त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। अपराध व त्योहार रजिस्टर आदि का अवलोकन करते हुए दस्तावेजों को अद्यावधिक रखने व रख-रखाव को दुरस्त करने के दिशा-निर्देश दिए। मालखाने में रखे शस्त्रों, दंगा नियंत्रण उपकरणों की साफ सफाई व रख रखाव का जायजा लिया, पुलिस कर्मियों से शस्त्र हेंडलिंग कराई तथा थाना परिसर में खड़े माल मुकदमाती एवं लावा. रिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण को लेकर निर्देशित किया। टॉप-10 अपराधियों की सूची का अवलोकन कर अपराधियों पर और अधिक प्रभावी कार्रवाई करने की बात कही। वांछित, ईनामी अपराधियों एवं गैर जमानती वारंटियों की गिरफ्तारी के अभियान की समीक्षा की, अधिक से अधिक कार्रवाई कर गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इस दौरान एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ अवधभान सिंह भदौरिया व प्रभारी निरीक्षक शोकेंद्र सिंह बालियान मौजूद रहे।

# चेयरपर्सन ने देखा पुलिया का निर्माण कार्य

## मानक अनुरूप और समय से कार्य पूरा कराने के लिए ठेकेदार को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर पालिका की अध्यक्षा राजेंद्री उर्फ उमा देवी ने इंदि. रा चौक पर निर्माणाधीन पुलिया का किया स्थलीय निरीक्षण करके

**■ 'लाइफलाइन' साबित होगी यह पुलिया : राजेन्द्री**

ठेकेदार को कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा कराने के निर्देश दिए।



गुरूवार को नगर पालिका परिषद गजरौला की अध्यक्षा राजेंद्री उर्फ उमा देवी ने इंदिरा चौक पर निर्माणाधीन पुलिया का सघन स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति का अवलोकन करते हुए कार्यदायी संस्था को कड़े निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री उच्चतम मानकों के अनुरूप ही होनी चाहिए। जनहित को सर्वोपरि रखते हुए पुलिया का निर्माण निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। यह पुलिया क्षेत्र की जल निकासी और सुगम यातायात के लिए 'लाइफलाइन' साबित होगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक व नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह जी, रवि सैनी, दीपक कुमार, अशोक शर्मा, अचित शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भागीरथी देवी में डिजिटल शिक्षा की नई शुरूआत

## फाउंडेशन से हुआ समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भागीरथी देवी महाविद्यालय ने अपने छात्र-छात्राओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। महाविद्यालय ने शूटिंग स्टार्स फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य छात्रों को आधुनिक और रोजगार से जुड़े कौशल सिखाना है, ताकि वे आगे चलकर प्रतिस्पर्धी रोजगार बाजार में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के अंतर्गत एक हजार से अधिक निःशुल्क ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए जाएंगे। पाठ्यक्रम पूरा करने पर छात्रों को आईबीएम डिजिटल बैज और



प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। पढ़ाई की सुविधा चौबीस घंटे ऑनलाइन रहेगी, जिससे छात्र अपनी सुविधा और गति के अनुसार अध्ययन कर सकेंगे। इसके साथ ही ऑनलाइन संगोष्ठी (वेबिनार) और तकनीकी प्रतियोगिताओं (हैकाथॉन) में भाग लेने के अवसर भी मिलेंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सांसद जितिन प्रसाद के प्रयासों से जनशताब्दी पूर्णागिरी एक्सप्रेस गाड़ी का मझोला में होगा 2 मिनट का ठहराव

पीलीभीत। पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर मंडल पर केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री, भारत सरकार जितिन प्रसाद ने गुरुवार को 12035/12036 टनकपुर-दिल्ली-टनकपुर जनशताब्दी पूर्णागिरी एक्सप्रेस गाड़ी का 2 मिनट का प्रायोगिक ठहराव के अवसर पर मझोला पकड़िया रेलवे स्टेशन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मझोला पकड़िया रेलवे स्टेशन पर आयोजित भव्य समारोह में केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि मझोला पकड़िया क्षेत्रवासियों को टनकपुर-दिल्ली जनशताब्दी गाड़ी की सौगात मिली है। यहाँ की बहुप्रतिक्षित मांग को रेलवे प्रशासन द्वारा आज पूरा कर दिया गया। जो यहां के क्षेत्रीय लोगों के विकास के लिए एक नई सौगात मिली है।

इस गाड़ी के ठहराव से स्थानीय जनता, स्कूली बच्चों एवं व्यापारियों को पीलीभीत, बरेली, मुरादाबाद एवं दिल्ली आवागमन करने हेतु सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक रेल यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो गई है। आगे उन्होंने कहा कि अब स्कूली बच्चें दूसरे जनपदों में जाकर शिक्षा ग्रहण करेंगे तथा यहां के किसान भी अपने अनाजों को बड़े शहरों में बेचकर मुनाफा कमा सकते हैं। यहां की सम्मानित जनता अपना अन्य महत्वपूर्ण दैनिक कामों को भी ट्रेन सेवा उपलब्ध हो जाने से समय बचत के साथ कम खर्चों में निपटारा कर लेंगे। मझोला पकड़िया से पीलीभीत एवं टनकपुर की तरफ यात्रा करने में और ज्यादा सुविधा होगी और भी कई लाभकारी योजनाओं को यहां की जनता के विकास के लिए लखनऊ एवं दिल्ली से खींच कर लाने का आश्वासन दिया। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि टनकपुर जनशताब्दी एक्सप्रेस गाड़ी का मझोला पकड़िया पर ठहराव हो जाने से मझोला के यात्रियों की कनैक्टिविटी सीधे पीलीभीत, टनकपुर, बरेली, मुरादाबाद होते हुए दिल्ली प्रान्त से हो जाएगा।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का हुआ सफल आयोजन

**पीलीभीत।** समाधान आईपीटी अन्वेषिका समाधान आईपीटी अन्वेषिका के तत्वाधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान के प्रति उत्साह और उमंग जागृत करने और बनाए रखना के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर प्रस्तावितरी दिवासी कार्यक्रम में आज का लक्ष्य कक्षा 1 से 5 तक बाल पीढ़ी रही उन्हें 25 वैज्ञानिकों के चित्र संकलन हेतु कहा गयाद्य स्प्रिगडेल कॉलेज, स्प्रिगडेल पब्लिक स्कूल, लॉर्ड कृष्णा स्कूल, गोस्वामी मांस प्राइड स्कूल, कंपोजिट विद्यालय नकाशा, कंपोजिट विद्यालय अशरफ खान, मदरसा फलाहे आलम, लाइंस बाल विद्या मंदिर, सुरेश शुक्ला मेमोरियल स्कूल, मदर ग्रेस पब्लिक स्कूल, उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहा, श्री बृजवासी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रोजी फ्लावर स्कूल, जेएमबी किड्स ,अवध पब्लिक स्कूल, रानी अवंती बाई जूनियर हाई स्कूल, प्रत्येक से दो-दो प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। बाल पीढ़ी में वैज्ञानिकों को जाना व पहचानाद्य कुछ विद्यार्थियों ने भारतीय वैज्ञानिकों को ही प्रस्तुत किया। समन्वयक लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाते हैं यह उस गौरवशाली क्षण की याद में मनाया जाता है, जब 28 फरवरी 1928 को महान वैज्ञानिक सीवी रमन ने सीमित संसाधनों में रमन प्रभाव की खोज की जिसके लिए उन्हें 1930 का नोबेल पुरस्कार मिला सर सीवी रमन अकेले ऐसे भारतीय वैज्ञानिक हैं जिन्होंने यह मुकाम हासिल किया बताया कि विज्ञान की ताकत खुद कर दिया खुद करके देखना और सीखने में है रटने में नहीं है विज्ञान को इस तरह अपना दोस्त बनाने में विज्ञान के प्रति दिलचस्पी बढ़ेगी। कार्यक्रम में शुभम शर्मा, शुभम, सोनिया गोस्वामी, सोमेश शर्मा, अमित शर्मा, यामिनी मिश्रा सनी दीक्षित, गीता देवी, आरती मिश्रा, प्रखर त्रिवेदी आदि का योगदान रहा।

# जनपद के 452 लाभार्थियों को पीपीई किट वितरित

**पीलीभीत।** भारत सरकार द्वारा नेशनल एक्शन फॉर मेकेनाईज्ड सेनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन मुख्य केन्द्रीय राज्यमंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय बीएलवर्मा की अध्यक्षता में गांधी प्रेक्षागृह में सफाई कर्मचारियों को सम्मान व सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित नेशनल एक्शन फॉर मेकेनाईज्ड सेनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) योजना की जानकारी देते हुये अवगत कराया कि योजना के तहत अब तक 89248 सीवर सेप्टिक टैंक वर्कर्स का सत्यापन किया जा चुका है तथा 87037 सीवर सेप्टिक टैंक वर्कर्स को पीपीई किट्स प्रदान किए जा चुके हैं तथा 74647 वर्कस को आयुष्मान कार्ड के तहत स्वास्थ्य बीमा किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त देश में 187120 वेस्टपिकर की प्राफाईलिंग हुई है। उन्होंने बताया कि जनपद पीलीभीत में कुल 92 सीवर एवं सेप्टिक टैंक कर्मी तथा 452 वेस्ट पिकर्स प्रोफाइलिंग में मान्य हो चुके हैं।

# हरिओम के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** कांवड़ लेने जा रहे गांव सलामतपुर निवासी हरिओम प्रजापति की गोली मारकर हत्या के मामले में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो समाज सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को विवश होगा।

# जोगराजपुर में बने सुलभ शौचालय के मोटर का निजी कार्यों में किया जा रहा प्रयोग

i|ju|i|jA ग्राम पंचायत जोगराजपुर में, सुलभ शौचालय के पास बन रही है प्राइवेट बिल्डिंग का काम पिछले 2 महीने से अधिक समय से चल रहा है,, इस बिल्डिंग के लिए, पानी सुलभ शौचालय मैं लगे मोटर से, बिल्डिंग मे पानी प्रयोग किया जा रहा है साथ ही सुलभ शौचालय को, मटेरियल रूम बना दिया गया है, सुलभ शौचालय बिल्डिंग मटेरियल में काम आने वाले सभी सामान से पटा पड़ा है।

# इफ्तार के वक्त दुआ होती है कुबूल : कारी इमरान रजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुरुवार कारी इमरान रजा ने कहा रोजेदार के बराबर सवाब: हदीस के मुताबिक, जो शख्स किसी रोजेदार को इफ्तार कराता है, उसे उतना ही सवाब मिलता है जितना रोजा रखने वाले को मिला, और रोजेदार के सवाब में भी कोई कमी नहीं की जाती। घ्युनाहों की मगफिरत: इफ्तार कराना गुनाहों की माफी और जहन्नुम की आग से नजात का जरिया बनता है। घ्बरकत



और दुआएं: जब रोजेदार आपके यहाँ इफ्तार करता है, तो फरिश्ते इफ्तार कराने वाले के लिए दुआ करते हैं। मोहब्बत और भाईचारा: इससे समाज में मेल-जोल बढ़ता है और गरीबों व जरूरतमंदों की मदद होती है, जो रमजान का असल मकसद है।

**एक खास बात:**

जरूरी नहीं कि इफ्तार बहुत भारी-भरकम दावत के साथ ही हो। अगर कोई शख्स एक खजूर, पानी के एक घूंट या थोड़े से दूध से भी किसी का रोजा इफ्तार कराता है, तो अल्लाह उसे पूरा सवाब अता फरमाता है।

# वैतन न मिलने से परेशान नगर पंचायत कर्मियो ने हड़ताल की दी चेतावनी किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

मसवसी। वैतन न मिलने से परेशान नगर पंचायत कर्मियो ने हड़ताल की चेतावनी दी है नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दो माह पूर्व छुट्टी पर गये थे लेकिन आज तक दो माह बीत गए लेकिन वह नगर पंचायत कार्यालय नही आये जहा नागरिक परेशान है वही नगर पंचायत कर्मियो को दो माह का वैतन भी नही मिला है वही नागरिक जन्म व मृत्य प्रमाणपत्र बन वाने के लिए दफ्तर के चक्कर काट रहे है दो माह से अधिशासी अधिकारी की कुर्सी खाली पड़ी है बताया गया है अधीशासी अधिकारी नगर पंचायत कार्यालय आना ही नही चाहते अब उन्होने एक वर्ष के लिए छुट्टी ले रखी




है जिसकी वजह से नगर पंचायत कर्मियो को वैतन नही मिला है अब होली का त्यौहार आने को है लेकिन नगर पंचायत मे ईओ नही आये जिसकी वजह नगर पंचायत कर्मियो का वैतन अटका हुआ है इसी बात को लेकर बृहस्पतिवार को नगर पंचायत कर्मियो का सब्र जवाब दे गया उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ के पद अधिकारियो ने बृहस्पतिवार को एक बैठक का आयोजन नगर पंचायत कार्यालय पर कर प्रदर्शन किया जिसमे यह निर्णय लिया गया कि 28 फरवरी तक अगर वैतन नही मिला तो नगर पंचायत कर्मी उग्र आन्दोलन करेंगी और नगर की सफाई व्यवस्था सहित समस्त कार्य चौपट कर हड़ताल पर चले जायगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी बैठक मे मुकेश कुमार, अध्यक्ष सरजीत सिंह, नितिन, करन, सचिन, राहुल, सोमपाल, विजय, राकेश राजीव, अशोक कुमार, कुलदीप, अजय, प्रदीप, राकेश कुमार आदि शामिल रहे।

# सीडीओ ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय का औचक निरीक्षण किया ,पढ़ाई के लिए प्रेरित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**शाहबाद।** मुख्य विकास अधिकारी सीडीओ गुलाब चंद ने गुरुवार को शाहबाद तहसील के पटवाई स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय में 100 छात्राओं में से 88 उपस्थित पाई गईं। समस्त शैक्षिक स्टाफ भी निर्धारित समय पर मौजूद मिला।निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कक्षा 6 और 7 की छात्राओं से भूगोल, विज्ञान, गणित और अन्य विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे। उन्होंने बालिकाओं को विषयों को रटने के बजाय समझकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, कठिन विषयों को सरल तरीकों से सीखने के संबंध में मार्गदर्शन



भी प्रदान किया।सीडीओ ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई का भी जायजा लिया। उन्होंने शिक्षिकाओं को निर्देश दिए कि बालिकाओं की शैक्षिक गुणवत्ता में लगातार सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अनुशासन, स्वच्छता और नियमित अध्ययन पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया।निरीक्षण के समय सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी राजीव कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी शाहाबाद अशोक कुमार, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा जानिसार अख्तर और प्रभारी वार्डन किरण बाला भी उपस्थित रहे।

# 2.53 करोड़ रूपये की लागत से बनकर तैयार होंगी दो सड़कें

## शहर विधायक आकाश सक्सेना ने किया शिलान्यास

## बोले सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के समग्र विकास को मिलेगी नई गति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** लोक निर्माण विभाग की ओर से नगर विधानसभा क्षेत्र में 2.53 करोड़ रूपये की लागत से दो सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने दोनों सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के बनने से सिर्फ आवागमन ही सुगम नहीं होगा, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को गति देने में दोनों सड़कें सहायक सिद्ध होंगी।

चिकना से चिकटी रामनगर मार्ग तक सड़क कच्ची थी, जिस कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कतें होती थीं। लोगों की यह मुश्किल बरसात के दिनों में और अधिक हो जाती थी। कुछ इसी तरह के हालात लक्ष्मीनगर मार्ग के थे। गहरे गहरे गडढे होने की वजह से




आएदिन हादसे होते रहते थे। ऐसे में क्षेत्रीय लोगों ने शहर विधायक आकाश सक्सेना से सड़क का निर्माण कराने की मांग की थी, जिसके बाद विधायक ने लोक निर्माण विभाग के माध्यम से प्रस्ताव शासन को भेज दिया था। शासन ने दोनों सड़कों के निर्माण को मंजूरी दे दी। गुरूवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना ने दोनों सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। गांव हो या शहर सभी जगह न सिर्फ अच्छी सड़कें बन रही हैं, बल्कि लोगों का आवागमन भी सुलभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि अच्छी सड़कें विकास की रीढ़ होती हैं और इससे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। लोगों की स्कूल, अस्पताल, बाजार और अन्य सार्वजनिक स्थलों तक पहुंच आसान होगी। बरसात के मौसम में जलभराव और कीचड़ की समस्या से भी लोगों को राहत मिलेगी। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंग. वार, जगपाल यादव, अशोक विश्नोई, अर्जुन रस्तोगी, प्रदीप गुप्ता, अवधेश शर्मा, अन्नू सक्सेना, विक्की सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# बीएसएनएल रामपुर में उपभोक्ता जागरूकता कार्यशाला, टेलीकॉम क्वालिटी और साइबर सुरक्षा पर चर्चा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

..................

**रामपुर।** भारत संचार निगम लिमिटेड रामपुर के सिविल लाइन स्थित कार्यालय परिसर में उपभोक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यालय का मुख्य विषय दूरसंचार सेवाओं की क्वालिटी था। जनपद में बीएसएनल द्वारा प्रदत्त सेवाओं एवं उपलब्ध ब्रॉडबैंड तथा मोबाइल के प्लांस की भी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त साइबर क्राइम तथा डिजिटल फ्रॉड के तरीके तथा उनसे बचाव के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ट्राई की ओर से उपभोक्ता महासंघजागो ग्राहक जागो के प्रेम शंकर गुप्ता, पायल वर्मा, नरेंद्र कुमार, अमन सिंह, मनोज कुमार गुप्ता ने उपभोक्ताओं को जागरूक किया। बीएसएनएल की ओर से सहायक महाप्रबंधक त्रिनेत्र सिंह पांगती, मैनेजर विनय कुमार श्रीवास्तव, उपमंडलीय अभियंता राजेंद्र कुमार एवं विकास कुमार, जेटीओ सत्यवीर सिंह, जेई फरहान मलिक आदि मौजूद रहे।

# टाण्डा में एकीकृत स्वास्थ्य शिविर आयोजित, 148 लोगों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** चेतना सेवा संस्थान द्वारा उत्तर प्रदेश एड्स कंट्रोल समिति के निर्देशानुसार टाण्डा क्षेत्र के पड़ाव मोहल्ला में एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एचआईवी, सिफलिस तथा हेपेटाइटिस-बी एवं सी की नि:शुल्क जांच की गई।

शिविर का शुभारंभ टाण्डा नगरपालिका के चेयरमैन सरफराज आलम एवं वार्ड नंबर 3 के सभासद मिराज इस्लाम भूरा की उपस्थिति में हुआ। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आमजन को गंभीर बीमा. रियों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



इस अवसर पर संस्थान के परियोजना प्रबंधक अंकित गुलाटी, एम एंड ई फैजान कुरैशी, टीबी वार्ड स्टाफ, आईसीटीसी से काउंसलर प्रदीप एवं हिमांशु तथा डीएसआरसी से शकील सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। शिविर में कुल 148 व्यक्तियों की एचआईवी, सिफलिस, हेपेटाइटिस-बी एवं सी की जांच की गई, साथ ही टीबी के 4 संदिग्ध मरीजों की स्क्रीनिंग भी की गई। उपस्थित नागरिकों को जांच के साथ साथ स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि एचआईवी व हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारियों की समय पर जांच और उपचार से इन्हें नियंत्रित किया जा सकता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा संक्रामक रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

# रास्ते में पाड़ बांधने को लेकर दो पक्षो मे जमकर हुआ विवाद एक युवक को लाठी डंडे से पीटकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर के मोहल्ला वार्ड नंबर चार में निर्माणाधीन मकान की पाड़ से रास्ता तंग हो गया। रास्ता तंग करने का विरोध करने पर युवक को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। युवक की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। नगर के मोहल्ला वार्ड नंबर 4 निवासी कलवे हसन पुत्र बरकतुल्लाह रास्ते से गुजर रहा था वही रास्ते मे मकान की पाड़ बंधी हुई थी। जिससे आगमन में परेशानी हो रही थी। इस दौरान पाड़ के पास इसरार पुत्र अनीश अहमद आरिफ पुत्र नामालूम खड़े थे रास्ते में पाड़ बांधने का विरोध करने पर दोनों युवकों ने गाली गलौज की रास्ते से पाड हटाने से इनकार कर दिया। रास्ता खोलने को लेकर दोनों युवक गाली गलौज करते हुए हमलावर हो गए। ओर लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया है और तहरीर के आधार पर दोनों युवकों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले में शीघ्र ही जांच कर कार्रवाई जाएगी।

# गौ रक्षा सेवा समिति के जिला अध्यक्ष ने मृत गोवंश का, अंतिम संस्कार कराया



**शाह टाइम्स संवाददाता . जहीर खान**

**शाहबाद।** नगर क्षेत्र में गौ रक्षा सेवा समिति के पदाधिकारियों ने एक मृत गोवंश का अंतिम संस्कार कराया। समिति को यह मृत गोवंश नगर क्षेत्र में मिला था।समिति के जिलाध्यक्ष सुंदर लाल ने इस कार्य की जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने जेसीबी मशीन बुलाकर गड्ढा खुदवाया और पूरे विधि-विधान के साथ गोवंश का अंतिम संस्कार संपन्न कराया।इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने गौसेवा का संकल्प लिया। उन्होंने समाज में गौ संरक्षण और सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी आह्वान किया।इस दौरान युवा जिलाध्यक्ष सुंदर लाल सहित गौ रक्षा सेवा समिति के कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# डीएम और रेडिको चेयरपर्सन अनिता चौहान की मौजूदगी में बेबसी को मिली रफ्तार, बीमारी को संजीवनी

## रेडिको खेतान के सहयोग से 3 दिव्यांगों को मिली मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामपुर। जनता दर्शन अब जरूरतमंदों और बेबस लोगों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभर रहा है। यहां शिकायतें सिर्फ कागजों में दर्ज नहीं हो रहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को सर्वोपरि रखते हुए उनका त्वरित और प्रभावी समाधान किया जा रहा है।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट प्रांगण में भावुक दृश्य देखने को मिला, जब हाथ-पैरों से असमर्थ तीन दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड (इलेक्ट्रिक) ट्राईसाइकिल सौंपी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के साथ अनिता चौहान (चेयरपर्सन, सीएसआर) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कुछ दिन पूर्व जनता दर्शन में आलिया (निवासी घेर आजम), नैपाल सिंह (निवासी मोवीनपुर अहमदाबाद) और



ओमपाल (निवासी सिरसा, तहसील मिलक) ने अपनी समस्या रखी थी। उनकी शारी. रिक स्थिति ऐसी थी कि वे सामान्य हाथ से चलने वाली ट्राईसाइकिल का उपयोग नहीं कर सकते थे। समस्या की गंभीरता को समझते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल स्थानीय कंपनी रेडिको खेतान लिमिटेड से संपर्क किया।

कंपनी की सीएसआर पहल के तहत 10 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिलें प्रशासन को उपलब्ध कराई गईं। वितरण समारोह में कंपनी के डायरेक्टर अमर सिंह और वाइस प्रेसिडेंट अजय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। तीन ट्राईसाइकिलें तत्काल पात्र लाभार्थियों को सौंप दी गईं, जबकि शेष सात का वितरण शीघ्र किया जाएगा।

# SPEL-3 कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को पुलिस कार्यप्रणाली की दी गई जानकारी

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रजा पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रशिक्षण सत्र आयोजित





**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामपुर। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरियेंशल लर्निंग (SPEL&3) कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को पुलिस विभाग की संरचना, कर्तव्यों और कानूनी प्रक्रियाओं की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना है।

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा संचालित इस पहल के तहत विद्यार्थियों को कानून एवं आपराधिक प्रक्रिया, आपराधिक अनुसंधान, यातायात व्यवस्था, कानून-व्यवस्था बनाए रखने की प्रणाली सहित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे इंटर्नशिप के रूप में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकें। इसी क्रम में दिनांक 26 फरवरी 2026 को रजा पी.जी. कॉलेज, रामपुर के छात्र-छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रामपुर, अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर एवं क्षेत्राधिकारी नगर रामपुर ने विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यकुशलता, अभिलेख संधारण, अपराध नियंत्रण, पुलिसिंग प्रणाली तथा साइबर अपराध से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।

अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हुए सकारात्मक संदेशों का प्रचार-प्रसार करने और समाज में "पुलिस मित्र" की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पुलिस कार्यप्रणाली से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जिज्ञासाएं भी व्यक्त कीं, जिनका अधिकारियों ने विस्तार से समाधान किया।

यह पहल युवाओं और पुलिस के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। यदि आप चाहें तो मैं इसमें पुलिस अधीक्षक का सीधा उद्धरण जोड़कर इसे और अधिक प्रभावशाली बना सकता हूँ।

# शाहबाद पुलिस ने देशी शराब के साथ, एक संदिग्धित किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**शाहबाद।** पुलिस ने बुधवार को चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को 20 फ्रूटी पाउच देशी शराब के साथ गिरपतार किया है। यह गिरपतारी ग्राम गदमर पट्टी रोड पर शमशान गेट के पास से की गई।

गिरपतार किए गए व्यक्ति की पहचान मनोज कुमार के रूप में हुई है, जो ग्राम ढकिया, थाना शाहबाद, जनपद रामपुर का निवासी है। पुलिस ने उसे संदिग्ध गतिविधियों के चलते रोका था।बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर, थाना शाहबाद में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आगे की आवश्यक कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

# डेढ़ हजार रुपये के लिए युवक की हत्या

**■ नाले में फेंका शव; आरोपी गिरफ्तार**





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा से हैरान करने वाली घटना सामने आई है। पैसे के लेनदेन का विवाद इतना गहराया कि दोस्त ने ही साथी के सिर को पत्थर से कुचलकर मार डाला। इसके बाद आरोपी ने शव को नाले में फेंक दिया। मामले खुलासा तब हुआ जब आरोपी मृतक के शव को ठिकाने लगा रहा था। लोगों ने दोस्त के शव को नाले में फेंकते समय आरोपी को पकड़ लिया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

नोएडा सेंट्रल डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने कहा कि सेक्टर 64 में एक युवक की लाश मिली थी। पुलिस स्टेशन फेज-3 के तहत युवक की हत्या कर लाश को नाले में फेंके जाने का मामला सामने आया। पुलिस ने युवक के लाश को बरामद किया। मरने वाले युवक की पहचान राहुल (35) के रूप में हुई है।डीसीपी ने बताया कि पूछताछ करने पर हमें पता चला कि उसका अपने दोस्त रविंद्र के साथ पैसों से जुड़ा मामला था। रविंद्र ने उसे पत्थर से मारा और नाले में फेंक दिया। आरोपी को ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया है। मामले में आगे की जांच चल रही है।

**लोगों ने दी थी जानकारी:** हत्याकांड की जानकारी पुलिस को लोगों ने दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने नाले से शव को बरामद कर उसका पंचनामा किया। इसके बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने कहा कि राहुल फुटपाथ पर सोता था।

**पैसे को लेकर हुआ था झगड़ा:** राहुल का हत्यारोपी रविंद्र (30) पुत्र बनवीर सिंह निवासी पौड़ी गढ़वाल, उतराखंड से पैसे को लेकर झगड़ा हो गया। दोनों के बीच 1500 रुपये के लेन-देन को लेकर विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते रविंद्र और राहुल में झगड़ा बढ़ता चला गया। इसके बाद रविंद्र ने राहुल के सिर पर पत्थर मारकर उसको नाले में धकेल दिया।

पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि मृतक राहुल और हत्यारोपित दिहाड़ी मजदूर थे। दोनों नशे आदी थे। वे दोनों फुटपाथ पर ही सोते थे। पुलिस घटना को लेकर अन्य एंगल से भी जांच कर रही है। राहुल के परिवार के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

# पुष्प प्रकृति की तरफ से मानवता को सबसे बड़ी देन: डॉ महेश शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पुष्प प्रकृति की तरफ से मानवता को सबसे बड़ी देन है। प्रकृति और मानव का चोली-दामन का साथ है। भारत की संस्कृति में फूलों का अपना महत्व है। मनुष्य के जीवन से लेकर मृत्यु तक फूल साथ रहते हैं। पुष्प हमारे जीवन में रंग और महक भरते हैं। लोकसभा सांसद डॉ महेश शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से सम्राट मिहिरभोज पार्क (सिटी पार्क) में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी के शुभारंभ के मौके पर ये बातें कहीं। पुष्प प्रदर्शनी 01 मार्च तक चलेगी।

भाजपा के जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, प्रभारी प्रमोद गुप्ता, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ सुमित यादव की मौजूदगी में सांसद ने पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। पुष्प प्रदर्शनी में वाहनों की पार्किंग व प्रवेश निशुल्क है। डॉ महेश शर्मा ने यह भी कहा कि किसी भी शहर की पहचान ईंट पत्थरों से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक ताने-बाने से होती है। पुष्प प्रदर्शनी जैसे आयोजनों से शहर जीवंत बनते हैं। उन्होंने जिले के निवासियों से सिटी पार्क में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी का परिवार, पड़ोसी और मित्रों के साथ लुत्फ उठाने की अपील की। सांसद ने पुष्प प्रदर्शनी के आयोजन के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार और सभी एसीईओ व अन्य टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रेटर नोएडा कर्ज में डूबा था, लेकिन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के मार्गदर्षन में टीम ने मेहनत की और प्राधिकरण को कर्ज से मुक्त करा लिया। अब तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। सांसद ने पुष्प प्रदर्शनी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूली छात्रों ने मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस दौरान भाजपा महिला जिलाध्यक्ष रजनी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के प्रधान महाप्रबंधक संदीप चंद्रा, महाप्र. बंधक एके सिंह, ओएसडी अभिषेक पाठक, ओएसडी गिरीश कुमार झा, डीजीएम एसके जैन, वरिष्ठ प्रबंधक अजित भाई पटेल, उपनिदेशक उद्यान नथोली सिंह, सहायक निदेशक बुद्ध विलास आदि मौजूद रहे।

**ड्रोन शो, ऑपरेशन सिंदूर व अन्य आकृतियां बनी आर्कषण का केंद्रः** ग्रेटर नोएडा के पुष्प प्रदर्शनी में पहली बार ड्रोन शो का आयोजन हुआ, जिसे देखकर लोग आश्चर्यचकित रह गए। आसमान में ड्रोन के जरिए बनने वाले भारत का मैप, आयोध्या मंदिर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर बहुत लुभाने वाली रही। ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर फूलों से बनी आकृति सभी के आर्कषण का केंद्र बनी हुई है।

## साड़ ने युवक को पटका

**नोएडा।** नोएडा में सांड ने एक युवक को उठाकर पटक दिया। वह सड़क पर खड़े होकर अपने दोस्तों से बात कर रहा था। जिसका एक वीडियो भी सामने आया है। बताया गया कि ये वीडियो नोएडा के सेक्टर-4 का है। युवक को चोट लगी है। उसका प्राथमिक उपचार किया गया। नोएडा में आवारा पशुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है। इन पशुओं को पकड़ कर शेल्टर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी नोएडा प्राधिकरण की है। इसके बाद भी सड़क पर आवारा पशुओं बढ़ते जा रहे है। कई बार प्राधिकरण एक्शन भी ले चुका है लेकिन असर सड़क पर नहीं दिख रहा। पहले भी नोएडा में साड़ की टक्कर से एक महिला की मौत तक हो चुकी है। साथ ही कई लोग घायल हो चुके है। इसका एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें साफ दिख रहा है कि एक युवक कार के पीछे कुछ लोगों से बात कर रहा है।

# टायर चोरी करने वाले गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-20 थाने की पुलिस ने एनसीआर के शहरों से कार के टायर चोरी करने वाले दो बदमाशों को बुधवार देर रात ब्रह्मपुत्र मार्केट से गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से नौ टायर, एक कार, पांच हजार रुपये बरामद हुए। एसीपी प्रवीन कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर-20 थाने की पुलिस ब्रह्मपुत्र मार्केट के पास चेकिंग कर रही थी।

इस दौरान एक कार के पास दो संदिग्ध खड़े दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान होशियारपुर गांव के भूपेंद्र और गाजियाबाद के छपरौला गांव निवासी सतीश कुमार के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला है कि दोनों आरोपी दिन में हाइब्रिड फ्लीट मैनेजमेंट कंपनी की गाड़ी चलाते हैं।

इस दौरान वे सेक्टर और सोसाइटी में खड़े वाहनों की रेकी भी कर लेते। मौका पाकर रात में वाहनों से टायर चोरी की वारदातों को अंजाम देते। चोरी के टायर को कबाड़ी या कैब चलाने वालों को बेच देते। इससे प्राप्त रकम को आपस में बांट लेते। रकम से अपने शौक और खर्चे पूरे करते। आरो. पियों ने सेवानिवृत्त कर्नल के बेटे के साथ-साथ अन्य कार के भी टायर चोरी किए थे। सेक्टर-20 और सेक्टर-24 थाना क्षेत्र में कई वारदात कर चुके हैं।

वह टायर चोरी करने के अलावा कार का शीशा तोड़कर कीमती सामान और बैटरी भी चोरी कर चुके हैं। पुलिस आरोपियों के अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटा रही है।




**एक नजर**

## संस्कृति विवि में वक्ताओं ने छात्रों को उद्यमी बनने के लिए किया प्रेरित




**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा विद्यार्थियों को औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए प्रोत्साहित और गाइड करने के लिए माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज(एमएसएमई) के साथ मिलकर एक एंटरप्रेन्योरशिप अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ वक्ताओं ने एंटरप्रेन्योरशिप के मौकों, सरकारी सपोर्ट स्कीमों, स्टार्टअप डेवलपमेंट स्ट्रेटेजी और उभरते हुए एंटरप्रेन्योर्स के लिए मौजूद फाइनेंशियल मदद के बारे में विस्तार से जानकारियां दीं। कार्यक्रम के दौरान प्रति कुलाधिपति डॉ. रघुराम भट्टा ने विद्यार्थियों को भविष्य के एंटरप्रेन्योर्स को बनाने में इनोवेशन, आत्मनिर्भरता और स्किल डेवलपमेंट के महत्व पर जोर दिया। एमएसएमई आगरा के फील्ड आफिसर योगेंद्र प्रताप सिंह ने एमएसएमई की अलग-अलग योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की और फाइनेंशियल सपोर्ट सिस्टम, सेल्फ-एम्प्लॉयमेंट के मौकों और बिजनेस प्लानिंग स्ट्रेटेजी पर कीमती जानकारी शेयर की, जिससे विद्यार्थियों को बिजनेस शुरू करने और उसे बनाए रखने के बारे में व्यवहारिक जानकारी मिली। श्रीमती शिप्रा राठी, प्रेसिडेंट, खजानी वेलफेयर सोसाइटी, मथुरा (रोजगार दीदी), ने स्टूडेंट्स को अपनी स्किल्स को एक्सप्लोर करने और एंटरप्रेन्योर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, केनरा बैंक, रवींद्र सिन्हा ने बैंक लोन पॉलिसीज के बारे में बताया और बताया कि बैंक एंटरप्रेन्योर बनने में कैसे मदद कर सकते हैं। केनरा बैंक के फाइनेंशियल कंसल्टेंट, मिस्टर अमित चतुर्वेदी ने फ्रॉड और साइबर क्राइम से बचाने के लिए सुधार के तरीकों के बारे में बताया।

# सरकार सहयोग और सुविधाएं दे तो सृजित करेंगे दो लाख रोजगार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में बृहस्पतिवार को चौंबर ऑफ एक्सपोर्ट्स की हुई वार्षिक आम सभा की बैठक में निर्यातकों ने कहा कि पिछले साल प्रदेश सरकार को इंवेस्ट यूपी में 1300 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया था, लेकिन अब तक उस पर कोई फैसला नहीं मिला। सरकार अगर सहयोग और सुविधा दे तो निर्यातक 10 हजार करोड़ के निवेश के साथ दो लाख से अधिक रोजगार सृजित कर सकते हैं।

चौंबर ऑफ एक्सपोर्ट्स के महासचिव ने कहा कि इंवेस्ट यूपी मीट में सरकार से 100 एकड़ जमीन मांगी गई थी। अगर गौतमबुद्ध नगर में जमीन नहीं है तो बुलंदशहर में जमीन लेने को तैयार थे, लेकिन वहां किसी बड़ी कंपनी को जमीन दे दी गई। अगर निर्यातकों को जमीन दी जाती तो बड़ी कंपनी से अधिक निवेश और रोजगार देते। वहीं अध्यक्ष शुभम किरोड़ीमल अग्रवाल ने कहा- अगर सरकार जरूरी सहयोग और सुविधा देती है तो फिर वो 10 हजार करोड़ तक का निवेश जुटा सकते हैं। इसके लिए 500 एकड़ जमीन की जरूरत होगी। यह पहल ग्रेटर नोएडा को वैश्विक निर्यातक केंद्र बनाने की दिशा में अहम कदम होगा।

बैठक में अमेरिकी टैरिफ पर भी चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने कहा कि अमे. रिकी टैरिफ भारतीय निर्यातकों की भावना को कमजोर नहीं कर सकता। निर्यातक इस चुनौती का सामना निवेश, विस्तार और क्षमता निर्माण से करेंगे। कार्यक्रम के ईपीसीएच के महा. निदेशक राकेश कुमार मुख्यातिथि रहे।

## लोहे की रॉड से युवक का सिर फोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी कोतवाली क्षेत्र के घोड़ी बछेड़ा गांव में युवक की रॉड मारकर सिर फोड़ दिया गया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि घोड़ी बछेड़ा गांव में सोहन पाल परिवार के साथ रहते हैं। 23 फरवरी की दोपहर के समय उनका बेटा ऋषभ अपने घर के पास बने गोदाम पर लेटा हुआ था। तभी गांव के नीरज, कालू, राहुल, जुगनू पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। जब गाली देने से मना किया तो लोहे की रॉड व लाठी- डंडों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में ऋषभ का सिर फोड़ दिया गया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। घायल के पिता ने चारों आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# कैंसर मरीजों को बड़ी राहत, जिला अस्पताल और जिम्स में मिलेगी कीमोथेरेपी सुविधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** प्रदेश के शो विंडो शहर में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त मरीजों के लिए राहत की खबर है। मरीजों को कीमोथैरेपी के लिए दिल्ली, लखनऊ या प्राइवेट अस्पताल के चक्कर काटकर जेब ढीली नहीं करनी होगी। स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पताल के बाद ग्रेटर नोएडा के जिम्स में भी कैंसर डे केयर बनाने की कवायद तेज कर दी है। बृहस्पतिवार को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने शासन को इस बाबत पत्र भेजा है। वहीं, जिला अस्पताल में डे केयर के लिए स्थान भी चिह्नित कर लिया गया है। माना जा रहा है कि अगले महीने से अस्पताल प्रबंधन को कीमोथैरेपी के लिए अत्याधुनिक मशीनें मिलनी शुरू हो जाएंगी।

**बजट में हुई थी डे केयर बनाने की घोषः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने एक फरवरी 2026 को अपने बजट में विभिन्न राज्यों के जिला अस्पताल में कैंसर मरीजों के लिए डे केयर बनाने की घोषणा की थी। इसे देखते हुए दो दिन पहले यूपी में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष व स्वास्थ्य मंत्रालय के उच्च अधिकारियों ने प्रदेश के तमाम चिकित्साधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस की थी। बताया कि इस बीच उच्च अधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग को तेजी से कैंसर डे केयर बनाने के लिए निर्देश दिए। साथ ही आगे की प्रक्रिया से शासन को अगवत कराने के लिए भी कहा गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. नरेंद्र कुमार ने बताया कि जिला अस्पताल में कैंसर मरीजों के लिए डे केयर बनेगा। उसका स्थान भी चिह्नित कर लिया गया है।

शासन के अधिकारियों को इस बाबत रिपोर्ट भी भेज दी है। खास बात है कि ग्रेटर नोएडा स्थित गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस (जिम्स) में भी एक और कैंसर डे केयर बनाने की मांग शासन स्तर पर की गई है। उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा गया है। वहां मेडिकल सुविधा से लेकर विशेषज्ञ व वरिष्ठ चिकित्साधिकारियों की तैनाती भी है। ऐसे में डे केयर बनने से मरीजों को काफी लाभ होगा।

**नोएडा एयरपोर्ट पर मरीजों को भी मिल सकेगा लाभः** स्वास्थ्य विभाग की मानना है कि जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की पहचान से उत्तर प्रदेश की छवि केवल देश में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी शान बढ़ाएगी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्ति अभियान का आयोजन




**मथुरा।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कृष्ण चन्द्र गांधी स.वि.म इंटर कॉलेज माधवकुञ्ज मथुरा द्वारा नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व क्षेत्रीय सह सम्पर्क प्रमुख विद्या भारती डा० राकेश चन्द्र चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह, उपप्रधानाचार्य राजीव पाठक तथा कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार ने माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। मंचासीन अतिथियों का परिचय मीडिया प्रभारी प्रवक्ता उमेश शर्मा द्वारा कराया गया। स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए डा० राकेश चन्द्र चतुर्वेदी ने कहा कि नशा युवाओं के लिए एक अभिशाप है। नशा युवाओं के जीवन को बर्बाद करता है और नशे की गिरफ्त में फँसा युवा न स्वयं का भविष्य संवार सकता है और न ही देश के विकास में अपना योगदान दे सकता है। उन्होंने अनेक उदाहरणों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कृ"नशा वह दीमक है जो युवाओं के सपनों को भीतर से खोखला कर देता है और राष्ट्र की नींव को कमजोर कर देता है।"प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों से अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को नशा न करने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया तथा निर्देश दिया कि प्रत्येक स्वयंसेवक एक डायरी तैयार करे, जिसमें यह अंकित किया जाए कि उसने कितने लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात गणित मेला में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## पुरानी बिल्डिंग तोड़ते समय भरभराकर गिरी

**नोएडा।** नोएडा में एक पुरानी बिल्डिंग को तोड़ते समय कंपनी की बाउंड्रीवाल और गार्ड रूम की दीवार गिर गई। घटना के समय वहां पर कोई मौजूद नहीं था। घटना बुधवार रात थाना फेज-2 क्षेत्र की है। सूचना मिलते ही आसपास की फैक्ट्रियों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और कंपनी के कर्मचारियों ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को जानकारी दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया और संबंधित पक्षों से पूछताछ की। बगल वाली कंपनी के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि मदरसन प्रबंधन की लापरवाही के कारण यह घटना हुई। उनका कहना है कि बिल्डिंग को बिना सक्षम प्राधिकरण की अनुमति और बिना आवश्यक सुरक्षा मानकों के अनुपालन के तोड़ा जा रहा था। कंपनी प्रतिनिधियों के अनुसार, ध्वस्तीकरण के दौरान पर्याप्त सेफ्टी बैरिकेडिंग और संरचनात्मक सुरक्षा उपाय नहीं किए गए।

# 16 हजार महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान लाई विधवा पेंशन योजना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पति के निधन के बाद जब जिंदगी अचानक जिम्मेदारियों के बोझ तले दब जाती है, तब एक छोटी सी आर्थिक मदद भी बड़ा सहारा बन जाती है। ऐसे ही कठिन दौर से गुजर रही हजारों महिलाओं के लिए महिला कल्याण विभाग की विधवा पेंशन योजना उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आई है। जिले की 16,639 महिलाएं इस योजना से जुड़कर न केवल आर्थिक संबल पा रही हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर भी कदम बढ़ा रही हैं। प्रतिमाह एक हजार रुपये की सहायता सीधे उनके बैंक खातों में पहुंच रही है, जो उनके रोजमर्रा के खर्चों में अहम भूमिका निभा रही है। फेज-2 स्थित विभागीय कार्यालय से संचालित यह योजना कई घरों में फिर से मुस्कान लौटा रही है।

यह योजना 18 वर्ष से 101 वर्ष तक की निराश्रित महिलाओं के लिए लागू है। अधिकारियों के अनुसार, पेंशन की राशि समय पर लाभार्थियों के खातों में भेजी जा रही है। योजना का उद्देश्य पति की मृत्यु के बाद महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना और उन्हें समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जीने में मदद करना है।

जानकारी के मुताबिक, यह योजना केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय और राज्य सरकार के समाज कल्याण या महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित की जाती है। योजना का लाभ लेने के लिए आमतौर पर महिला का गरीबी रेखा (बीपीएल) से नीचे होना, निर्धारित आयु सीमा में होना और राज्य की स्थायी निवासी होना आवश्यक है। विभिन्न राज्यों में पेंशन राशि 300 से 2500 रुपये प्रतिमाह तक निर्धारित है, जबकि गौतमबुद्ध नगर में यह राशि एक हजार रुपये है।

कई मामलों में जब लाभार्थी महिला की आयु 60 वर्ष से अधिक हो जाती है, तो उन्हें विधवा पेंशन के स्थान पर वृद्धा पेंशन योजना से जोड़ा जाता है, जिससे सहायता की निरंत. रता बनी रहती है। जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि जिले में 16 हजार से अधिक महिलाएं योजना का लाभ ले रही हैं और अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को इससे जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# 10 साल बाद भी हजार परिवारों को नहीं मिला मालिकाना हक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर की नामी आवासीय परियोजनाओं में शामिल गोल्फ सिटी, प्लॉट -8 के करीब एक हजार परिवार बीते 10 वर्षों से अपने ही घरों की रजिस्ट्री का इंतजार कर रहे हैं। निवासियों का आरोप है कि बिल्डर ने प्राधिकरण में बकाया धनरा. शि जमा नहीं कराई। इस वजह से रजिस्ट्री अटकी हुई है, जिससे उन्हें कानूनन मालिकाना हक नहीं मिल पा रहा।

फ्लैट खरीदारों के अनुसार, उन्होंने साल 2016 में पूरी कीमत अदा कर फ्लैट का कब्जा ले लिया था, लेकिन अब तक संपत्ति उनके नाम दर्ज नहीं हो पाई। रजिस्ट्री न होने से बैंक लोन लेने, संपत्ति हस्तांतरण और अन्य कानूनी कामों में दिक्कत आती है। कई परिवारों ने बताया कि वे बार-बार प्राधिकरण और बिल्डर के चक्कर काट चुके हैं, लेकिन समाधान नहीं निकला। वहीं, सेक्टर-78 स्थित एसोटेक विंस्डर कोर्ट समेत दूसरी कई सोसाइटियों में भी प्राधिकरण की देनदारी के चलते रजिस्ट्री प्रक्रिया लंबित हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से फंसी परियोजनाओं के मामलों में विशेष पहल कर खरीदारों को राहत देने की मांग की है।

**नॉर्थआई के फ्लैट खरीदारों को आशियाना तक नसीब नहीं:** नॉर्थआई के फ्लैट खरीदारों को तो अब तक आशियाना भी नसीब नहीं हो पाया है। यहां फ्लैट खरीदारों ने बताया कि उन्होंने करीब दस साल पहले फ्लैट खरीदा था। पैसे जमा किए लेकिन इतने साल बाद भी उन्हें आशियाना नहीं मिल सका। अधूरे पड़े फ्लैट के कारण वह फिलहाल सोसाइटी में न रहकर दूसरी जगहों पर किराये पर रहने को मजबूर हैं।

## नगर निगम ने अपनी जमीन से हटवाए अवैध कब्जे

eFkjkA धर्मनगरी की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने और यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए नगर निगम मथुरा-वृन्दावन की प्रवर्तन टीम ने आर-पार की जंग छेड़ दी है। प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल आर.के. सिंह के नेतृत्व में शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर सघन अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग्स, ढकेलों और स्थायी कब्जों को जमींदोज किया गया। नगर निगम की टीम ने छटीकरा, मल्टी लेवल पार्किंग, हनुमान तिराहा और अटल्ला चुंगी जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में मोर्चा संभाला। कार्रवाई के दौरान सड़क और फुटपाथ घेरकर खड़े 35 ढकेलों को जब्त कर निगम में जमा कराया गया। शहर की सुंदरता बिगाड़ रहे कुल 131 अवैध होर्डिंग्स को उखाड़ फेंका गया।

# जनपद न्यायाधीश द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जनपद गौतम बुद्ध नगर में आगामी 14 मार्च 2026 को जनपद मुख्यालय स्थित दीवानी न्यायालय तथा समस्त तहसील न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन प्रस्तावित है। इस लोक अदालत में दीवानी वाद, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, दाखिल खारिज एवं भूमि पट्टा संबंधी प्रकरण, बेगार श्रम संबंधी मामले, शमनीय प्रकृति के फौजदारी वाद, बैंक ऋण प्रकरण, राजस्व संबंधी मामले, वन भूमि संबंधी प्रकरण, भूमि अर्जन से संबंधित वाद, मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजा दावे सहित विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी सुलह सहमति के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण किया जाएगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम वादों के त्वरित निस्तारण को सुनिश्चित कराने हेतु माननीय जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर अतुल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आज न्यायालय सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में माननीय जनपद न्यायाधीश ने कहा कि आम नागरिकों को सरल, सहज एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय लोक अदालत का नियमित आयोजन किया जा रहा है। अतः सभी विभागीय अधिकारी अपने अपने विभागों से संबंधित वादों का पूर्व चिन्हांकन कर समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करें, जिससे 14 मार्च को अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण संभव हो सके और नागरिकों को अधिकतम लाभ प्राप्त हो।

न्यायाधीश ने डिप्टी कलेक्टर चारूल यादव को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके अधीन आने वाले सभी विभागों में लंबित वादों की अग्रिम पहचान कर त्वरित निस्तारण की तैयारी तत्काल प्रारंभ की जाए।



इसी प्रकार श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग, मनोरंजन कर विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बीएसएनएल, शिक्षा विभाग, जीएसटी विभाग, जिला पूर्ति विभाग, प्रोबेशन विभाग, बाट माप विभाग एवं अन्य सभी संबद्ध विभागों को भी व्यापक स्तर पर तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी अपेक्षा व्यक्त की कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लाभ को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार अभियान संचा. लित किया जाए, ताकि अधिकाधिक वादकारी इस अवसर का लाभ उठाकर अपने मामलों का सौहार्दपूर्ण निस्तारण करा सकें।

बैठक में अपर जिला जज द्वितीय एवं विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट तथा नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत सोमप्रभा मिश्रा, एडीसीपी संतोष कुमार, लीड बैंक प्रबंधक राजेश सिंह कटारिया, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण कुमार, डीजीसी आर चरणजीत नागर, एडीजीसी सिविल रविंद्र, नायब तहसीलदार सदर ज्योत्सना, नायब तहसीलदार दादरी प्रीति बालियान सहित प्राधिकरण, पुलिस एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भारत ने जिम्बाब्वे को दिया 257 का लक्ष्य

## भारतीय टीम ने विश्वकप का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया, अभिषेक और हार्दिक पांड्या की फिफ्टी, तिलक वर्मा ने 44 रन बनाए

**चेन्नई, वार्ता।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के 8वें सुपर-8 मैच में जिम्बाब्वे को 257 रन का टारगेट दिया है। टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 256 रन बना डाले। यह टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। हाईएस्ट स्कोर 260 रन का है, जो श्रीलंका ने 2007 में केन्या के खिलाफ बनाया था।

चेन्नई के चेपाक स्टेडियम में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत ने अभिषेक शर्मा के 55, हार्दिक पंड्या के नाबाद 50 और तिलक वर्मा के नाबाद 44 रन के सहारे 256 रन का स्कोर बनाया। यह टीम इंडिया का टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा स्कोर भी है। पिछला रिकॉर्ड 218 रन का था। जोकि इंग्लैंड के खिलाफ 2007 में बना था। डरबन में खेले गए उस मैच में युवराज सिंह ने स्टुअर्ट ब्राड के ओवर में लगातार 6 छक्के लगाए थे। जिम्बाब्वे के 4 गेंदबाजों को एक-एक विकेट मिला। भारतीय पारी के आखिरी ओवर में हार्दिक पंड्या ने छक्के से फिफ्टी पूरी की। ब्रैड इवांस की आखिरी बाल पर पंडड्या ने डीप स्क्वैयर लेग की



दिशा में छक्का लगाया। पंडड्या ने 23 बाल पर फिफ्टी लगाई। इसी के साथ भारत ने टी-20 वर्ल्डकप के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। सबसे बड़ा स्कोर 260 रन है, जो श्रीलंका ने 2007 में केन्या के खिलाफ बनाया था। 19वें ओवर में तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। पंड्या ने रिचर्ड नगारवा की पहली बाल पर चौका लगाया। इसी चौके से उन्होंने तिलक के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप भी की। तिलक वर्मा ने ओवर की चौथी और पांचवीं बाल पर छक्के लगाए। इस ओवर से 21 रन आए। 19वें ओवर में इंडिया ने टी-20 वर्ल्डकप के इतिहास में अपना सबसे बड़ा स्कोर बना लिया। पिछला रिकॉर्ड 218 रन का था। जोकि इंग्लैंड के खिलाफ 2007 में बना था। 17वें ओवर में भारत ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया था। तिलक वर्मा ने ब्रैड इवांस की चौथी बाल पर एक्स्ट्रा कवर्स के ऊपर छक्का लगाया। इसी के साथ टीम इंडिया 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया। 15वें ओवर की 5वीं बाल पर भारत ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान सूर्यकुमार यादव 13 बाल पर 33 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रिचर्ड नगारवा ने ताशिंगा मुर्से. कवा के हाथों कैच कराया। 13वें ओवर में भारत ने तीसरा विकेट गंवा दिया। अभिषेक शर्मा 30 गेंद पर 55 रन बनाकर कैच हो गए। उन्हें तिनोतेंदा मपोसा ने कप्तान सिकंदर रजा के हाथों कैच कराया। अभिषेक शर्मा ने ईशान किशन के साथ पार्टनरशिप कर भारत को संभाला। 12वें ओवर की 5वीं बाल पर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को जीवनदान मिला। ब्रैड इवांस की बाल पर ब्लेसिंग मुजरबानी से डीप बैकवर्ड स्क्वैयर लेग में कैच छूट गया। यहां सूर्या 12 रन पर खेल रहे थे। 11वें ओवर की पहली बाल पर अभिषेक शर्मा ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने 26 बाल पर हाफ सेंचुरी पूरी की। अभिषेक ने टी-20 वर्ल्डकप में पहला अर्धशतक लगाया।

# जेके ने बनाए 584 रन प्रसिद्ध को मिले पांच विकेट

**हुबली, वार्ता।** जम्मू-कश्मीर ने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रणजी ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन गुरुवार को कर्नाटक के खिलाफ पहली पारी में 584 रन का विशाल स्कोर बनाया। आज यहां जम्मू-कश्मीर ने कल के छह विकेट पर 527 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में अभी जम्मू-कश्मीर के स्कोर में 12 रन का इजाफा हुआ था कि प्रसिद्ध कृष्ण ने आबिद मुश्ताक (28) को आउट कर कर्नाटक को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद उन्होंने 163वें ओवर में आकिब नबी (दो) का भी शिकार कर लिया। साहिल लूथरा ने कुछ समय तक संघर्ष दिखाया। अंततः विजयकुमार वैशक ने 173वें ओवर में साहिल लूथरा को विद्याधर पाटिल के हाथों कैच आउट करा दिया। साहिल लूथरा ने 138 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 72 रन बनाए। अगले ही ओवर में देवदत्त पड़िक्कल ने तेज



● प्रसिद्ध कृष्णा ने आबिद मुश्ताक को आउट कर कर्नाटक को सातवीं सफलता दिलाई

बल्लेबाजी कर रहे यु(वीर सिंह चरक को रनआउट कर 584 के स्कोर जम्मू-कश्मीर की पारी का अंत कर दिया। यु(वीर सिंह चरक ने 28 गेंदों में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 30 रन बनाए। कर्नाटक की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने पांच विकेट लिए। विद्याधर पाटिल, श्रेयस गोपाल, विजयकुमार वैशक और शिखर शेट्टी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### खेल विशेष

# बाहरी दबाव और फिटनेस की दिक्कतें जिम्मेदार: दासुन

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से टीम के निराशाजनक रूप से सुपर आठ से बाहर होने के लिए बाहरी दबाव को जिम्मेदार ठहराया, जिसका कोलंबो में न्यूजीलैंड से 61 रन से हार में बुरा असर पड़ा और फिटनेस का स्टैंडर्ड भी खराब रहा। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, शनाका ने कहा कि टीम के आस-पास लगातार नेगेटिविटी खिलाड़ियों पर मेंटली असर डाल रही थी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के तौर पर, हमारे लिए बाहर के शोर को कंट्रोल करना बहुत मुश्किल है। ज्यादातर समय, हम ज्यादातर नेगेटिव बातें सुनते हैं, इसलिए खिलाड़ी के तौर पर हम कितने भी पॉजिटिव क्यों न हों, बाहर से एक नेगेटिव माहौल बन ही जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसा माहौल देश में क्रिकेट के भविष्य के लिए नुकसानदायक है और अधिकारियों से दखल देने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि तो यह श्रीलंका में क्रिकेट के लिए नुकसानदायक है। हमारे पास सिर्फ यही गेम है, और मुझे नहीं लगता कि इसे बचाया जा सकता है। हम खेलेंगे और आगे बढ़ेंगे, लेकिन कम से कम आगे आने वाले खिलाड़ियों के लिए, अगर सरकार दखल देकर उन्हें रोक सके, तो मेरा मानना है कि यह बेहतर मेंटल हेल्थ के लिए बहुत मददगार होगा। शनाका ने टीम के खराब परफॉर्मेंस के लिए फैंस से भी माफी मांगी, यह मानते हुए कि वे रिजल्ट देने में फेल रहे। उन्होंने कहा कि हमें इस बात का बहुत दुख है। इंग्लैंड का मैच भी ऐसा था जिसे हम जीत सकते थे अगर हम थोड़ी समझदारी दिखाते। यह मैच एकतरफा था। दर्शकों के लिए, मेरे पास बताने के लिए कुछ नहीं है, हमने उन्हें कोई ऐसी जीत नहीं दी जिससे वे खुश हो सकें। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी कभी भी फेल होने का इरादा लेकर नहीं उतरते, लेकिन कभी-कभी रिजल्ट उनके हिंसाब से नहीं होते।

# किदांबी श्रीकांत का शानदार प्रदर्शन अन्य भारतीय जल्द बाहर



● श्रीकांत ने पोलैंड के मिकोलज को 21-12, 21-11 से हराया, उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के लिन चुन ई से होगा

**मुल्हेन, वार्ता।** किदांबी श्रीकांत भारतीय दल के लिए अकेले उम्मीद बनकर उभरे, क्योंकि मालविका बंसोड, तन्वी शर्मा और किरण जॉर्ज समेत कई शटलर बुधवार को जर्मन ओपन 2026 के सिगल्स इवेंट में जल्दी बाहर हो गए।

पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 श्रीकांत ने मेंस सिगल्स के पहले राउंड में पोलैंड के मिकोलज शिमानोव्स्की पर 21-12, 21-11 से शानदार जीत दर्ज की और टूर्नामेंट में आगे बढ़े। उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के चौथी सीड लिन चुन-ई से होगा। हालांकि, भारतीय शटलरों के लिए यह दिन निराशा. जनक रहा, खासकर महिला सिगल्स कैटेगरी में, जहां कई खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन के बावजूद बाहर हो गईं। वर्ल्ड नंबर 40 तन्वी शर्मा, जो जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट हैं, ने पहले राउंड में मलेशिया की वोंग लिग चिग से तीन गेम के मुकाबले में 21-19, 17-21, 21-16 से हारने से पहले कड़ी टक्कर दी। वर्ल्ड में 52वें नंबर की मालविका बंसोड़ ने भी अपनी से ऊंची रैंक वाली अपोनेंट, यूनाइटेड स्टेट्स की बेइवेन झांग को तीन गेम तक खींचा, लेकिन 19-21, 21-9, 21-19 से हार गईं। रक्षिता श्री संतोष रामराज ने डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ कड़ी टक्कर दी, लेकिन एक घंटे से ज्यादा चले मैच में 18-21, 23-21, 16-21 के स्कोर के साथ हार गईं। तस्नीम मीर को चीन की टॉप सीड वांग जी ई से सीधे गेम में 21-9, 21-14 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि इशारानी बरुआ को थाईलैंड की वर्ल्ड नंबर 8 पोर्नपावी चोचुवोंग से 21-15, 21-18 से हार का सामना करना पड़ा।

# भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने जीता एशिया कप

## एडीसीए टी-20 आई एशिया कप 2026 के पहले संस्करण में श्रीलंका को 6 विकेट से हराकर समापन किया

**भुवनेश्वर, वार्ता।** कटक के बाराबती स्टेडियम में आयोजित एडीसीए टी-20आई एशिया कप 2026 के पहले संस्करण का समापन हुआ, जिसमें भारत की बधिर क्रिकेट टीम ने श्रीलंका बधिर टीम को 6 विकेट से हराकर पहला एशिया कप खिताब अपने नाम किया। फाइनल के बाद आयोजित भव्य समापन समारोह में मुख्य अतिथि दत्तात्रेय भाऊसाहेब शिदे (जिलाधिकारी एवं कलेक्टर, कटक) और विशिष्ट अतिथि संजय राउल (पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर) ने विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। यह श्रृंखला ओडीसीए और ओसीए के सहयोग से इंडियन डीफ क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) द्वारा आयोजित की गई थी। टीम के कोच देव दत्त (मुख्य कोच), रविकांत भट्ट (सहायक कोच) की अगुवाई में भारत ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को 4 विकेट से हराया, इसके बाद दूसरे मैच में नेपाल को 10 विकेट से पराजित किया। तीसरे मैच में श्रीलंका ने नेपाल को 6 विकेट से हराया। रिवर्स मुक. ाबलों में श्रीलंका ने नेपाल को 157 रन से हराया, जबकि भारत ने श्रीलंका के खिलाफ 1 रन से रोमांचक जीत दर्ज की और नेपाल पर 9 विकेट की शानदार जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। जीत के बाद डीसीसीआई के महासचिव रवि कांत चौहान ने कहा कि पहले एडीसीए टी-20आई एशिया कप में भारत की बधिर टीम की जीत देश में दिव्यांग क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण है। यह जीत खिलाड़ियों के धैर्य, अनुशासन और अटूट प्रतिब(ता को दर्शाती है। ऐसे मील के पत्थर यह साबित करते हैं कि हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों को उचित पहचान और मंच देने के लिए संरचित अवसर और निरंतर समर्थन कितना आवश्यक है। एडीसीए के अध्यक्ष एवं डीसीसीआई के उपाध्यक्ष सुमित जैन ने कहा कि बाराबाती स्टेडियम में एडीसीए टी-20आई एशिया कप 2026 के पहले संस्करण की मेजबानी करना हमारे लिए सम्मान की बात है। यह एशिया भर के श्रवण बाधित खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा रहे सभी प्रतिभागियों को मैं बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि भविष्य में भी हम एशिया में ऐसे और अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों की मेजबानी करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का हम आभार व्यक्त करते हैं। साथ ही कटक में इस सफल आयोजन के लिए ओडीसीए और ओसीए के सभी अधिकारियों का विशेष धन्यवाद। फाइनल मुकाबले में भारत के साई आकाश (14 गेंदों में 27 रन और 2 विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। श्रीलंका के गिमाडु एल- मल्कम (196 रन) को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज घोषित किया गया। श्रीलंका के गिहान लसीदु (10 विकेट) को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुना गया। श्रीलंका के ही गिमाडु (196 रन और 7 विकेट) को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला।

# सुजीत ने जीता 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में सोना



● इस महीने की शुरुआत में अंडर-23 विश्व चैंपियन सुजीत ने क्रोएशिा में जाग्रेब ओपन में जीतने के बाद दूसरा पदक जीता

**अल्बानिया, वार्ता।** सुजीत कलकल ने मुहामेत मालो 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में पुरुषों के 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय अभियान की शानदार शुरुआत की। बुधवार को खेले गए मुकाबले में अंडर-23 विश्व चैंपियन सुजीत कलकल ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर लगातार चार जीत दर्ज करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

इस महीने की शुरुआत में 2026 अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियन सुजीत कलकल ने क्रोएशिया में जाग्रेब ओपन में जीत दर्ज करने के बाद 2026 अंडर-23 रैंकिंग सीरीज में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने सेमीफाइनल में अमेरिका के दो बार के पैन अमे. रिकन चैंपियन जोसेफ मैककेना को 11-0 से हराने के बाद फाइनल में अजरबैजान के राशिद बाबाजादे को 10-0 से मात दी। तीन सप्ताह में अमेरिकी पहलवान पर सुजीत की यह दूसरी जीत थी। दोनों पहलवानों का सामना जाग्रेब ओपन के सेमीफाइनल में हुआ था। इससे पहले भी सुजीत ने इसी स्कोर से मुकाबला जीता था। 23 वर्षीय भारतीय पहलवान, जो अपने आयु वर्ग में एशियन चैंपियन भी हैं। उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत अल्बानिया के एंड्रियो अवडिली पर 16-4 जीत हासिल करने के साथ की। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में जॉर्जिया के निका जाकाशविली को 10-0 से हराया। यह सुजीत का अंडरवेट कैटेगरी में चौथा स्वर्ण पदक था। इससे पहले उन्होंने 2022 जुहैर सघायर और 2025 पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल में शीर्ष स्थान हासिल किया था। इसी वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे भारत के मोहित कुमार क्वालीफाइंग राउंड से आगे नहीं बढ़ सके। अंकुश और आतिश तोडकर ने 57 किलोग्राम वर्ग में रेपेचेज के माध्यम से कांस्य पदक के मुकाबलों तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष किया, लेकिन आखिर में अपने-अपने मैचों में हार का सामना करना पड़ा सुमित (57 किलोग्राम), राहुल (61 किलोग्राम), सिद्धार्थ (70 किला. ग्राम), परविदर (74 किलोग्राम) और आर्यन (86 किलोग्राम) अपने-अपने भार वर्गों में पदक राउंड तक पहुंचने में असफल रहे।

# मियोमिर ने ज्वेरेव को चौंकाया



● इस जीत के साथ ही मियोमिर केकमानोविच क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए

**मेक्सिको, वार्ता।** मियोमिर केकमानोविच ने दुनिया के नंबर 4 अलेक्जेंडर ज्वेरेव को तीन सेट के रोमांचक मुकाबले में चौंका दिया और अपनी पहली टॉप 5 जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही वह मेक्सिको के अकापुल्को में एबिएर्तो मेक्सिकनो टेलसेल के क्वार्टर-फ़ाइनल में पहुंच गए। दुनिया में 84वें नंबर पर काबिज 26 साल के सर्बियाई खिलाड़ी ने ढाई घंटे से ज्यादा चले कड़े मुक. ाबले में 2021 के चैंपियन को 6-3, 6-7(3), 7-6(4) से हराया।

केमानोविच, जो टॉप 5 विरोधियों के खिलाफ अपने पिछले सभी 11 मैच हार चुके थे, ने अपने करियर के सबसे बेहत. रीन प्रदर्शनों में से एक दिया, और यादगार जीत पक्की करने के लिए निर्णायक टाई-ब्रेक में अपना धैर्य बनाए रखा। मैच के बाद केकमानोविच ने कहा कि यह बहुत अच्छा लग रहा है, खासकर इसलिए क्योंकि पिछले कुछ साल मुश्किल रहे हैं।इसलिए मैं खुश हूं कि आखिरकार कुछ चीजें मेरे हिंसाब से हो रही हैं।

उन्होंने खास मौकों पर अग्रे. सिव तरीके से खेला और असरदार सर्व किया, जबकि ज्वेरेव अपने बैकहैंड पर कंसिस्टेंसी के लिए जूझते रहे, उन्होंने 17 अनफोर्स्ड गलतियां कीं, जबकि केकमानो. विच ने छह गलतियां कीं। इस जीत के साथ, केकमानोविच ने जर्मन खिलाड़ी के खिलाफ अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 2-2 से बराबर कर लिया और एटीपी 500 इवेंट के आखिरी आठ में पहुंच गए, जहां उनका सामना फ्रांस के टेरेंस एटमाने से होगा, जिन्होंने राफेल जोडार को 6-2, 4-6, 6-1 से हराया। दूसरे मैचों में, पांचवीं सीड फ्लेवियो कोबोली ने डालिबोर स्वर्सिना को 6-4, 6-4 से हराया और अब उनका अगला मैच चीन के वू यिबिग से होगा, जिन्होंने जापान के शो शिमाबुकुरो को 6-3, 7-6(4) से हराया।

# कलबुर्गी अगले हफ्ते अपना सबसे बड़ा महिला इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट होस्ट करेगा

**बेंगलुरु, वार्ता।** कलबुर्गी 1 से 8 मार्च 2026 तक चंद्रशेखर पाटिल स्टेडियम में आईटीएफ डब्ल्यू35 कलबुर्गी का स्वागत करते हुए अपना सबसे बड़ा इंटरनेशनल महिला टेनिस टूर्नामेंट होस्ट करने के लिए तैयार है।

यह 30,000 डॉलर का टूर्नामेंट, इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन द्वारा चलाए जाने वाले आईटीएफ महिला वर्ल्ड टेनिस टूर का हिस्सा है, और यह शहर का पहला आईटीएफ डब्ल्यू35-लेवल का महिला प्रोफेशनल इवेंट है। इस टूर्नामेंट में 32 खिलाड़ियों का सिंगल्स मेन ड्रॉ होगा, जिसके पहले 1 मार्च से 32 खिलाड़ियों का क्वालिफाइंग ड्रॉ होगा, साथ ही 16 टीमों का डबल्स ड्रॉ भी होगा। मेन ड्रॉ मैच 3 मार्च से शुरू होंगे। आईटीएफ डब्ल्यू35-कैटेगरी का इवेंट होने के नाते, यह कीमती रैंकिंग पॉइंट्स देता है।

# ब्लैक कैप्स की नजर सेमीफाइनल बर्थ पर

## इंग्लैंड इस मैच में ऐसे स्वैग के साथ उतरेगा जैसे उसे पहले से ही सेमीफाइनल की महक आ रही हो

## न्यूजीलैंड की क्वालिफिकेशन का समीकरण नतीजों और नेट रन रेट मैथेमेटिक्स पर नाजुक रूप से बैलेंस्ड है

**कोलंबो, वार्ता।** इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच सुपर आठ स्टेज का मुकाबला नर्वसनेस बनाम नैचुरल लय की एक क्लासिक लड़ाई होने का वादा करता है, एक ऐसा मुकाबला जिसे देखने वालों को शुक्रवार रात यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम में अपने स्कोरकार्ड को कसकर पकड़े रहना चाहिए। इंग्लैंड इस मैच में ऐसे स्वैग के साथ उतरेगा जैसे उसे पहले से ही सेमीफ़ाइनल की महक आ रही हो। उन्होंने कड़ी मेहनत की है, आगे का टिकट बुक किया है, और अब थोड़ी आजादी से खेल सकते हैं। बिल्कुल वैसे ही जैसे कोई बैट्समैन अपना शतक पूरा कर चुका हो और शानदार, बेफिक्र स्ट्रोक खेलना शुरू कर दे। इंग्लिश कैंप उम्मीद कर रहा होगा कि सीरियस मामला शुरू होने से पहले वह इस मैच को एक आखिरी शार्पनिग एक्सरसाइज के तौर पर इस्तेमाल करेगा, साथ ही अपने सीनियर बैटिग स्टार्स से कुछ कंसिस्टेंसी भी निकलवाएगा। हालांकि, न्यूजीलैंड इस मैच को एक ऐसी टीम की तरह खेलेगा जिसकी कमर थोड़ी दीवार से टिकी हो लेकिन दिल अभी भी लड़ाई में पूरी तरह से लगा हो। उनके क्वालिफिकेशन का समीकरण नतीजों और नेट रन रेट मैथेमेटिक्स पर नाजुक रूप से बैलेंस्ड है। एक जीत उन्हें कॉन्फिडेंस के साथ सेमीफ़ाइनल में पहुंचा देगी( लेकिन, हार उन्हें कोलंबो पर धीरे-धीरे बारिश के बादलों की तरह दूसरे नतीजों को धीरे-धीरे आते देखने के लिए बेचैन कर सकती है। इंग्लैंड की बैटिग का मैदान एक बार फिर कप्तान हैरी ब्रूक के इर्द-गिर्द घूमने वाला है। ब्रूक पहले ही दिखा चुके हैं कि वह पलक झपकते ही सतर्क आर्किटेक्ट से विस्फोटक विध्वंसक बन सकते हैं, खासकर टूर्नामेंट की शुरुआत में जब इंग्लैंड का टॉप ऑर्डर लड़खड़ा रहा था, तब उन्होंने 50 गेंदों में शतक लगाया था। इंग्लैंड के लिए एकमात्र चिंता टॉप पर कंसिस्टेंसी है - वे ऐसी शुरुआत चाहते हैं जो सिर्फ़ शानदार न हो, बल्कि सॉलिड हो। इंग्लैंड से उम्मीद है कि वह हमेशा की तरह व्हाइट-बॉल क्रिकेट खेलेगा, पावरप्ले में एग्रेसिव, बीच के ओवरों में क्लिनिकल, और फिर आखिरी पांच में धमाका करने की कोशिश करेगा। बॉलिंग डिपार्टमेंट में भी कुछ रोटेशन हो सकता है क्योंकि मैनेजमेंट की एक नजर नॉकआउट पर है। रचिन रवींद्र के ऑलराउंड प्रदर्शन से न्यूजीलैंड की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं। वह उन खिलाड़ियों में से एक दिखे हैं जिनका हर बार प्रेशर बढ़ने पर कॉन्फिडेंस बढ़ता जाता है। जब विकेट गिरे, तो रवींद्र ने बल्ले से स्थिरता दी और फिर गेंद को असरदार तरीके से घुमाकर जरूरी ब्रेकथ्रू दिलाए। ब्लैक कैप्स अपने मिडिल-ऑर्डर की मजबूती से खास तौर पर शानदार रहे हैं। जब वे मुश्किल में पड़े, तो वे घबराए नहीं, उन्होंने बस पार्टनरशिप बनाई, स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया, और मोमेंटम के अपने पक्ष में आने का इंतजार किया। प्रेमदासा के हालात में एक अच्छा क्रिकेट मुक. ाबला होना चाहिए। पहले भी, इस जगह पर हुए 55 से ज्यादा टी-20 इंटरनेशनल मैचों में से, पीछा करने वाली टीमों ने 29 मैच जीते हैं, जबकि पहले बैटिग करने वाली टीमों ने 24 जीते हैं। पहली पारी का औसत स्कोर लगभग 144 है, जिससे पता चलता है कि 160 से ऊपर का कोई भी स्कोर बहुत मुश्किल होगा। मौसम के अनुमान के मुताबिक, क्रिकेट के लिए यह एक खूबसूरत शाम होगी, जिसमें तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा, ह्यूमिडिटी लगभग 75 प्रतिशत होगी, और बारिश का खतरा बहुत कम होगा। ऐसे हालात में, बैट्समैन अपने शॉट खेल सकते हैं, लेकिन जो बॉलर लगातार अपनी लेंथ पर हिट करते हैं, वे फिर भी अपनी बात रख सकते हैं। टैक्टिकली, गेम में तीन जाने-पहचाने टी-20 चैप्टर होने चाहिए, जबरदस्त पावरप्ले बैटिग, बीच के ओवरों में डिसिप्लिन्ड स्पिन बॉलिग, और डेथ ओवरों में जबरदस्त हिटिंग। इंग्लैंड अटैकिग क्रिकेट पसंद करता है, लगभग वैसे ही जैसे

# वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को हराया

● कप्तान हेली मैथ्यूज 100 रन/दो विकेट के शानदार प्रदर्शन की बदौलत विंडीज ने तीसरे वनडे में श्रीलंका को 6 विकेट से हराया

**सेंट जॉर्ज, वार्ता।** कप्तान हेली मैथ्यूज (100रन/ दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका पर 24 गेंदे शेष रहते छह विकेट से सांत्वना जीत दर्ज की। हेली को उनके शानदार खेल के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार से नवाजा गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की टीम हर्षिता समरविक्रमा के 70 रनों की बदौलत 50 ओवर में सात विकेट पर 217 रन ही बना सकी। मैथ्यूज ने टीम का नेतृत्व किया, 12/2 की खराब स्थिति से उबरने में मदद की, और अब वह सबसे ज्यादा एकदिवसीय शतक बनाने वालों की सूची में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। श्रीलंका की शुरुआत खराब





रही जब कप्तान चामरी अटापट्टू पहले ही ओवर में हेली मैथ्यूज की गेंद पर बिना खाता खोले आउट हो गईं। हालांकि, समरविक्रमा ने 112 गेंदों पर 70 रन बनाकर पारी को संभाला, जो इस दौरान उन्होंने अपना दूसरा अर्धशतक बनाया। उन्होंने हसिनी परेरा (34 गेंदों पर 27) और विशमी गुणरत्ने (46 गेंदों पर 26) के साथ मिलकर मजबूत साझेदारी की। इसके अलावा, कविशा दिलहारी, जो 58 गेंदों पर 45 रन बनाकर नाबाद रहीं। आखिरी ओवरों में किए गए योगदान ने मेहमान टीम को सात विकेट पर 217 के स्कोर तक पहुंचाया। मेजबान टीम के लिए, मैथ्यूज और करिश्मा रामहरक ने से दो-दो विकेट लिए। एफी फ्लेचर, अश्मिनी मुनिसर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत भी खराब रही। मल्की मदारा ने शुरुआती ओवरों में दो विकेट कियाना जोसेफ (दो) और शर्मेन(शून्य) को सस्ते में आउट कर दिया।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# पीएम का इज़रायल दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौ साल बाद फिर से इजरायल के दो दिवसीय दौरे पर हैं। मंगलवार को जिस तरह उनका इजरायल की राजधानी तेल अवीव के एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत हुआ, वह यह बताता है कि भारत और इजरायल के रिश्ते पहले की अपेक्षा बेहद मधुर दौर में हैं। इजरायल की यात्रा से पहले पीएम मोदी ने आशा व्यक्त की थी कि यह यात्रा भारत इजरायल के बीच स्थायी संबंधों को सुदृढ़ करेगी। रणनीतिक साझेदारी के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करेगी। पीएम मोदी ने यह भी कहा था कि वह इजरायल के पीएम नेतन्याहू के साथ होने वाली चर्चा को लेकर आशान्वित हैं और उनका फोकस विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, कृषि, जल प्रबंधन, रक्षा एवं सुरक्षा व्यापार, निवेश के लोगों के बीच आपसी संबंधों समेत विभिन्न क्षेत्रों में हमारे सहयोग को और मजबूत करेगा। पिछले कुछ वर्षों में देखने में आया है कि भारत-इजरायल संबंध मजबूत हुए हैं, जिनमें रक्षा, वैज्ञानिक, अनुसंधान और नवाचार जैसे क्षेत्र शामिल हैं। विशेष रूप से रक्षा सहयोग दोनों पक्षों के बीच साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर आ रहा है। जिसमें इजरायल भारत को सैन्य प्लेटफॉर्म और हथियार प्रणालियां मुहैया करा रहा है। पीएम मोदी पहली बार 2017 में इजरायल के दौरे पर गए थे। दूसरी बार जाने पर नेतन्याहू ने मोदी का गले लगाकर अभिवादन किया। नेतन्याहू अपनी पत्नी सारा के साथ एयरपोर्ट पर स्वयं पीएम मोदी का स्वागत करने पहुंचे थे। निसंदेह पिछले दस वर्षों में भारत ने इजरायल के साथ अभूतपूर्व नजदीकी बढ़ाई है। हालांकि इजरायल को लेकर देश में मोदी सरकार की आलोचना भी कम नहीं हो रही है। तमाम विपक्षी दल जिसमें कांग्रेस और वामपंथी दल आगे हैं, वो इस यात्रा का विरोध भी कर रहे हैं। कांग्रेस ने तो स्पष्ट कह दिया है कि पीएम मोदी का इस समय इजरायल का दौरा करना ना राजनीतिक रूप से और न ही कूटनीतिक रूप से तर्कसंगत कदम कहा जा सकता है। यूं भी यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब फलस्तीन में उसके द्वारा नरसंहार कराए जाने को लेकर इजरायल के मित्र देश भी उससे छिटक रहे हैं और दूरी बनाकर चल रहे हैं। ऐसे में पीएम मोदी का इजरायल दौरा खाड़ी के देशों को भी विचलित कर सकता है जिनसे भारत के बेहतर संबंध रहे हैं। इस तरह का तर्क देने वालों को पूरी तरह खारिज भी नहीं किया जा सकता, क्योंकि इजरायल वह देश है जिसके साथ निकटता अन्य देशों के संबंधों पर प्रभाव डाल सकती है और भारत के हितों को प्रभावित कर सकती है। ऐसे में इजरायल के साथ आगे बढ़ते हुए भारत को बेहद सतर्कता की आवश्यकता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इजरायल हमारा सैन्य स्तर पर काफी सहयोग कर रहा है और काफी रक्षा प्रणाली हमें दे रहा है। लेकिन साथ ही हम अन्य देशों पर भी तेल, गैस, ऊर्जा को लेकर काफी निर्भर हैं।

## सपा की शुद्ध राजनीतिक नाटकबाजी



सपा का चाल, चरित्र और चेहरा हमेशा से ही दलितों, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और बहुजन समाज विरोधी रहा है, कांशीराम की जयंती पर पीडीए दिवस मनाने की घोषणा सपा की शुद्ध राजनीतिक नाटकबाजी है और यह बहुजन समाज के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास मात्र है, सपा का इतिहास दलितों और कमजोर वर्गों के साथ अन्याय-अत्याचार से भरा रहा है, 1993 के सपा-बसपा गठबंधन और 2 जून 1995 के लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड बहुजन समाज के सम्मान पर सीधा हमला थी, जो इतिहास में दर्ज है और जिसे भुलाया नहीं जा सकता, सपा सरकारों ने कांशीराम और बहुजन महापुरुषों के सम्मान में किए कई कार्यों को बदलने, समाप्त करने का काम किया।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# वंदे मातरम की गूंज और आजाद का अद्वितीय बलिदान



श्वेता गोयल

भारतीय इतिहास के आकाश में 27 फरवरी का दिन उस नक्षत्र की याद दिलाता है, जिसकी चमक से ब्रिटिश साम्राज्यवाद की आंखें चौंधिया गई थी। यह दिन उस महामानव के बलिदान का साक्षी है, जिसने अपनी प्रतिज्ञा को अपने प्राणों से भी ऊंचा स्थान दिया। चंद्रशेखर आजाद, एक ऐसा नाम, जिसके स्मरण मात्र से धमनियों में रक्त का संचार तीव्र हो जाता है और हृदय में राष्ट्रभक्ति का ज्वार उमड़ पड़ता है। आजाद केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार थे, एक ऐसी जलती हुई मशाल थे, जिसने गुलामी के घोर अंधकार में करोड़ों भारतीयों को स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया। उनका संपूर्ण जीवन एक ऐसी महागाथा है, जिसका प्रत्येक अध्याय साहस, त्याग और स्वाभिमान की स्याही से लिखा गया है।

**शैशव की दहलीज पर क्रांति का अंकुर**

मध्य प्रदेश के भाबरा गांव की मिट्टी में 23 जुलाई 1906 को जन्मे चंद्रशेखर सीताराम तिवारी का बचपन अभावों की गोद में बीता। उनके पिता एक साधारण किसान थे, जो कड़ी मेहनत से परिवार का भरण-पोषण करते थे, लेकिन उस बालक की आंखों में नियति ने कुछ और ही स्वप्न सजो रखे थे। वे बचपन से ही निडर और साहसी थे, अन्याय को सहना उनके स्वभाव में नहीं था। जब 1921 में महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन की पुकार काशी की गलियों में गूंजी तो 14 वर्ष का यह बालक अपनी पढ़ाई छोड़कर राष्ट्र की वेदी पर आ खड़ा हुआ। काशी की तंग गलियों में हाथ में तिरंगा लिए जब वह बालक अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध गर्जना कर रहा था, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यह छोटा सा किशोर आगे चलकर ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला देगा। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया और मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। उस कचहरी का दृश्य आज भी रोंगटे खड़े कर देता है। मजिस्ट्रेट ने जब रौब से नाम पूछा तो बालक ने निर्भय होकर उत्तर दिया, 'आजाद'। पिता का नाम पूछने पर कहा, 'स्वतंत्रता' और निवास का पता बताया, 'जेलखाना'। मजिस्ट्रेट इस धृष्टता पर तिलमिला उठा और उसने 14 साल के उस कोमल शरीर को 15 कोड़ों की सजा सुनाई।

**रक्त से लिखा गया स्वाभिमान का इतिहास**

सरेआम उस बच्चे को निर्वस्त्र कर टिकटी से बांध दिया गया। भारी और मोटे बेंत का हर प्रहार उसकी खाल उधेड़ रहा था, पीठ से खून के फव्वारे छूट रहे थे लेकिन उस बालक की आंखों में दर्द नहीं बल्कि एक अलौकिक गर्व था। हर कोड़े की मार पर वह पूरी ताकत से चिल्लाता था, 'वंदे मातरम!', 'भारत माता की जय!' 15 कोड़े पूरे होने तक उसका शरीर मांस का एक लोथड़ा बन चुका था, हड्डियां दिखाई देने लगी थी लेकिन उस वीर ने एक भी आंसू नहीं गिराया। जेल के डॉक्टर जब घावों पर दवा लगाते तो वह बच्चा दर्द से तड़पता जरूर था पर उसके होंठों पर मुस्कान और हृदय में प्रतिशोध की ज्वाला थी। इसी दिन से वह दुनिया के लिए 'आजाद' बन गए और उन्होंने संकल्प लिया कि वे कभी जीवित अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे।

**काकोरी और क्रांतिकारी संगठन का पुनर्गठन**

असहयोग आंदोलन के अचानक वापस लिए जाने से आजाद का मोहभंग हुआ और वे सशस्त्र क्रांति की ओर मुड़ गए। उनकी क्रांतिकारी यात्रा का एक स्वर्णिम पड़ाव 'काकोरी कांड' था। 9 अगस्त 1925 को लखनऊ के पास सरकारी खजाने से भरी ट्रेन को लूटकर क्रांतिकारियों ने फिरंगियों को सीधी चुनौती दी।

इस कांड के बाद कई साथी पकड़े गए लेकिन अपनी चतुराई और वेश बदलने की कला में माहिर आजाद पुलिस की आंखों में धूल झोंक. कर बच निकले। संगठन बिखर चुका था पर आजाद का हौसला नहीं। 1928 में उन्होंने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जैसे युवा मेधावियों के साथ मिलकर 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' की नींव रखी। आजाद इस संगठन के सेनापति थे। वे अनुशासन और निष्ठा के प्रति इतने कठोर थे कि संगठन के भीतर किसी को नियम तोड़ने की अनुमति नहीं थी। भगत सिंह जैसे प्रखर बुद्धिजीवी भी उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते थे।

**छद्मवेश और निशानेबाजी की अद्भुत कला**

आजाद केवल एक योद्धा नहीं बल्कि एक कुशल रणनीतिकार भी थे। वे अक्सर साइकिल से मीलों की यात्रा करते थे, जो उनकी सादगी और संकल्प को दर्शाता है। ब्रिटिश पुलिस से बचने के लिए उन्होंने कई बार ऐसे भेष धरे कि पास खड़ा जासूस भी उन्हें पहचान नहीं पाता था। कभी वे अपनी मूंछें मुंडवाकर साधु बन जाते, तो कभी बनारस के घाटों पर नाविक बनकर अंग्रेजों के बीच से सुरक्षित निकल जाते थे। एक बार तो वे एक मंदिर में साधु बनकर रुके और अंग्रेज पुलिसकर्मी उन्हें पहचान तक नहीं सके। वे एक अद्वितीय निशानेबाज थे, जंगल के भीतर पेड़ों पर घंटों अभ्यास करना उनकी दिनचर्या थी। उनकी पिस्तौल 'बमतुल बुखारा' सदैव उनके पास रहती थी और उनकी अचूक निशानेबाजी का खौफ अंग्रेज अफसरों में ऐसा था कि वे आजाद का नाम सुनते ही कांपने लगते थे।

**लाहौर से दिल्ली तक प्रतिशोध की गूंज**

1928 में जब लाला लाजपत राय की लाठीचार्ज में हुई मृत्यु का बदला लेने की बात आई तो आजाद ने ही योजना बनाई। जे.पी. सांडर्स की हत्या के बाद उन्होंने अपने साथियों को सुरक्षित निकालने में अपनी पूरी शक्ति लगा दी। 8 अप्रैल 1929 को जब भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने केंद्रीय असेंबली में बम फैंका तो उसके पीछे भी आजाद की संगठनात्मक शक्ति काम कर रही थी। उन्होंने अपने साथियों को बचाने की हरसंभव कोशिश की लेकिन जब वे असफल रहे तो उन्होंने अकेले ही संगठन की कमान संभाली।

**अंतिम संघर्ष: अल्फ्रेड पार्क की अमर गाथा**

27 फरवरी 1931 की वह दुपहरी इतिहास के पन्नों में सदा के लिए दर्ज हो गई। इलाहाबाद द्धप्रयागराजत्र के अल्फेड पार्क में आजाद अपने एक साथी के साथ किसी भावी रणनीति पर विचार कर रहे थे, तभी गद्दारी की सूचना पर पुलिस ने पार्क को चारों ओर से घेर लिया। भारी मात्रा में पुलिस बल और अत्याधुनिक हथियारों के सामने आजाद अकेले थे, हाथ में वही विश्वसनीय पिस्तौल और जेब में सीमित गोलियां। मुठभेड़ शुरू हुई। आजाद ने अपने साथी को सुरक्षित निकाल दिया और स्वयं पुलिस का सामना करने लगे। उन्होंने अपनी चतुराई और निशानेबाजी से अंग्रेज अफसरों को पेड़ के पीछे दुबकने पर मजबूर कर दिया। गोलियां खत्म हो रही थी। अंततः जब पिस्तौल में केवल एक गोली बची तो उन्हें अपनी वह प्रतिज्ञा याद आई, 'मैं कभी जीवित अंग्रेजों के हाथ नहीं आऊंगा'। उन्होंने तनिक भी संकोच नहीं किया और वह अंतिम गोली अपनी कनपटी पर दाग ली। इस प्रकार वह शेर अपनी ही मांद में शान से सो गया। उनकी मृत्यु के बाद भी पुलिस उनके पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही थी, डर था कि कहीं यह भी 'आजाद' की कोई चाल न हो।

**आजाद के जीवन का संदेश और प्रासंगिकता**

चंद्रशेखर आजाद का बलिदान केवल एक क्रांतिकारी का अंत नहीं था बल्कि वह एक जलती हुई मशाल थी, जिसने आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति का अर्थ सिखाया। 24 वर्ष की अल्पायु में उन्होंने जो कीर्तिमान स्थापित किए, वे आज के युवाओं के लिए एक महाकाव्य के समान हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि देशभक्ति केवल नारों या सोशल मीडिया पोस्ट तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि वह हमारे आचरण, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा में दिखनी चाहिए। आजाद का नारा, 'हम जिएंगे आजाद, मरेंगे आजाद!' आज भी भारतीय हवाओं में गूं. जता है और हमें प्रेरणा देता है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी विकट क्यों न हों, यदि संकल्प दृढ़ है तो दुनिया की कोई भी शक्ति आपको गुलाम नहीं बना सकती। आजाद का जीवन त्याग और अनुशासन की पराकाष्ठा था। उन्होंने कभी अपने निजी सुख के बारे में नहीं सोचा। उनकी वह प्रतिमा, जिसमें वे अपनी मूंछों पर ताव देते हुए दिखते हैं, केवल वीरता का प्रदर्शन नहीं है बल्कि वह भारतीय स्वाभिमान की वह चुनौती है, जो हर युग के अत्याचारी शासक को दी जाती रहेगी। भारत की आत्मा में चंद्रशेखर आजाद सदा जीवित रहेंगे क्योंकि जो राष्ट्र के लिए मरते हैं, वे कभी नहीं मरतेय अमर हो जाते हैं।


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# वायरसों का अड्डा है आपका टूथब्रश

**ये वायरस संभवत: हमारे घरों में रसोई के सिंक या रेफ्रिजरेटर जैसी अन्य नम सतहों पर भी मौजूद होते हैं। यह अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालता है कि बैक्टीरियोफेज रोजमर्रा के वातावरण में कैसे काम करते हैं, जिससे शोधकर्ताओं को आसपास छिपी हुई सूक्ष्मजीवी दुनिया को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है। सैन डिएगो स्थित कैलिफोर्निया विश्व. विद्यालय के जैक गिल्बर्ट इसे एक आकर्षक संसाधन के रूप में देखते हैं जो हमारे घरों के अंदर फेज गति. विधि के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान करता है।**

क्या आप जानते हैं कि आपके टूथब्रश और शॉवरहेड में सैकड़ों वायरस हो सकते हैं। लेकिन घबराने की कोई जरूरत नहीं। बैक्टीरियोफेज नामक यह वायरस सिर्फ बैक्टीरिया को संक्रमित करते हैं, इंसानों को इससे कोई खतरा नहीं हैं। उल्टा यह वायरस हमें खतरनाक, दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया से लड़ने के नए तरीके खोजने में मदद कर सकते हैं। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी की एरिका हार्टमैन के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने आम घरेलू सतहों पर वायरस की अदृश्य दुनिया की अधिक जानकारी के लिए अमेरिकी घरों से 92 शॉवरहेड और 36 टूथब्रश का अध्ययन किया। उन्नत डीएनए अनुक्रमण तकनीकों का उपयोग करके, इन नमूनों में उन्होंने 600 से अधिक विभिन्न प्रकार के बैक्टीरियोफेज पाए। इनमें से ज्यादातर वायरस, टूथब्रश में पाए गए और वहां मिले कई वायरस तो विज्ञान के लिए सर्वथा नए थे।

बैक्टीरियोफेज आम तौर पर दो में से किसी एक तरीके से कार्य करते हैं, वे या तो बैक्टीरिया की मशीनरी को हाईजैक कर लेते हैं और अपनी प्रतियां बनाकर अंततः मेजबान बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं या वे बैक्टीरिया के जीनोम में एकीकृत हो जाते हैं और बैक्टीरिया के व्यवहार को बदल देते हैं। ये वायरस संभवतः हमारे घरों में रसोई के सिंक या रेफ्रिजरेटर जैसी अन्य नम सतहों पर भी मौजूद होते हैं। यह अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालता है कि बैक्टीरियोफेज रोजमर्रा के वातावरण में कैसे काम करते हैं, जिससे शोधकर्ताओं को आसपास छिपी हुई सूक्ष्मजीवी दुनिया को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है। सैन डिएगो स्थित



कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के जैक गिल्बर्ट इसे एक आकर्षक संसाधन के रूप में देखते हैं जो हमारे घरों के अंदर फेज गतिविधि के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान करता है। इस शोध की एक दिलचस्प संभावना यह भी है कि दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया से निपटने के लिए नए खोजे गए बैक्टीरियोफेज का उपयोग किया जा सकता है। जब एंटीबायोटिक्स विफल हो जाते हैं, तो इंजीनियर्ड बैक्टीरियोफेज का उपयोग कभी-कभी इन सुपरबग्स को मारने के लिए किया जा सकता है। यह उपचार के लिए एक आशाजनक विकल्प प्रदान करता है। सारतः, साधारण-सा दिखने वाला टूथब्रश अदृश्य वायरसों से भरा और चिकित्सा में उपयोगी हो सकता है।

**-स्रोत फीचर्स**

# अनोखी प्रणयलीला अपनाता है यह पक्षी

वैसे तो कई सारे नर मादा को रिझाने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाते हैं। कई अपने रंग-रूप से लुभाते हैं, कुछ अपनी शक्ति से, कुछ गाकर, तो कुछ नाच कर, लेकिन बॉवरबर्ड कुल ptilonorhynchidae के सदस्यों के नर की प्रणयलीला का अंदाज निराला है। अपनी मादाओं को नर बॉवरबर्ड रिझाते तो नाच-गाकर ही हैं, लेकिन इसके लिए वे पहले पूरा मंच (स्टेज) बनाते हैं, उसे सजाते हैं। और तो और, हालिया अध्ययन बताता है कि वे अपने मंच में ऐसा इंतजाम करते हैं कि उनका गाना मादाओं को मोहित करने के लिए एकदम सही सुरों में सुनाई दे। इतना ही नहीं, वे अपने दर्शकों (मादाओं) के लिए परफॉर्मेंस देखते-देखते खानपान की व्यवस्था भी करते हैं। यानी मूवी के साथ पॉपकॉर्न भी। वास्तव में, अनूठी प्रणयलीला के चलते बॉवरबर्ड के प्रदर्शन पर काफी अध्ययन हुए हैं। लेकिन यह सभी अध्ययन दृश्य इंतजामों और प्रदर्शन तक सीमित थे। पता चला था कि बॉवरबर्ड टहनियां वगैरह इकठी करके मेहराबदार सुंरगनुमा, बॉवर या ऊंची कुटिया बनाते हैं। इसके द्वार से सटे आंगन की सजावट वे कंकड़-पत्थर, शंख, हड्डियों और कांच या प्लास्टिक के रंगीन टुकड़ों से करते हैं। जब यह कुटिया बनकर तैयार हो जाती है तो नर तेज, कर्कश आवाजें निकालकर इसके बारे में मादाओं को सूचना देते हैं। अगर कोई मादा इस पुकार को सुनकर चली आती है, और कुटिया की बनावट और सजावट उसे भा जाती है तो वह अंदर प्रवेश करती है। बस फिर क्या, नर उड़कर (पीछे की ओर बने) आंगन में आ जाता है और अपनी कलाकारी का प्रदर्शन शुरू कर देता है। मादा सुरंगनुमा कुटिया के दरवाजे से आंगन में खड़े नर बॉवरबर्ड का केवल सिर ही देख पाती है। नर का प्रदर्शन भी उसी के अनुरूप होता है। नर बॉवरबर्ड तेज, कर्कश, हिस्स्सकारती हुई आवाज में गाना गाता है। गाने के साथ वह मादा को लुभाने के लिए संटियां, फल जैसी विभिन्न वस्तुएं चोंच से उछाल-उछाल कर दिखाता है, और गर्दन घुमाकर अपने सिर के पीछे बने गुलाबी पंखों का मुकुट भी दिखाता है, लेकिन जैसा कि ऊपर भी कहा गया है कि ये सारे अवलो. कन बॉवरबर्ड की दृश्य गतिविधियों पर केंद्रित थे। डीकिन युनिवर्सिटी के प्रकृति-इतिहासकार जॉन एंडलर जानना चाहते थे कि क्या कुटिया की बनावट और आंगन की सजावट 'गाने' को मादा के लिए रुचिकर बनाने कोई भूमिका निभाते हैं? अपने अध्ययन के लिए उन्होंने उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के निवासी ग्रेट बॉवरबर्ड (Chlamy der-anuchalis) को चुना। पहले तो उनकी टीम ने उत्तरी क्वींसलैंड के वनों में नर बॉवरबर्ड्स के 'प्रेमालाप' की रिकॉर्डिंग की। इसके बाद, उन्होंने कुटिया के प्रवेश द्वार (जहां नर होता है) पर स्पीकर को रखकर इस रिकॉर्डिंग को चलाया, और जहां आम तौर पर मादा का सिर होता है वहां माइक्रोफोन लगाकर ध्वनियों को रिकॉर्ड किया ताकि यह समझा जा सके कि कुटिया के आकार के कारण नर का प्रेमगीत मादा को कैसा सुनाई देता है। फिर, टीम ने व्यवस्थित रूप से कुटिया के आंगन में सजाई गई विभिन्न सजावटी वस्तुओं को हटाया और पता किया कि प्रत्एक सामग्री से कुटिया के अंदर सुनाई पड़ने वाली ध्वनि पर कैसा प्रभाव पड़ता है। बिहेवियोरल इकोलॉजी में प्रकाशित नतीजे बताते हैं कि नर ग्रेट बॉवरबर्ड बेहतरीन साउंड इंजीनियर होते हैं। कुटिया का आकार नर के गीत को ऊंचा कर देता है, जिससे अंदर मौजूद मादा को यह ज्यादा तेज सुनाई देता है। आंगन की सजावट भी आवाज को प्रभावित करती हैय शंख जैसी सख्त सतह भी टकराने वाली आवाज को तेज कर देती हैं। नर ग्रेट बॉवरबर्ड मादा के लिए न सिर्फ आकर्षक भवन, गीत और नृत्य प्रदर्शन का इंतजाम करते हैं बल्कि वे शो के दौरान खाने की चीजों का इंतजाम भी करते हैं। वे कुटिया की दीवारों को लार और वनस्पतियों से रंगते हैं, और उनके प्रदर्शन को देखते हुए मादा इसे चबाती हैं। रिझाने के लिए एक और पैंतरा! देखा जाए तो यह अध्ययन अपने-आप में काफी दिलचस्प है लेकिन इस संदर्भ में कई और चीजें समझना बाकी हैं। जैसे मादा कर्कश या मृदु आवाजों या मोटी-पतली आवाजों में गाए गए प्रेमगीतों पर कैसी प्रतिक्रिया देती हैं।

**-स्रोत फीचर्स**



# भूमध्य सागर सूखने पर जीवन उथल-पुथल हुआ था

अपने सुंदर समुद्र तटों के लिए लोकप्रिय भूमध्य सागर लगभग 60 लाख वर्ष पूर्व पूरी तरह से सूख गया था। भूमध्यसागर लवणीयता संकट के रूप मशहूर इस घटना ने इस क्षेत्र में लगभग सभी समुद्री जीवन को मिटा दिया और नमक की एक मोटी परत छोड़ दी। इसके परिणामस्वरूप क्षेत्र की जैव विविधता गंभीर रूप से प्रभावित हुई। इस घटना के साक्ष्य पहली बार 1970 के दशक में उजागर हुए जब भूवैज्ञानिकों ने समुद्र तल की खुदाई में बड़े पैमाने पर नमक जमा पाया। विशेषज्ञों के अनुसार 60 लाख वर्ष पूर्व पृथ्वी की महाद्वीपीय प्लेटें खिसकने के कारण भूमध्य सागर अटलांटिक महासागर से अलग हो गया, जिसके बाद लगभग 6 लाख वर्षों में समुद्र सूख गया। नतीजतन कोरल रीफ और मछली प्रजातियों से संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र लगभग नमक का बंजर रेगिस्तान बन गया। इस संकट ने समुद्री जीवन को काफी प्रभावित किया, भूमध्य सागर की जैव विविधता को हमेशा के लिए बदल डाला। भूविज्ञानी कॉन्स्टेन्टिना अगियादी और उनकी टीम द्वारा हाल ही में किए गए अध्ययन ने इस विलुप्ति की घटना और उसके बाद की बहाली के बारे में नई जानकारी प्रदान की है। उन्होंने संग्रहालयों में उपलब्ध 1.2 करोड़ से 35 लाख वर्ष पुराने 23,000 से अधिक जीवाश्मों का विश्लेषण किया, जिससे 1755 वंशों (जेनेरा) की 4903 प्रजातियों का पता चला जो कभी भूमध्य सागर में निवास करती थीं। इस शोध से एक गंभीर तस्वीर सामने आई हैरू जीवंत कोरल रीफ सहित लगभग 800 प्रजातियां पूरी तरह से विलुप्त हो गईं। केवल सार्डीन और मैनेटी से सम्बंधित समुद्री स्तनधारियों जैसी केवल 86 प्रजातियां इस आपदा से बच पाईं।

लगभग 50,000 वर्षों के बाद, टेक्टोनिक प्लेटों के विचरण ने भूमध्य सागर को अटलांटिक से फिर से जोड़ दिया और समुद्र का पानी सूखे हुए बेसिन में वापस बहने लगा। लगभग 2700 प्रजातियां इस क्षेत्र में पुनरू आबाद हो गईं। हालांकि, वे सभी प्रजातियां वापस नहीं पनप सकीं जो पहले यहां रहा करती थीं। आजकल की प्रजातियों में नई प्रजातियां अधिक हैं। जैसे, ग्रेट व्हाइट शार्क, डॉल्फिन वगैरह।



पटना। होली उत्सव के दौरान पटना महिला कॉलेज की छात्राएं।

## एपस्टीन फाइल्स में बिकिनी पहनी महिला के साथ दिखे वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग

**वाशिंगटन।** जेफ्री एपस्टीन से जुड़े हाल में सामने आए दस्तावेजों में एक पुरानी तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें दिवंगत ब्रिटिश वैज्ञानिक स्टीफन हाकिंग दो बिकिनी पहनी महिलाओं के साथ नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर 2006 की बताई जा रही है। परिवार ने साफ किया है कि फोटो में दिख रही महिलाएं उनकी लंबे समय से देखभाल करने वाली केयरगिवर थीं और किसी भी तरह के अनुचित व्यवहार के आरोप निराधार हैं। तस्वीर कथित तौर पर कैरेबियाई द्वीप सेंट थामस के रिट्ज-कार्लटन होटल में ली गई थी। यहां मार्च 2006 में एपस्टीन ने एक वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन कराया था। उस कार्यक्रम में 21 अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक शामिल हुए थे।

# यह इंडिया है, नॉर्थ कोरिया नहीं: राहुल गांधी

■ कहा: शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट डेमोक्रेसी की आत्मा, यूथ कांग्रेस मेंबर्स के खिलाफ एक्शन पर पीएम मोदी की आलोचना की

**नई दिल्ली।** नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को यूथ कांग्रेस मेंबर्स के खिलाफ एक्शन पर राहुल ने पीएम मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की सरकार और नार्थ कोरिया के तानाशाही शासन एक जैसा है। ये इंडिया है, नार्थ कोरिया नहीं।

राहुल ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट डेमोक्रेसी की आत्मा है। यह कोई अपराध नहीं है। उन्होंने पूछा जब आदिवासी अपने जल, जंगल, जमीन के हक के लिए खड़े हुए, तो उन पर भी शक की नजर डाली गई। यह कैसा लोकतंत्र है, जहां पीएम सवालों से डरते है? जहां असहमति को कुचलना शासन का स्वभाव बनता जा रहा है? दरअसल, दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस मेंबर्स ने शर्ट उतार कर प्रोटेस्ट किया था। इस संबंध में दिल्ली पुलिस 3 सदस्यों को गिरफ्तार करने शिमला पहुंची थी। इसके बाद हिमाचल पुलिस ने दिल्ली पुलिस को उन्हें ले जाने से रोक लिया था। राहुल ने ये बातें गिरफ्तार तीन यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिल्ली वापस लाने की इजाजत मिलने के बाद कही। राहुल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा किसोचिए मुद्दा कोई भी हो, अगर आप सत्ता के खिलाफ संवैधानिक तरीके से आवाज उठाते हैं, तो लाठी, मुक. दमा और जेल, यह लगभग तय है।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले: ईरान आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़

## कहा: सनकी और क्रूर शासन को परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दे सकते



■ बातचीत कितने समय तक जारी रखनी है, इसका अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे: वेंस

**वाशिंगटन।** मिडिल ईस्ट में अमेरिकी वारशिप और सैनिकों की तैनाती के बीच उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान को सख्त संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की कूटनीति को कमजोरी न समझा जाए और जरूरत पड़ी तो सैन्य विकल्प भी इस्तेमाल होगा।

वेंस ने कहा कि सैन्य कार्रवाई की धमकियों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। फाक्स न्यूज से बात. चीत में वेंस ने कहा- हमें ऐसी स्थिति में पहुंचना होगा जहां ईरान, जो दुनिया में आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़ है, परमाणु आतंकवाद से दुनिया को धमकी न दे सके। सनकी, क्रूर और दुनिया के सबसे खतरनाक शासन को परमाणु हथियार रखने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प कूटनीतिक समाधान चाहते हैं, लेकिन उनके पास अन्य विकल्प भी मौजूद हैं और वे उनका इस्तेमाल करने की इच्छा दिखा चुके हैं। ट्रम्प ने बुधवार को संसद में अपने संबोधन के दौरान आरोप लगाया था कि ईरान अमे. रिका तक मार करने में सक्षम मिसाइलें विकसित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान पिछले साल अमेरिकी हमलों के बाद अपने परमाणु कार्यक्रम को दोबारा खड़ा करने की कोशिश कर रहा है। जब वेंस से पूछा गया कि क्या ईरान के सर्वोच्च नेता को हटाना भी अमेरिका का लक्ष्य है, तो उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे। वेंस ने कहा कि बातचीत कितने समय तक जारी रखनी है, इसका अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे। उन्होंने कहा हम कोशिश जारी रखेंगे। लेकिन राष्ट्रपति के पास यह अधिकार है कि वे तय करें कि कूटनीति अपनी सीमा तक पहुंच गई है या नहीं।

## पीओके पर भारत की पाक को फटकार, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में सुनवाई खरी-खरी

# जबरन कब्जे वाले इलाके खाली करो

■ पाकिस्तान का लगातार दुष्प्रचार ईर्ष्या से भरा हुआ है: अनुपमा सिंह

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए तगड़ी फटकार लगाई है। भारत ने इस्लामाबाद पर दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि जम्मू और कश्मीर का विकास पथ पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं के बिल्कुल विपरीत है।

23 फरवरी से 31 मार्च तक आयोजित हो रहे सत्र में 25 फरवरी को आयोजित उच्चस्तरीय सत्र के दौरान भारत के जवाब देने के अधिकार का प्रयोग करते हुए भारत की प्रतिनिधि अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इस समूह ने खुद को एक सदस्य देश के लिए 'प्रतिबिंब कक्ष' के रूप में इस्तेमाल होने दिया है।

अनुपमा सिंह ने कहा कि हम इन आरा. ेपों को सिरे से खारिज करते हैं। साथ ही यह भी जोड़ा कि पाकिस्तान का लगातार दुष्प्रचार ईर्ष्या से भरा हुआ है। सिंह ने भारत के उस चिरस्थाई रुख को दोहराया कि जम्मू और कश्मीर 'भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा।' उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता अधि. नियम और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार, 1947 में इस क्षेत्र का भारत में विलय पूरी तरह से कानूनी और अपरिवर्तनीय था। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से संबंधित एकमात्र लंबित विवाद पाकिस्तान द्वारा भारतीय क्षेत्रों पर अवैध कब्जा है और उन्होंने इस्लामाबाद से अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों को खाली करने को कहा। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के नियमित सत्र के उच्च स्तरीय खंड में, जिनेवा में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने कहा कि पाकिस्तान और ओआईसी द्वारा उच्च स्तरीय खंड के दौरान उठाए गए मुद्दों के जवाब में भारत को अपने उत्तर देने के अधिकार का प्रयोग करने के लिए विवश होना पड़ा है। हम इन आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के दुष्प्रचार को दो. हराकर, ओआईसी यह प्रकट करता है कि वह किस हद तक एक सदस्य देश के प्रभाव में आ गया है, और उस देश की राजनीतिक बाध्यताओं के लिए एक प्रतिध्वनि कक्ष बनकर रह गया है। पाकिस्तान का निरंतर दुष्प्रचार ईर्ष्या से भरा है। हम इसे महत्व नहीं देना चाहते, लेकिन तथ्यों के आधार पर इसका खंडन करने के लिए हम कुछ बिंदु उठाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। पाकिस्तान की किसी भी प्रकार की मनगढ़ंत बयानबा. जी या दुस्साहसी दुष्प्रचार इस अटल तथ्य को नहीं बदल सकता कि जम्मू और कश्मीर का भारत में विलय 1947 के भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार पूरी तरह से कानूनी और अपरिवर्तनीय था। वास्तव में, एकमात्र लंबित मुद्दा यह पाकिस्तान द्वारा भारतीय क्षेत्रों पर अवैध कब्जा है। हम पाकिस्तान से जबरन कब्जे वाले क्षेत्रों को खाली करने का आह्वान करते हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर में आम चुनाव और विधानसभा चुनावों में रिकॉर्ड मतदान इस बात का प्रमाण है कि वहां की जनता ने पाकिस्तान द्वारा प्रचारित आतंकवाद और हिंसा की विचारधारा को खारिज कर दिया है और विकास और लोकतंत्र के पथ पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि अगर पिछले साल जम्मू और कश्मीर में उद्घाटन किया गया दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल, चेनाब रेल पुल, फर्जी माना जाता है, तो पाकिस्तान को हकीकत की दुनिया में रहना चाहिए या शायद उसे यह अविश्वसनीय लगता है कि जम्मू और कश्मीर का विकास बजट आईएमएफ से मांगे गए हालिया राहत पैकेज से दोगुने से भी अधिक है।

## भारत-इजरायल की दोस्ती से पाक चिंतित



■ पीएम मोदी की यात्रा के दौरान भारत और इजरायल के बीच संबंध और मजबूत हुए

**इस्लामाबाद।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर इजरायलमें हैं। पीएम मोदी को इस दौरे पर इजरायल का सर्वोच्च सम्मान दिया गया है। पीएम मोदी की यात्रा के दौरान भारत और इजरायल के बीच संबंध और मजबूत हुआ है। वहीं भारत इजरायल के बीच इस दोस्ती को देखकर पाकिस्तान को झटका लगा है।

पाकिस्तान की घबराहट उसके हालिया प्रस्ताव में साफ दिखाई दे रही है। दरअसल, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पीएम मोदी के इस दौरे पर भारत और दूसरे देशों के साथ क्षेत्रीय गठबंधन बनाने के बारे में बताया, जिसका नाम हेक्सागन अलायंस होगा। पाकिस्तान को पीएम नेतन्याहू की ये बात चुभ रही है। तभी तो पाकिस्तान ने इजरायली प्रधानमंत्री के खिलाफ प्रस्ताव पास कर दिया है। भारत और इजरायल रक्षा, व्यापार और सुरक्षा क्षेत्रों में संबंध मजबूत करने पर फोकस कर रहे हैं। भारत और इजरायलने एक सुरक्षा एमओयू पर भी हस्ताक्षर किया है जो भारत में हथियार की व्यवस्था को एक साथ विकसित करने पर फोकस है। यह समझौता आयरन डोम को भारत में इजरायलके सहयोग से विकसित करने पर हुआ है।

## अमेरिका उत्तर कोरिया के परमाणु राष्ट्र संपन्न दर्जा स्वीकार करे: किम जोंग उन

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा है कि यदि अमेरिका अपनी शत्रुतापूर्ण नीति छोड़कर उत्तर कोरिया के परमाणु संपन्न राष्ट्र के संवैधानिक दर्जे को स्वीकार करता है, तो उत्तरी कोरिया अमे. रिका के साथ संबंधों को सुधारने के लिए तैयार होगा। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया की नौवीं कांग्रेस के अवसर पर आयोजित एक परमाणु सैन्य परेड में किम ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका उत्तर कोरिया के संविधान में परिभाषित परमाणु राष्ट्र की वर्तमान स्थिति का सम्मान करता है और उत्तर कोरिया के प्रति अपनी शत्रुतापूर्ण नीति वापस लेता है, तो ऐसा कोई कारण नहीं है कि हम अमेरिका के साथ अच्छे संबंध स्थापित न कर सकें। किम ने कहा कि अमेरिका और उत्तर कोरिया साथ चल सकते हैं, लेकिन केवल तभी जब अमेरिका यह स्वीकार कर ले कि उत्तर कोरिया के परमाणु हथियार स्थाई रूप से रहेंगे। उत्तरी कोरिया के सुप्रीम लीडर की टिप्पणियों को अप्रैल में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चीन यात्रा से पहले अमेरिका के साथ बातचीत का रास्ता खोलने के रूप में देखा गया।

# चीन के वैश्विक जासूसी नेटवर्क का खुलासा



■ हैकिंग समूह ने दुनिया भर के 42 देशों के कम से कम 53 प्रमुख संगठनों के डेटा में सेंध लगाई थी

**न्यूयार्क।** तकनीकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल ने एक बेहद संगठित और खतरनाक अंतर्राष्ट्रीय साइबर जासूसी नेटवर्क को ध्वस्त करने का दावा किया है।

गूगल ने बताया कि चीन से जुड़े एक हैकिंग समूह यूएनसी2814 (जिसे गैलियम भी कहा जाता है) ने दुनिया भर के 42 देशों के कम से कम 53 प्रमुख संगठनों के डेटा में सेंध लगाई थी। गूगल थ्रेट इंटेलिजेंस ग्रुप के मुख्य विश्लेषक जान हल्टक्विस्ट ने कहा कि यह एक विशाल जासूसी तंत्र था, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर व्यक्तियों और विशिष्ट संस्थानों की निगरानी करना था। यह समूह लगभग एक दशक से सक्रिय है। वैसे, गूगल ने स्पष्ट किया कि यह किसी उत्पाद की तकनीकी खामी नहीं, बल्कि प्लेटफार्म का दुरुपयोग था। हैकरों ने ग्रिडटाइड नामक एक गुप्त बैकडोर स्थापित किया था, जिससे उन्हें लोगों के नाम, फोन नंबर, जन्म तिथि, मतदाता पहचान पत्र और नेशनल आईडी जैसे बेहद निजी डेटा तक पहुंच मिल गई थी। हल्टक्विस्ट ने कहा कि जासूसी नेटवर्क विशेष रूप से सरकारी संस्थाओं और दूरसंचार कंपनियों को अपना निशाना बनाता रहा है। हालांकि, गूगल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हैकिंग समूह की ओर से नियंत्रित क्लाउड प्रोजेक्ट को बंद कर दिया है और उनके इंटरनेट बुनियादी ढांचे को निष्क्रिय कर दिया है। हमलों का उद्देश्य काल डाटा रिकॉर्ड और एसएमएस संदेशों की चोरी करना था।

## ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता का तीसरा दौर शुरू

■ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य जमावड़े के कारण दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर

**जिनेवा।** स्विट्जरलैंड के जिनेवा में ओमान की मध्यस्थता के तहत ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता का तीसरा दौर गुरुवार को शुरू हो गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह वार्ता ऐसे समय में हो रही है जब पश्चिम एशिया में अमे. रिकी सैन्य जमावड़े के कारण दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है। इससे पहले वार्ता के पहले और दूसरे दौर इस महीने की शुरुआत में मस्कट और जिनेवा में आयोजित किए गए थे।

इससे पहले ओमान के विदेश मंत्रालय ने बताया कि विदेश मंत्री बद्र अल्बुसैदी ने बुधवार शाम जिनेवा में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों मंत्रियों ने हाल के घटनाक्रमों की समीक्षा की। इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि उनका देश परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा क्योंकि सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने ऐसे हथियारों के विकास प्रतिबंध लगा रखा है। पेजेशकियन ने कहा कि किसी समाज का धार्मिक नेता राजनेताओं की तरह झूठ नहीं बोल सकता और जब उन्होंने घोषणा कर दी है कि हमारे पास परमाणु हथियार नहीं होंगे, तो इसका मतलब है कि हम इसे नहीं बनाएंगे।

## मार्च की शुरुआत मे हो सकती है अमेरिका, यूक्रेन रूस के बीच बैठक

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेन, अमेरिका और रूस के प्रतिनिधिमंडलों के बीच अगले दौर की बातचीत मार्च की शुरुआत में होने की उम्मीद है। स्थानीय मीडिया ने जेलेंस्की के हवाले से कहा कि बातचीत से पहले यूक्रेन के मुख्य वार्ताकार एवं राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा परिषद सचिव रुस्तम उमरोव गुरुवार को अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और जैरेड कुशनर से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस द्विपक्षीय बैठक में आगामी तीन-तरफा बातचीत की तैयारियों, यूक्रेन की पुनर्निर्माण निधि और यूक्रेन तथा रूस दोनों देशों के बीच कैदियों की संभावित अदला-बदली पर ध्यान दिया जाएगा।

# पुलिस थानों में सीसीटीवी की कमी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## अदालत ने दिए केंद्र सरकार को बैठक में शामिल होने के निर्देश, 14 मार्च को अहम मीटिंग

■ 21 फरवरी को हुई बैठक में केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और कुछ राज्य शामिल नहीं हुए, जिससे रिपोर्ट दाखिल नहीं हो सकी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को निर्देश दिया है कि वे एक केंद्रीयकृत डैशबोर्ड और सीसीटीवी मानकीकरण से जुड़ी बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लें।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे द्वारा दी गई दलीलों के बाद यह आदेश पारित किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश एमिकस क्यूरी द्धन्यायालय का मित्रऋ वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे की दलील पर दिया। दवे ने बताया कि 21 फरवरी को हुई बैठक में केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और कुछ राज्य शामिल नहीं हुए, जिससे रिपोर्ट दाखिल नहीं हो सकी। इस दलील पर ध्यान देते हुए कोर्ट ने आदेश दिया कि भारत सरकार के वकील ने पहले ही क्षमा मांग ली है कि संचार में कुछ गड़बड़ी के कारण वे बैठक में शामिल नहीं हो सके। हालांकि, उन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि अगली बैठक में वे पूरा सहयोग देंगे। पीठ ने कहा कि अतिरिक्त मित्र ने बैठक के लिए 14 मार्च, 2026 की तारीख सुझाई है। बैठक पहले दिए गए निर्देशानुसार 14 मार्च, 2026 को आयोजित की जाए। कोर्ट ने कहा कि अगली बैठक 14 मार्च 2026 को होगी और सभी पक्षों को सहयोग करना होगा। मामले की अगली सुनवाई 23 मार्च को तय की गई है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में पुलिस थानों में मानवाधिकार उल्लंघन रोकने के लिए सीसीटीवी लगाने का आदेश दिया था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए पुलिस स्टेशनों में कार्यात्मक सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर स्वत: संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका दर्ज करने का निर्देश दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने 2018 में मानवाधिकारों के हनन की जांच के लिए पुलिस स्टेशनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया था। दिसम्बर 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को सीबीआई, ईडी और राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्धएनआईएऋ सहित जांच एजेंसियों के कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे और रिकार्डिंग उपकरण लगाने का निर्देश दिया था। इसमें कहा गया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक पुलिस स्टेशन में, सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं पर, मुख्य द्वार पर, लाक-अप में, गलियारों में, लाबी और रिसेप्शन में, साथ ही लाक-अप कमरों के बाहर के क्षेत्रों में भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं ताकि कोई भी हिस्सा बिना सुरक्षा के न रह जाए।

## ब्राजील में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हुई

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी मिनास गेरैस राज्य में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है, जबकि 21 लोग अभी भी लापता हैं। प्रशासन की ओर से बुधवार को आए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, सबसे ज्यादा प्रभावित शहर जुइज डे फोरा में 40 मौतें हुई हैं, जबकि पास की उबा नगरपालिका में छह मौतों की खबर है। अधिकारियों ने बताया कि जुइज डे फोरा में 19 और उबा में दो लोग लापता हैं। जुइज डे फोरा में लगभग 3000 लोग और उबा में 26 लोग बेघर हो गए हैं, जबकि भूस्खलन और बाढ़ के खतरे के कारण क्रमश: 400 और 178 लोगों को निकाला गया है।

# कनाडाई धरती पर अपराधों से नहीं जुड़ा भारत: कनाडा

## पीएम कार्नी के भारत दौरे से पहले दोनों देशों के बीच तनाव खत्म होने की संभावनाओं का संकेत दिए

■ भारत में मुंबई और नई दिल्ली का दौरा करने के बाद कार्नी ऑस्ट्रेलिया और जापान भी जाएंगे



**ओटावा।** प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के भारत दौरे से पहले कनाडा ने दोनों देशों के बीच तनाव खत्म होने की संभावनाओं का संकेत देते हुए कहा है कि भारत अब उसकी सरजमीन पर हिसक अपराधों में शामिल नहीं है। टोरोंटो स्टार की ओर से प्रकाशित एक खबर के अनुसार, एक वरिष्ठ कनाडाई अधिकारी ने बुधवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि कनाडा सरकार को विश्वास है कि अब इस तरह की घटनाएं नहीं हो रहीं।

रिपोर्ट में अधिकारी के हवाले से कहा गया कि हमारा कूटनीतिक आदान-प्रदान बहुत मजबूत है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच भी है। मुझे लगता है कि अब यह कह सकते हैं कि उस तरह की कोई गतिविधि जारी नहीं है। अप्रैल 2025 में कनाडा की कमान संभालने वाले कार्नी गुरुवार को भारत के लिए रवाना होंगे। यह उनके हिंद-प्रशांत दौरे का पहला पड़ाव होगा। भारत में मुंबई और नई दिल्ली का दौरा करने के बाद कार्नी ऑस्ट्रेलिया और जापान भी जाएंगे। इस दौरे का लक्ष्य द्विपक्षीय संबंधों को फिर से कायम करना और व्यापार, ऊर्जा, तकनीक, रक्षा एवं कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) में सहयोग का विस्तार करना है। उल्लेखनीय है कि कनाडा ने 2023 में खालिस्तान-समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाया था, जिसके बाद दोनों देशों के बीच कूटनीतिक रिश्ते कटु हो गए थे। इस विवाद के कारण दोनों देशों ने अक्टूबर 2024 में उच्चायुक्तों और राजनयिकों को वापस बुला लिया गया। कार्नी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से दोनों देशों ने अपने-अपने उच्चायुक्तों को काम पर लौटा दिया है। अधिकारियों का कहना है कि वरिष्ठ स्तर पर व्यवस्थित बातचीत ने संवाद के लिए रास्ता बनाया है। अपने भारत दौरे पर कार्नी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अन्य उद्यमियों से मिलकर दोनों देशों के बीच आर्थिक और निवेश संबंध मजबूत करेंगे। साल 2024 में भारत कनाडा का सातवां सबसे बड़ा व्यापार-साथी था। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 30.8 अरब डॉलर था। नों ही देश फिलहाल एक विस्तृत आर्थिक साझेदारी समझौते पर बातचीत कर रहे हैं जिससे व्यापार 2030 तक 70 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है।

# यूक्रेन संकट के राजनीतिक समाधान की मांग

■ चीन ने कहा: देशों की प्रादे. शिक अखंडता का सम्मान जरूरी

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र स्थित चीनी स्थाई मिशन के राजनयिक थंग फेइ ने एक आपात विशेष यूएन महासभा में यूक्रेन संकट के राजनीतिक समाधान की मांग की। शांति के समर्थन पर फैसले का मसौदा पारित होने के बाद अपने भाषण में थंग फेइ ने कहा कि वर्तमान नाजुक वक्त में चीन को इंतजार है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय संकट के राजनीतिक समाधान के लिए लाभकारी वातावरण तैयार करेगा।

उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि यूएन महासभा शांति के लिए रचनात्मक भूमिका निभाएगी। चीन इस संकट के राजनीतिक समाधान के लिए सकारात्मक कोशिश जारी रखेगा। थंग फेइ ने कहा कि चीन अभी यूएन महासभा के फैसले मसौदे पर मतदान से अलग हुआ है। चीन का हमेशा से विचार है कि विभिन्न देशों की प्रभुसत्ता और प्रादे. शिक अखंडता का सम्मान करना जरूरी है, और साथ ही यूएन चार्टर के सिद्धांतों का पालन करना है। विभिन्न पक्षों की सुरक्षा चिंताओं को महत्व देना है और संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए लाभदायक सभी कोशिशों का समर्थन करना चाहिए। थंग फेइ ने कहा कि समस्या का जड़ से समाधान करना चाहिए ताकि अधिक संतु. लित, प्रभावी और सतत् यूरोपीय सुरक्षा ढांचा बन जाए। जिनेवा में होने वाली महत्वपूर्ण बैठक से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने फोन पर विस्तार से चर्चा की। इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को समाप्त करने का रास्ता खोजना है। यूक्रेनी राष्ट्रपति का मानना है कि इन बैठकों के माध्यम से बातचीत को शीर्ष नेताओं के स्तर तक ले जाने का मौका मिलेगा।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108